ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● श्रावण कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 12 अगस्त 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 190 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

रानी मुखर्जी ने दूसरी बार गर्भवती होने पर ... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम ने दाखिल की जमानत याचिका

रांची। ईडी कोर्ट में शुक्रवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गई है। वीरेंद्र राम ने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में जमानत याचिका दाखिल की है। इससे पहले वीरेन्द्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी ने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।
उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

यूपी एसटीएफ ने कुंदन को किया गिरफ्तार

रांची। उत्तर प्रदेश एसटीएफ की टीम ने शुक्रवार को रांची में छापेमारी कर ठगी के आरोपी कुंदन कुमार को कांके थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को उसे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर उत्तर प्रदेश के कानपुर ले जाया गया। कुंदन पर 2 करोड़ 65 लाख 88 रुपये की साइबर ठगी का आरोप है। वह मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला है। फिलहाल कांके रोड में रहता था। एसटीएफ की टीम ने कांके थाना पुलिस के सहयोग से कुंदन को छापेमारी कर गिरफ्तार किया।

दहेज हत्या में देवर-भाभी को 10 वर्ष की कारावास

पलामू। जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने शुक्रवार को दहेज हत्या के मामले में रेहला थाना के कुंडी निवासी पति इरसाद खान उर्फ सोनू खां और गौतनी सीमा बीवी (देवर-भाभी) को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में गढ़वा के मेराल थाना के टिकुलिया निवासी मृतका के पिता मेहंदी हुसैन खां ने छह लोगों के विरुद्ध रेहला थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

ट्रक की चपेट में आने से बच्ची की मौत

दुमका। जामा थाना क्षेत्र के दुमका मसलिया मुख्यमार्ग पर बेदिया चौक के पास शुक्रवार को ट्रक की चपेट में आ जाने से परी कुमारी (5) की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। इस दुर्घटना के बाद ट्रक मसलिया की तरफ फरार हो गया। लेकिन मसलिया पुलिस की तत्परता और ग्रामीणों की मदद से मसलिया थाना क्षेत्र के जिरुलिया के पास ट्रक को पकड़ लिया गया और चालक को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।

फर्जी नक्सली सरेंडर मामले में केंद्र-राज्य सरकार ने मांगा समय

रांची। राज्य में 512 आदिवासी युवाओं को फर्जी नक्सली बताकर सरेंडर करवाने के मामले में झारखंड काउंसिल फॉर डेमोक्रेट राइट की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के लिए हाईकोर्ट से समय मांगा। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शुक्रवार को उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के गृह सचिव को 512 युवाओं के सरेंडर मामले में सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, जिस पर कोर्ट ने केंद्र एवं राज्य सरकार से पूछा था कि क्या सरेंडर कराए जाने वाले 512 युवाओं को सीआरपीएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर पुराने जेल कम्पाउन्ड जेल रोड रांची में रखकर प्रशिक्षण दिलाया गया।

झारखंड कैबिनेट : सरकार ने 30 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

7 जिलों में ओबीसी को ईडब्लूएस कोटि में आरक्षण का लाभ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला स्तरीय नियुक्तियों में ओबीसी आरक्षण को लेकर अहम फैसला लिया गया। मंत्रिमंडल के बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि वैसे सात जिलों में जहां पिछड़ा व अत्यंत पिछड़ा वर्ग का आरक्षण जिला स्तरीय नियुक्तियों में शून्य था, वहां ईडब्लूएस के 10 प्रतिशत कोटे में इन्हें आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। मार्च 2023 में राज्य सरकार ने जिला स्तरीय नियुक्तियों में आरक्षण संबंधी आदेश जारी किया था। लोहरदगा, गुमला, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, दुमका, लातेहार के ओबीसी को ईडब्लूएस का लाभ मिलेगा। नियुक्तियों में वह ईडब्लूएस कोटे के तहत आवेदन दे सकते हैं।

पुलिस को सौगात, चाईबासा में तीन नये थाने खुलेंगे

राज्य कैबिनेट ने पुलिसिंग को लेकर भी बड़ा फैसला लिया है। राज्य में जहां ए, बी और सी श्रेणी के थानों के संचालन के लिए स्थायी अग्रिम की राशि में बढ़ोतरी की गई है। ए श्रेणी थानों को 20 हजार से बढ़ाकर 40 हजार, बी श्रेणी के थानों को 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार व सी श्रेणी के थानों को 10 से बढ़ाकर 20 हजार अग्रिम की राशि थानों के संचालन व केस के अनुसंधान के लिए दी जाएगी। वहीं घोर नक्सल प्रभाव वाले पश्चिमी सिंहभूम जिले में सेरेंगदाग समेत तीन घोर नक्सल प्रभाव वाले गांवों में थाने खुलेंगे। गुमला में भी सिसई को पुलिस अंचल के तौर पर अपग्रेड किया गया है।

इन प्रस्तावों को भी कैबिनेट की सहमति

- झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा वित्तिय वर्ष 2015-16 में ली गई 6136.37 करोड़ रुपये की राशि में तीन चौथाई हिस्सा 4602 करोड़ अनुदान व एक चौथाई हिस्सा 1534 करोड़ पूंजी में परिवर्तित। उदय योजना के तहत यहा राशि दी गई थी।
- पुलिस की ध्रुव हेलीकॉप्टर के लिए पूर्व स्वीकृत तीन पायलट की अनुबंध राशि की अभिवृद्धि। पूर्व में प्रतिमाह पांच लाख राशि मासिक से बढ़ाकर 5.50 लाख की गई।
- दुमका जलाशय के पुनरूद्धार एवं मुख्य नहरों की लाइजनिंग के लिए 3470 करोड़ के प्राक्कलन राशि की स्वीकृति
- पंचायत भवनों में डिजिटल पंचायत केंद्र की स्थापना के लिए डिजिटल पंचायत योजना की स्वीकृति। कामन सर्विस इंडिया लिमिटेड से एमओयू किया गया है।
- भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के झारखंड राज्य बंदोबस्त कार्यालय में मुसंरीम सेवा संवर्ग नियमावली 2023 का गठन। दसवीं व बारहवीं उतीर्ण होने की बाध्यता खत्म की गई।
- 31 मार्च 2021 को खत्म हुए वित्तिय वर्ष के लिए महालेखा परीक्षक का लिखित प्रतिवेदन विधानसभा के पटल पर रखने की स्वीकृति
- रांची में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्राफी 2023 के आयोजन के क्रम में खर्च होने वाली राशि की स्वीकृति। कुल 13 करोड़ की राशि खर्च होनी है।
- केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 20 के तहत संचालित पोषण अभियान योजना के कार्यान्वयन संबंधी मार्गनिर्देश में संशोधन की स्वीकृति
- जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्टों के वार्षिक प्रतिवेदन विधानसभा में प्रस्तुत करने के संबंध में स्वीकृति
- सातवें वित्त आयोग के अनुशंसा के आलोव में सरकारी सेवकों के भत्तों में संशोधन की स्वीकृति। हवाई यात्रा को लेकर अफसरों की सुविधाओं में परिवर्तन किया गया है।
- गुमला जिला के सिसई पुलिस अंचल के सृजन की स्वीकृति
- हाईकोर्ट द्वारा गठित द हाईकोर्ट्स आफ झारखंड (कंडीशंस आफ इगेजमेंट्स आफ को टर्मिनस इंप्लोइज) रूल्स 2019 पर राज्यपाल के अनुमोदन प्राप्त करने के नामित प्रस्ताव नियमावली पर स्वीकृति
- रांची सिविल कोर्ट में निर्माण के लिए 35.70 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति
- झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद आवश्यक मदों में व्यय के लिए बीज धन की स्वीकृति
- सरकारी पारा मेडिकल संस्थानों से सफल छात्र - छात्राओं को एक साल के लिए राज्य अस्पतालों में बांड आधारित सेवाएं देने के संबंध में स्वीकृति, शपथ पत्र का पालन नहीं होने पर एक लाख वसूली की जाएगी।
- राज्य सरकार के वैसे कर्मी जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया दिनांक एक दिसंबर 2004 के पूर्व पूर्ण हो लेकिन एक दिसंबर 2004 के बाद नियुक्त हुए हों, उन्हें पुराने पेंशन का लाभ मिलेगा।
- वन टाइम सेटलमेंट जुलाई से सितंबर 2023 का अवधि बिस्तार
- झारखंउ आफ्टेर केयर 2023 नियमावली के गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति
- एकलव्य प्रशिक्षण योजना के लिए विस्तृत मार्गदर्शिका को स्वीकृति।
- वित्त आयोग के अध्यक्ष व सदस्य की नियुक्ति की प्रक्रिया नियमावली में संशोधन
- बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के असमायोजित कर्मियों का समायोजन व वित्तिय लाभ देने की स्वीकृति। कुल 67 कर्मियों को लाभ मिलेगा
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित परिवार के लिए चनादाल वितरण की संशोधित योजना की स्वीकृति

सीएम ने छात्रवृत्ति योजना के विद्यार्थियों को किया सम्मानित, बोले

आप पढ़ें, सरकार करेगी मदद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अगर आप शिक्षित होंगे तो आपकी अगली पीढ़ी भी निश्चित तौर पर पढ़ेगी। इसी बात को ध्यान में रखकर शिक्षा समेत सभी क्षेत्रों में नई शुरूआत कर रहे हैं। इसके तहत कड़ी से कड़ी जोड़कर व्यवस्था को मजबूत और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं । बच्चों की पढ़ाई के प्रति लगाव और उत्सुकता बनी रहे, इसके लिए कई योजनाएं शुरू की है। ताकि, आर्थिक अभाव की वजह से कोई भी प्रतिभावान विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित ना रहे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए चयनित 25 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सीएम फैलोशिप प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इस प्रोग्राम के तहत दुनिया के 100 विश्वविद्यालयों में झारखंड के स्कॉलर्स को एमफिल और पीएचडी जैसे कोर्सेज के लिए वित्तीय सहायता सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।

प्रतिभावान बच्चों को हुनर दिखाने का मिलेगा मौका

शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की मुहिम जारी

बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेवारी सरकार ने ले रखी है

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों- मूल वासियों में हुनर की कोई कमी नहीं है। लेकिन, उचित प्लेटफार्म नहीं मिलने से इनकी प्रतिभा गुम हो जाती थी। जब हमारी सरकार बनी तो हमने इसकी वजहों को जानने का प्रयास किया। इस क्रम में पता चला कि यहां की शिक्षा व्यवस्था एक ताश के पत्ते की तरह है, जो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

2021 में इस योजना की हुई थी शुरूआत

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृति योजना के तहत 25 प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इनमें अनुसूचित जनजाति श्रेणी के 10 और अनुसूचित जाति, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के 15 छात्र-छात्राओं का चयन इस वर्ष इस योजना के लिए हुआ है। सभी चयनित विद्यार्थियों को यूनाइटेड किंग्डम और नॉर्दर्न आयरलैंड के प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए छात्रवृति मिलेगी।

विष्णु-प्रेम प्रकाश को आमने सामने बैठाकर होगी पूछताछ

जैमिनी इंटरप्राइजेज नाम की कंपनी को छद्म तरीके से चलाता था प्रेम

चेशायर होम रोड की जमीन डील के बाद पुनीत भार्गव ने जैमिनी के खाते में जमा कराए थे पैसे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सत्ता के गलियारे में चर्चित पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश और कारोबारी विष्णु अग्रवाल को ईडी आमने सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। ईडी की पूछताछ में विष्णु अग्रवाल ने चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की खरीद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करने के मामले में प्रेम प्रकाश की भूमिका का खुलासा किया है। प्रेम प्रकाश के बारे में जो खुलासे विष्णु अग्रवाल ने किए हैं, उसका सत्यापन आमने-सामने की पूछताछ में शनिवार से कराया जाएगा।

पुनीत को आए पैसे भेजे प्रेम के शेल कंपनी के खाते में : ईडी ने खुलासा किया है कि विष्णु कुमार अग्रवाल ने एक एकड़ जमीन की खरीद के मामले में प्रेम के सहयोगी पुनीत भार्गव की कंपनी शिवा फैबकान्स के खाते में एक करोड़ 78 लाख 20 हजार रुपये डलवाए। 24 जून 2021 को विष्णु अग्रवाल ने अपनी कंपनी आदर्श हाईट्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते से पुनीत भार्गव के खाते में 1,01,57400 रुपये आए। इसके ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद, एक की हालत गंभीर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल मुन्ना कुमार और सुशांत कुमार घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें हेलीकॉप्टर से रांची ले जाया गया लेकिन रांची के मेडिका में एक जवान की मौत हो गयी। नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ जवान सुशांत कुमार को सीने के पास गोली लगी थी। इसके बाद उनको एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। मेडिका में भर्ती कराने बाद चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में शहीद सीआरपीएफ जवान सुशांत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सीएम ने शहीद हुए जवान को दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सेक्टर-2, धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर पहुंचकर नक्सली हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवान कॉन्स्टेबल सुशांत कुमार खूंटिया के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से शहीद की आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी।

आपस में ही भिड़े जेजेएमपी उग्रवादी

जोनल कमांडर समेत दो की गोली लगने से मौत

पलामू। पांकी थाना क्षेत्र के होटाई जंगल में उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का दस्ता आपस में ही भिड़ गया। इस दौरान चली गली में जोनल कमांडर समेत दो उग्रवादियों की मौत हो गई। कई उग्रवादियों को गोली लगी है और वह जख्मी हालत में मौके से फरार हो गए हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस उग्रवादियों की तलाश में जुटी हुई है। एक उग्रवादी संतोष यादव का शव बरामद किया गया है। उसकी पहचान उसकी पत्नी ने की है। संतोष यादव गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के मंगराही का रहने वाला था, जबकि दूसरा शव जोनल कमांडर गणेश लोहार का बताया जाता है।

नियुक्ति पत्र लेकर गायब हुए 29 डॉक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार 29 नवनियुक्त सरकारी डॉक्टरों पर कठोर कार्रवाई करने जा रही है। इन डॉक्टरों पर आरोप है कि इन्होंने 03-04 अप्रैल 2023 को नियुक्ति पत्र लेने के बाद भी अभी तक अपने-अपने अस्पतालों में सेवा नहीं दी है। स्वास्थ्य विभाग ऐसे डॉक्टरों को 15 अगस्त तक योगदान के लिए एक और मौका देगी। उसके बाद भी जो डॉक्टर बिना वाजिब वजह के योगदान नहीं देंगे। उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। झारखंड के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जेपीएससी चयनित 171 चिकित्सकों को 03 अप्रैल को नियुक्ति पत्र सौंपा था। नियुक्ति पत्र के साथ ही सभी नवनियुक्त चिकित्सकों को अलग-अलग अस्पतालों में योगदान देने के लिए कहा गया था। नियुक्ति पत्र मिलने के चार महीने से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद इन 171 डॉक्टरों में से 29 डॉक्टरों ने अपने-अपने अस्पतालों में योगदान नहीं दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने अब इन्हीं 29 डॉक्टरों को योगदान देने का एक और मौका देते हुए कार्रवाई की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। नियुक्ति पत्र लेने के बाद अपने कार्यस्थली (अस्पताल) में योगदान नहीं देने वाले 29 चिकित्सकों को संबंधित जिले के सिविल सर्जन को प्रभार ग्रहण नहीं करने का कारण बताते हुए 15 अगस्त 2023 तक योगदान देने को कहा गया है। योगदान नहीं देने वाले चिकित्सकों को झारखंड में भविष्य में सरकारी नौकरियों के लिये अयोग्य घोषित करने के साथ साथ ऐसे चिकित्सकों का मेडिकल रजिस्ट्रेशन रद्द करने की अनुशंसा भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग यानी एनएमसी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि होंगे झारखंड के किसान

राजेंद्र महतो-अजय साहू को मिला आमंत्रण

देश भर के 511 प्रतिनिधियों को नई दिल्ली आमंत्रित किया गया है

नवीन मेल संवाददाता। रांची

इस वर्ष नई दिल्ली में लाल किले पर आयोजित होने वाला स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभर से विशेष आमंत्रित लोगों की उपस्थिति में मनाया जाएगा। देशभर से 1800 लोगों को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले समारोह के लिए आमंत्रित किया जा चुका है। जिन्हें आमंत्रित किया गया है वे प्रधानमंत्री द्वारा ध्वजारोहण समारोह के साक्षी बनेंगे और राष्ट्र के नाम उनके संबोधन को सुनेंगे। इनमें वाइब्रेंट गांवों के सरपंच, शिक्षक, नर्स, किसान, मछुआरे, सेंट्रल विस्टा परियोजना, अमृत सरोवर, हर-घर जल और अन्य जैसे प्रमुख कार्यक्रमों में काम करने वाले लोग शामिल हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने झारखंड से पांच किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों को उनके जीवनसाथी के साथ 15 अगस्त को होने वाले ऐतिहासिक झंडोतोलन समारोह का साक्षी बनने के लिए नई दिल्ली विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है। देश के विभिन्न वर्गों के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे लोगों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित करना सरकार की जन भागीदारी के दृष्टिकोण को दिखाता है। देशभर से किसान उत्पादक संगठनों के लगभग 511 प्रतिनिधियों में से झारखंड के पांच लोगों को नई दिल्ली आमंत्रित किया गया है। झारखंड के कांके प्रखंड के जयपुर पंचायत के किसान राजेन्द्र महतो पत्नी के साथ नई दिल्ली जाने के लिए काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि ऐसे तो वे दिल्ली कई बार गए हैं, लेकिन पत्नी के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर जाना काफी सम्मान की बात है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी को करीब से सुनने का मौका मिलेगा, इससे खुशी की बात और क्या हो सकती है। मुझ जैसा साधारण व्यक्ति भी इस विशेष खातिरदारी का हकदार बना इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल से धन्यवाद करता हूं।

वहीं, दूसरे किसान उत्पादक संगठन के प्रतिनिधि लापुंग ग्राम निवासी अजय साहू भी विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची में शामिल हैं। उनसे जब दिल्ली जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बारिश में अभी खेत तैयार कर रहा हूं और दिल्ली जाने को लेकर काफी उत्साहित हूं। बहुत पहले एक बार दिल्ली गया था। देहात का आदमी दिल्ली से बड़े शहर में जाएगा तो काफी कुछ सीखने को मिलेगा। लाल किला आज तक नहीं देखा है। मेरे लिए काफी गर्व की बात है कि पहली बार इसे देखूंगा भी और प्रधानमंत्री को सामने से सुनने का भी मौका मिलेगा।

झारखंड में आज से फिर सक्रिय होगा मानसून

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में आने वाले कुछ दिनों तक बारिश का असर देखा जायेगा। हालांकि, झारखंड में मानसून की गतिविधि अभी कमजोर है। पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई जबकि एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा भी दर्ज की गई। सबसे अधिक 708 एमएम बारिश जामताड़ा में दर्ज की गई। सबसे अधिक तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस गोड्डा का रहा जबकि न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रांची में दर्ज किया गया। रांची मौसम केंद्र के पूवार्नुमान के अनुसार, झारखंड के उत्तर पूर्वी देवघर, धनबाद, गिरिडीह, दुमका, गोड्डा,जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ के कुछ स्थानों पर 15 अगस्त तक गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। वज्रपात की आशंका देखते हुए मौसम विभाग ने 15 अगस्त तक येलो अलर्ट जारी कर लोगों को सावधान किया है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे इस मौसम में सुरक्षित स्थानों पर ही शरण लें। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया की पश्चिम, मध्य और उससे सटे उत्तर आंध्र प्रदेश-दक्षिण ओडिशा तट के पास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम पर अच्छी तरह से चिह्नित निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिसके साथ संबंधित चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है।

प्रखंड स्तरीय पशुपालन समिति की बैठक संपन्न

'ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण साधन है पशुपालन'

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो प्रखंड में प्रखंड स्तरीय पशुपालन समिति का एक बैठक शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख विनिता कच्छप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड के विभिन्न पंचायतों और गांव से पशुपालन के लिए लाभुकों का चयन किया गया। बैठक में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि पशुपालन की योजना सरकार के द्वारा बेरोजगारों को रोजगार मुहैया करने का एक शानदार प्रयास है। इसके जरिए गांव के किसानों की आर्थिक दशा काफी सशक्त हुई है। हमारे क्षेत्र की भौगोलिक परिदृश्य में पशुपालन रोजगार का महत्वपूर्ण साधन माना जाता है। उन्होंने कहा

कि योजना के महत्व को देखते हुए सर्वसम्मति से आज जरूरतमंद लाभुकों का चयन किया गया। लाभुकों में 2, गाय पालन हेतु 9, लाभुकों का अनुशंसा 5, गाय पालन योजना में 8, लाभुकों की अनुशंसा, पशु आहार एवं चारा विकास योजना के अंतर्गत 6 लाभुकों की अनुशंसा, प्रगतिशील डेयरी कृषक योजना के अंतर्गत 2 लाभुकों के नाम का अनुशंसा,बकरा विकास योजना 75 प्रतिशत अनुदान के अंतर्गत 74 लाभुकों का अनुशंसा,बैकयार्ड लेयर कुक्कुट 75 प्रतिशत अनुदान के अंतर्गत 8 आठ लाभुकों का अनुशंसा ,बैकयार्ड लेयर कुक्कुट 90 प्रतिशत अनुदान अंतर्गत 5 लाभुकों का अनुशंसा, ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना 75 प्रतिशत अनुदान के अंतर्गत 30 लोगों की अनुशंसा, ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना 90 प्रतिशत अनुदान के अंतर्गत 12 लाभुकों का चयन, बत्तख चूजा वितरण 75 प्रतिशत अनुदान के अंतर्गत 7 लाभुकों का अनुशंसा ,बतख चूजा वितरण 90 प्रतिशत अनुदान के अंतर्गत 14 लाभुकों की अनुशंसा, शुकर विकास योजना 90 प्रतिशत अनुदान के अंतर्गत 40 लाभुकों की अनुशंसा, जोड़ा बैल वितरण योजना 90 प्रतिशत अनुदान के अंतर्गत 4 लाभुकों की अनुशंसा किया गया। इस तरह विभिन्न प्रकार की पशुपालन योजना के अंतर्गत कुल 231 लाभुकों के नाम की अनुशंसा की गई है।

झारखंड स्टेट अवार्ड्स सम्पन्न

रांची। नामकुम स्थित आर के आनन्द बॉल्स ग्रीन में राज्य के विजेताओं और अन्य को सम्मानित करने के लिए आयोजित स्टेट अवार्ड्स समारोह संपन्न हो गए। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के प्रेसिडेंट आरके आनंद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इस समारोह में सभी को उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। शुक्रवार को प्रातः समारोह के पूर्व झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा आयोजित की गई, जिसमें राज्य के विभिन्न मान्यता प्राप्त खेल संघ एवं जिला ओलंपिक संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर झारखंड ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त सभी इकाइयों को प्रेसिडेंट आरके आनंद ने निर्देश दिया कि वे सभी सोसायटी या ट्रस्ट में अपना निबंधन करवा लें और अपनी कार्यशैली में पारदर्शिता लायें। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि वे भारत सरकार के स्पोर्ट्स गाइडलाइन के हिसाब से राज्य खेल संघ और जिला ओलंपिक संघ में खिलाड़ी और महिला की भागीदारी सुनिश्चित करें।

एक ही कंपनी के अलग-अलग राज्यों से करोड़ों के मोबाइल गायब

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची के एक वेयरहाउस से 50 लाख मूल्य के मोबाइल गायब कर देने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर प्रोजेक्ट सप्लाई चैन सॉल्यूशन लिमिटेड के गोदाम प्रभारी के द्वारा रांची के पुंदाग ओपी में एफआईआर दर्ज करवाया गया है।लेकिन सबसे हैरानी की बात यह है कि प्रोजेक्ट सप्लाई चैन सॉल्यूशन लिमिटेड के सिर्फ जुलाई महीने में ही तीन करोड़ के ज्यादा मूल्य के मोबाइल चोरी हो चुके है।

रांची से 50 लाख के मोबाइल गायब : प्रोजेक्ट सप्लाई चैन सॉल्यूशंस लिमिटेड के गोदाम मैनेजर मोहम्मद जमीर बारी खान के द्वारा रांची के पुंदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज. एफआईआर में यह बताया गया है कि अज्ञात चोरों के द्वारा उनके पुंदाग स्थित गोदाम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है ,गोदाम से लगभग 50 लाख के मोबाइल गायब हुए है। पुंदाग पुलिस जब मोबाइल चोरी मामले की तफ्तीश में जुटी तो उसे कई चौंकाने वाली जानकारियां मिली। जांच के क्रम में यह पता चला कि प्रोजेक्ट सप्लाई चैन सॉल्यूशंस लिमिटेड अलग-अलग राज्यों में स्थित गोदामों से करोड़ों के मोबाइल सिर्फ जुलाई महीने में ही चोरी किए गए। कंपनी के पुणे स्थित गोदाम से 15 जुलाई को 65 लख रुपए के मोबाइल गायब किए गए, 26 जुलाई को भुवनेश्वर स्थित गोदाम से दो करोड़ रुपये के मोबाइल गायब हुए है ,वही असम की राजधानी गुवाहाटी से भी लाखों के मोबाइल गोदाम से गायब हुए।

सीसीटीवी पांच दिनों से खराब : रांची स्थित जिस गोदाम से 50 लाख रुपए के मोबाइल गायब हुए हैं ,उसके सीसीटीवी कैमरे पिछले पांच दिनों से खराब है। कैमरे ठीक क्यों नहीं करवाए गए इसका कोई उचित जवाब गोदाम कर्मियों के द्वारा पुलिस को नहीं दिया गया है।

घालेमल की आशंका : रांची से कंपनी के गोदाम से 50 लाख के मोबाइल गायब किए गए हैं ,पुलिस इस मामले की तफ्तीश कर रही है लेकिन जो जांच में जानकारियां पुलिस को मिल रही है वो संदेह पैदा कर रही है।पुलिस मामले की जांच के लिए दूसरे राज्यो के पुलिस से भी संपर्क में है।

सिल्ली प्रखंड में मेधा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह कल

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड मेधा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 के अंतर्गत गूंज परिवार सिल्ली के तत्वावधान में आगामी कल 13 अगस्त दिन रविवार को पुर्वान्ह 11 बजे से सिल्ली पॉलिटेक्निक सभागार में वर्ष 2023 में मैट्रिक व इंटर में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के सभी प्रखंड कमिटी, पंचायत कमिटी, ग्रामप्रभारी, चुल्हा प्रमुख, सक्रिय महिला, जेएसएस के पदाधिकारी, एसएफसी के सदस्य, प्रखंड के सभी शिक्षक, पूर्व शिक्षक, समाजसेवी, स्वयं सेवी संस्था के सदस्य एवं जनप्रतिनिधिय उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह ने देते हुए सभी को मेधावी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित होने का आग्रह किया है।

विद्यार्थियों ने की परेड की रिहर्सल

सिल्ली। सिल्ली मुरी एवं आसपास क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस स्वतंत्रता दिवस समारोह में सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थी परेड समेत अन्य गतिविधियों में शामिल होंगे। मुरी टूंगरी स्थित पार्क में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह को लेकर विद्यालयों में परेड की रिहर्सल जोर शोर से चल रही है। इसके अलावा स्कूल, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानो में साफ सफाई का कार्य चल रहा है। सिल्ली मुरी समेत सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय गीत, संगीत आदि की अंतिम तैयारी के साथ साथ साफ-सफाई भी की गई। 15 अगस्त को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। लोग पुरी तैयारी में जुटे हैं।

सिल्ली पहुंचने पर कृषि मंत्री का हुआ जोरदार स्वागत

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश व रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो का सिल्ली बुंडू चौक एवं बंता विरसा मुंडा चौक पर जोरदार स्वागत किया गया। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख जी ने वीर शहीद बिरसा मुंडा जी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव नागेश्वर महतो, सोनाहातु प्रखंड अध्यक्ष अजगूत महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, मंजूर मोमिन, भूतनाथ मंडल, शबुद्दीन अंसारी, बलराम महतो, गुहीराम महतो, प्रकाश मुंडा, रसोराज लोहरा, उर्मिला देवी जगदीश महतो, पिनाकी बनर्जी सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित थे।

बेड़ो में मां शारदा एसोसिएट टैक्स कंसलटेंट कार्यालय का किया गया उद्घाटन

बेड़ो। महावीर चौक बेड़ो के समीप शुक्रवार को भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो व समाज सेवी हरि साहू ने संयुक्त रूप से मां शारदा एसोसिएट्स नामक कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर जानकारी देते हुए कार्यालय संचालक अधिवक्ता ज्वाला प्रसाद सोनी ने बताया कि उनके यहां जीएसटी रजिस्ट्रेशन जीएसटी रिटर्न, इनकम टैक्स, प्रोजेक्ट रिपोर्ट बैलेंस शीट, बैंक लोन, टीडीएस बनाया जाएगा। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा की बेड़ो जैसे छोटे शहरों में इस तरह का कार्यालय खुलने से स्थानीय लोगों को लाभ होगा। अब इन सभी सभी कार्यों के लिए रांची जैसे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, मुकेश कुमार राय, सुरेश सोनी, शारदा देवी, नरेश सोनी, दीपक सोनी, अंकित सोनी, सुरजीत भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

देवघर एम्स मामले में मुख्य सचिव और एम्स डायरेक्टर को उपस्थित रहने का कोर्ट ने दिया निर्देश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने देवघर एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका मामले में राज्य के मुख्य सचिव एवं एम्स देवघर के डायरेक्टर को अगली सुनवाई एक सितंबर को कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने राज्य सरकार की ओर से पूर्व में दायर शपथ पत्र पर का प्रत्युत्तर दिया। उनकी ओर से कहा गया कि मामले में पथ निर्माण विभाग, बिजली विभाग, फायर विभाग सहित अन्य विभागों ने अलग-अलग जवाब दाखिल किया है लेकिन इन जवाबों में एम्स द्वारा उठाए गए बिंदुओं का सटीक जवाब नहीं मिल रहा है। सरकार के सक्षम अधिकारियों द्वारा देवघर एम्स को लेकर प्रार्थी द्वारा उठाए गए समस्याओं पर स्पष्ट जवाब आना चाहिए था। इसके बाद कोर्ट ने देवघर एम्स निदेशक और मुख्य सचिव को वर्चुअल रूप से कोर्ट के समक्ष अगली सुनवाई में उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई एक सितंबर निर्धारित की।

'राष्ट्रीय उत्सव का प्रतीक है मेरी माटी मेरा देश'

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो प्रखंड सभागार में शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश की सफलता, मनरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वित्तीय सहित अन्य विकास योजनाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की सफलता को लेकर कई दिशा निर्देश देते हुए बताया कि प्रत्येक गांव से मिट्टी उठाने और उत्सव पूर्ण ढंग से प्रखंड लाने के पूर्व प्रत्येक ग्राम में जागरूकता के लिए प्रभात फेरी का आयोजन किया जाना है। साथ ही स्वच्छता से संबंधित शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी इस कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर रंगोली व पेंटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन मेरी माटी मेरा देश की सफलता का संकेत है। साथ ही पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी कार्यक्रम की सफलता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसे प्रत्येक गांव और पंचायतों में किया जाना हम सब का कर्तव्य है। मेरी माटी मेरा देश मात्र कार्यक्रम नहीं बल्कि उत्सव का नाम है। इसे उत्सव की तरह मनाना हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है। आने वाले 2 दिनों में उत्सव का माहौल बना रहे यह जनप्रतिनिधि और कर्मियों का दायित्व है। उन्होंने बताया कि हाथों में मिट्टी का दीया लेकर पंचप्राण करना इस कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

उपायुक्त, खूँटी का कार्यालय
(खनन शाखा)

खूँटी जिलान्तर्गत तोरपा अंचल के मौजा– तपकारा में कारो नदी के पास, रनिया अंचल के मौजा– उड़िकेल में कारो नदी के पास एवं मौजा– केलो में जब्त बालू खनिज की आम नीलामी हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (यथा संशोधित) के नियम 54(A) के प्रावधानों के अंतर्गत उपायुक्त, खूँटी के आदेश दिनांक– 07.08.2023 के आलोक में अपर समाहर्त्ता, खूँटी की अध्यक्षता में दिनांक 19.08.2023 को अपराह्न 12:30 बजे अपर समाहर्त्ता, खूँटी के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न किया जाऐगा। बालू खनिज की नीलामी में वही व्यक्ति/संस्था भाग लेने के हकदार होंगे जो निर्धारित नियमों, शर्तों एवं बंधेजों का अनुपालन करेंगे। बालू खनिज की विवरणी, नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तो को www.khunti.nic.in /कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

सरकारी नीलामी हेतु उपलब्ध बालू खनिज की विवरणी :–

क्रम सं०	अंचल का नाम	ग्राम पंचायत/ ग्राम सभा का नाम	मौजा	नदी का नाम	बालू खनिज की मात्रा	नीलामी हेतु निर्धारित न्युनतम राशि	सुरक्षित जमा राशि निर्धारित न्युनतम राशि का 10%
0	1	2	3	4	5	6	7
1	तोरपा	तपकारा	तपकारा	कारो	3000.00 सी०एफ०टी०	22,500.00	2,250.00
2	रनिया	केलो	केलो	कारो	6,000.00 सी०एफ०टी०	45,000.00	4,500.00
3	रनिया	उड़िकेल	उड़िकेल	कारो	22,000.00 सी०एफ०टी०	1,65,000.00	16,500.00

ह०/–
उपायुक्त, खूँटी

PR 304448 Mines and Geology (23-24)_D

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
कार्यालय- जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग
Email ID –dcocophzb@yahoo.in

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अंतर्गत झारखण्ड राज्य सहकारी समितियॉ अधिनियम 1935 के अंतर्गत निबंधित विभिन्न विशेष प्रकार की सहकारी समितियॉ यथा–फल सब्जी उत्पादक, वनोत्पाद, लाह, मत्स्य, बुनकर, डेयरी, पोल्ट्री, उपभोक्ता सामग्री, महिला विकास आदि को वितीय वर्ष 2023–24 मे कार्यशील पूँजी के रूप मे प्रति समिति न्यूनतम 2.00 लाख रू0 एवं अधिकतम 5.00 लाख रू0 उपलब्ध कराया जाना है जिसका चयन जिला स्तर पर गठित कमिटी के द्वारा किया जाएगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–03 दिनांक 04.05.2023 के कंडिका–05 के अनुरूप विशेश प्रकार की सहकारी समितियो का चयन निम्नांकित मापदण्डो के अनुरूप किया जाएगा –

01 समिति का निर्वाचन अद्यतन हो
02 समिति द्वारा वितीय वर्ष 2021–22 तक का अंकेक्षण करा लिया गया हो।
03 समिति द्वारा वितीय वर्ष 2021–22 तक का बकाया अंकेक्षण शुल्क की राशि जमा कर दी गयी हो।
04 समिति द्वारा पूर्व से बीज/उर्वरक/कृषि/मत्स्य/बुनकर/फल–सब्जी/डेयरी/पोल्ट्री/उपभोक्ता सामग्री/महिला विकास आदि का कार्य/व्यवसाय संचालित किया जाता रहा हो।
05 समिति मे पर्याप्त आधारभूत संरचना यथा–कार्यालय/गोदाम/फर्नीचर की स्थिति अच्छी/ संतोशजनक हो।
06 समिति मे वाहन के आवागमन की सुविधा हो।
07 समिति पिछले तीन वितीय वर्षो यथा–2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 तक बैक डिफॉल्टर नही रहा हो।
08 समिति का वार्शिक कारोबार कम से कम 3.00 (तीन) लाख रूपये हो।
09 समिति का व्यवसाय पिछले दो वार्षो से लगातार घाटे मे नही हो।
10 समिति मे पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था हो।
11 समिति मे नियमित रूप से प्रबंधकारिणी समिति एवं वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित होती रही हो।
12 चयनित विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के पास उनके कार्य की प्रकृति के अनुरूप लाईसेंस हो।
13 समितियों के चयन मे अंकेक्षित वर्गीकरण (Audit Classification) A एवं B Category प्राप्त समितियों का प्राथमिकता दी जायेगी। A एवं B Category समितियों की अनुपलब्धता की स्थिति मे C Category प्राप्त समितियों का चयन आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश के कंडिका–09 के अनुसार रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी इच्छुक एवं आवश्यकताधारी तथा चयन मापदण्ड को पूरा करने वाले विशेष प्रकार की सहकारी समितियों को निम्न विहित प्रपत्र मे प्रपत्र के साथ जमा किए जाने वाले अभिलेख के साथ संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अनुशंसित प्रस्ताव प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अंदर कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग मे जमा करना होगा।

विहित प्रपत्र

प्रखण्ड का नाम	समिति का नाम/पता एवं निबंधन संख्या	गत निर्वाचन की तिथि	आधारभूत संरचना				वितीय प्रतिवेदन			
			कर्मी की संख्या	कार्यालय (हॉ/नही)	गोदाम (क्षमता)	फर्निचर फिक्सचर	गत अंकेक्षण का वर्ष	अंकेक्षण शुल्क भुगतान की स्थिति	लाभ/हानि (2021–22 के पूर्व तीन वर्षो में) 2019–20:– 2020–21:– 2021–22:–	वार्षिक कारोबार (रूपये में)

प्रपत्र के साथ जमा किये जाने वाले अभिलख :–

01 अंकेक्षण प्रतिवेदन (2021–22 के पूर्व तीन वर्षो में)
02 निर्वाचन प्रमाण पत्र
03 व्यवसाय कार्य योजना
04 कारोबार संबंधित लाइसेन्स
05 शपथ पत्र–(क) समिति की प्रबंधकारिणी एवं वार्षिक आम सभा की बैठक नियमित रूप से होती रही है।
(ख) समिति वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 मे बैक डिफाल्टर नही रहा है।

विशेष जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग मे सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता–जिला सहकारिता पदाधिकारी,हजारीबाग,सहकारिता भवन,रविन्द्र पथ, हजारीबाग–825301

ह०/–
जिला सहकारिता पदाधिकारी
हजारीबाग/रामगढ

PR 304513 District (23-24)_D

भारतीय वायु सेना INDIAN AIR FORCE
JOIN INDIAN AIR FORCE AS AN AIRMAN

INDIAN AIR FORCE INVITES INDIAN / GORKHA (A SUBJECT OF NEPAL) MALE CANDIDATES TO APPEAR IN RECRUITMENT RALLY FROM 12 SEPTEMBER 2023 TO 20 SEPTEMBER 2023 TO JOIN THE IAF AS AIRMEN IN GROUP 'Y' (NON-TECHNICAL) MEDICAL ASSISTANT TRADE FOR INTAKE 02/2023 AT AIR FORCE STATION BARRACKPORE (WEST BENGAL)

1.	Venue / Location	Air Force Station Barrackpore, 24 Paragnas (North), West Bengal
2.	Marital Status and Date of Birth Block	(a) Medical Assistant. Candidate should be unmarried and born between 26 Dec 2002 and 26 Dec 2006 (both dates inclusive). (b) Medical Assistant (For candidates with Diploma / BSc in Pharmacy). Unmarried candidate should be born between 26 Dec 1999 and 26 Dec 2004 (both dates inclusive). Married candidate should be born between 26 Dec 1999 and 26 Dec 2002 (both dates inclusive).
3.	Education Qualification	(a) Candidate should have passed 10+2 / Intermediate / Equivalent Examination with Physics, Chemistry, Biology and English from Education Boards recognised by Central, State and UT, with a minimum of 50% marks in aggregate and with 50% marks in English. OR Should have passed two years vocational course with non-vocational subjects i.e. Physics, Chemistry, Biology and English from Education Boards recognised by Central, State and UT, with minimum 50% marks in aggregate and 50% marks in English. (b) Candidate should have passed Intermediate / 10+2 / Equivalent Examination with Physics, Chemistry, Biology and English with a minimum of 50% marks in aggregate and 50% marks in English. In addition, Diploma / B.Sc in Pharmacy with minimum 50% marks in aggregate with valid registration from State Pharmacy Council or Pharmacy Council of India (PCI) at the time of enrolment will be mandatory requirement. Note-1. Education Boards (for 10+2 or equivalent) recognised by Central, State and UT, shall only be permitted. Note-2. Exact aggregate percentage of marks before decimal as written in the marks sheet of 10+2 / Intermediate / Equivalent / Diploma / B.Sc in Pharmacy OR calculated as per the rules of concerned Education Board shall only be considered (For example 49.99% should be taken as 49% and not to be rounded off to 50%).
4.	Group & Trade	Airmen in Group 'Y' (Non-Technical) for Medical Assistant Trade only.
5.	Time & Date of Rally	Reporting time at Rally Venue: 6 AM on 12 September 2023, 15 September 2023 and 18 September 2023 (as per details given below at Para 6) & Last time to report 1000 hrs.
6.	State / Districts Covered	12 September 2023. All the districts of States of Assam, Arunachal Pradesh, Nagaland, Manipur, Mizoram, Tripura, Meghalaya, Sikkim and West Bengal. 15 September 2023. All the districts of States of Odisha, Chhattisgarh and Jharkhand 18 September 2023 (Only for candidates passed with Diploma / B.Sc in Pharmacy). All the districts of States of Assam, Arunachal Pradesh, Nagaland, Manipur, Mizoram, Tripura, Meghalaya, Sikkim, West Bengal, Odisha, Chhattisgarh and Jharkhand

FOR DETAILED ADVERTISEMENT LOG ON TO WEB PORTAL www.airmenselection.cdac.in

Scan QR code for detailed information

CBC 10803/11/0006/2324

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संवेदक मेसर्स पंकज कुमार (प्रो0–श्री पंकज कुमार यादव, पिता–स्व0 कृष्णा कुमार यादव), 2nd Floor कोनार्क टावर बिल्डिंग, मेन रोड, कथारा, दुर्गा मंदिर के नजदीक, जिला–बोकारो, पिन–829116/मेसर्स पंकज कुमार, फ्लैट नं0–510, काली टावर, लालपुर, रॉची–834001 मोबाईल नं0–9955442227/7991183930 एवं email address-mspankaj834001@gmail.com /pankajcool2005@rediffmail.com को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क मरम्मति योजना (Post 5 Years Maintenance) अन्तर्गत केरेडारी प्रखण्ड के पतरा से कण्डावेर तक पथ का मरम्मति कार्य (लं0–7.500 कि0मी0) का आपके द्वारा किया गया एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–03.12.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–29.05.2021 था। इतनी लम्बी अवधि बीत जाने के वाबजूद भी आपके द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। इस कार्यालय के पत्रांक–897, दिनांक–24.07.2023, पत्रांक–753, दिनांक–06.07.2023, पत्रांक–684, दिनांक–21.07.2022 एवं पत्रांक–549, दिनांक–09.06.2022 द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु आपको निदेश दिया गया है। इस कार्यालय का पत्रांक–897, दिनांक–24.07.2023, संचिका में उपलब्ध बोकारो एवं रॉची दोनो पता पर Speed Post से भेजा गया तथा उक्त पत्र आपके दोनो email -mspankaj834001@gmail.com एवं pankajcool2005@rediffmail.com पर भी भेजा गया, परन्तु आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई रुचि नहीं ली गई। आप अपने पत्रांक–शून्य, दिनांक–31.07.2023 द्वारा दिनांक–03.08.2023 से पॉट पैच कार्य करने तथा दिनांक–08.08.2023 से Premixing का कार्य करने का भरोसा दिलाया था। परन्तु अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, न हीं पथ में सामग्री का जमाव किया गया है, जो दर्शाता है कि आप विभाग को धोखा दे रहे हैं तथा समय व्यर्थ व्यतीत कर रहे हैं। इसके पूर्व में भी आप अपने पत्रांक शून्य दिनांक–10.08.2022 के द्वारा दो माह में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया था, फिर भी आज तक कार्य अपूर्ण है, जिससे साबित होता है कि आप कार्य पूर्ण करने को इच्छुक नहीं है। आपके द्वारा कार्य नहीं करने के कारण पथ की क्षति हो रही है। ऐसी स्थिति में अब और अधिक मौका दिए बिना आपके द्वारा किये गये कार्य का अन्तिम मापी दिनांक–25.08.2023 को प्रातः 10.00 बजे से मापी लेने हेतु सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, हजारीबाग एवं कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, बड़कागॉव को प्राधिकृत किया गया है तथा वे स्थल पर उपस्थित रहकर अन्तिम मापी लेंगे।

आपको निदेश है कि कार्य स्थल पर आप स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को अन्तिम मापी के समय उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। यदि आप या आपके प्रतिनिधि उक्त तिथि एवं समय पर अन्तिम मापी हेतु उपस्थित नहीं रहेगें, तब भी किये गये कार्य की अन्तिम मापी ली जायेगी, जो आपको मान्य होना होगा/आपके लिए बाध्यकारी होगा। इसके बाद आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा तथा अन्तिम मापी के उपरान्त एकरारनामा के शर्तों के अनुरुप एकरारनामा विखण्डित करते हुए आपका जमा अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा आपके फर्म/निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग में अनुशंसा की जायेगी, जिसके जिम्मेवार आप स्वंय होंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 304542 Rural Work Department(23-24)#D

राज्यपाल ने आर्मी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों से किया संवाद, बच्चों को किया प्रोत्साहित

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को आर्मी पब्लिक स्कूल, दीपाटोली, रांची जाकर वहां के बच्चों से संवाद किया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं एवं लैब में जाकर बच्चों को अपने जीवन में लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। वहां अटल टिंकरिंग लैब में जाकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, थ्रिडी प्रिंटर, पिकटोबॉक्स, टैक्टिकल बम न्यूट्रलाइजिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक/इलेक्ट्रिकल कॉम्पोनेन्ट इत्यादि की कार्यप्रणाली को समझा। बच्चों द्वारा उपरोक्त विषय से संबंधित कार्यप्रणाली को उपकरणों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारा राष्ट्र तेजी से प्रगति कर रहा है एवं विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। राज्यपाल महोदय ने वीआर हेडसेट वर्चयूअल रियलिटी हेडसेट) के माध्यम से स्पेस स्टेशन एवं पृथ्वी का 360० व्यू का 3डी का अवलोकन किया। विदित हो कि इस लैब में सिलिस्टियल बॉडी को ऑवसर्ब करने के लिए टेलिस्कोप भी रखा गया है।

फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर पवन यादव के हत्यारे को त्वरित सजा दिलाए प्रशासन : रघुवर दास

रांची। पवन यादव की हत्या जिहादी मानसिकता वाले मोहम्मद हमास ने कर दी है और प्रशासन तुष्टीकरण के कारण ढुल मूल रवैया अपना रहा है। मैं इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन कर अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग करता हूं। राज्य सरकार पवन यादव के परिजनों को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपए का मुआवजा भी दें। उक्त बातें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के आने के बाद से जिहादी मानसिकता वाले लोगों का मनोबल काफी बढ़ गया है। गौरतलब है कि रामगढ़ में पिछले दिनों मोहम्मद हमास ने थोड़े से पैसों के लिए अपने जिगरी दोस्त पवन यादव की चाकू से गोद कर हत्या कर दी थी। हत्या के 10 दिन होने के बावजूद अभी तक सभी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस प्रशासन का रवैया काफी ढुल मूल रहा है। जानकारी के अनुसार पवन यादव के परिजनों को पुलिस सहयोग भी नहीं कर रही है। मैं यह चेतावनी भी देना चाहता हूं कि पुलिस प्रशासन अपना रवैया सुधारे और हेमंत सरकार की तरह तुष्टीकरण को बढ़ावा न दे। नहीं तो भाजपा इस मामले में चुप नहीं बैठेगी।

पर्यटन स्थलों को रोचक बनाने के लिए अधिकारियों ने राइट्स लिमिटेड के साथ किया समझौता

रांची। पर्यटन क्षेत्र में बढ़ोत्तरी व सैलानियों को रोचक अनुभव प्रदान करने के लिए शुक्रवार को निदेशक पर्यटन तथा राइट्स लिमिटेड के वरीय महाप्रबंधक विजय कुमार और वरीय पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने झारखण्ड में चार स्थानों (जोन्हा, हुंडरू, दशम और कौलेश्वरी) पर एरियल पैसेंजर रोपवे निर्माण के व्यवहार्यता अध्ययन को लेकर कंपनी के समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया। इन चार स्थानों के पे रोपवे की मूल्यांकन के लिए इस परियोजना में व्यवहार्यता अध्ययन को सुनिश्चित किया जाएगा एवं व्यवहार्यता अध्ययन के उपरांत निर्माण कार्य हेतु निर्णय लिया जाएगा। झारखण्ड दर्शन को आने वाले असंख्य प्रकृति प्रेमियों एवं सैलानियों को यह रोपवे सैर सपाटे का एक सुखद अनुभव प्रदान करेगा। रोपवे निर्माण से झारखण्ड में पर्यटन का स्तर तीव्र गति से विकास की ओर बढ़ेगा।

युवक के साथ मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

रांची। रांची के सदर थाना क्षेत्र के एडवांस डायग्नोसिस सेंटर के समीप एक युवक के साथ शुक्रवार को मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कृष्ण कुमार ने एक नामजद दिपोदर कुमार सहित पांच युवकों पर मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार कृष्णा कुमार अपने घर से देर रात में खाना रेस्टोरेंट जा रहा था। इसी क्रम में बाइक पर सवार दो युवक वहां से गुजर रहे थे । बाइक सवार बिना कारण कृष्णा के सिर पर मारा। किस संबंध में पूछने पर अन्य युवकों को बुलाकर फाइबर से मारपीट की। इससे कृष्ण कुमार के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है।

भाजपा कार्यालय में तिरंगा बिक्री केंद्र की शुरू

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की। प्रदेश कार्यालय में तिरंगा बिक्री केंद्र का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस अवसर मरांडी ने कहा कि भारत ने आजादी का अमृत वर्ष पूर्ण किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत भारत, आत्म निर्भर भारत की नींव पड़ी है, जिसे अगले 25 वर्षों के अमृत काल में भव्य भारत, आत्म निर्भर भारत, श्रेष्ठ भारत, एक भारत के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प को सिद्धि में बदलने का समय है। उन्होंने सभी राज्यवासियों से देश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि तिरंगा भारत की आन-बान और शान है।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे-वात्सल्यम मनाया

बच्चों ने जलवायु संरक्षण पर किया बेहतर प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बच्चों के समग्र विकास हेतु सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने 11 अगस्त 2023 को ग्रैंड पैरेंट्स डे-वात्सल्यम-2023 मनाया। विद्यालय के केजी-2 के बच्चों ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल पर आधारित बहुत ही शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) पंकज कुमार चतुर्वेदी, डीन सह प्राचार्य, छोटानागपुर लॉ कॉलेज, रांची विश्वविद्यालय, रांची ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरूआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। केजी 2-ई के छात्रों ने 'रेनबो ऑफ इक्वलिटी' विषय पर प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में एसडीजी नंबर -5 लैंगिक समानता को दर्शाया गया। इंद्रधनुषी रंग की पोशाक पहने बच्चों ने अपने सुंदर कदमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद केजी 2-ए के बच्चों ने 'शेयरिंग इज केयरिंग' थीम पर मंत्रमुग्ध कर देने वाला प्रदर्शन किया। बच्चों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी के प्रति उदार होने की आवश्यकता पर बल दिया। केजी 2-डी के छात्रों द्वारा 'जलवायु संरक्षण' विषय पर एक आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसमें जलवायु परिस्थितियों पर मानवीय क्रियाकलापों के प्रभाव को दर्शाया गया है। केजी 2-सी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'जस्टिस लीग' थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी को थिरकने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम ने एसडीजी-16- शांति, न्याय और मजबूत संस्थानों का संदेश दिया। केजी 2-बी के छात्रों ने 'वी आर द वर्ल्ड' गीत के माध्यम से एकता और अखंडता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) पंकज कुमार चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय की

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'जस्टिस लीग' थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी को थिरकने के लिए प्रेरित किया

मांग हैं। यह बच्चों को अपने बड़ों का सम्मान करना सीखाने के साथ-साथ अपने रचनात्मक कौशल विकसित करने का भी एक तरीका है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्रत्येक वर्ष ऐसे प्रासंगिक विषयों पर इस तरह कार्यक्रम के संचालन के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि बुजुर्ग बच्चों के जीवन में गलतियों को मिटाने वाले इरेजर की तरह होते हैं इसलिए, बच्चों को उन बड़ों का सम्मान करना सीखना चाहिए। उन्होंने बच्चों के भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास पर जोर दिया।

कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में हुआ वाद-विवाद प्रतियोगिता

रांची। रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को इंटर हाऊस वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के कंप्यूटर विभाग की ओर से "विल एआई रिप्लेस ह्यूमंस" विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने कृत्रिम मेधा की आवश्यकता और सीमाओं पर विचार रखा। इस प्रतियोगिता में ग्रुप ए में गोदावरी हाउस के सत्यम की टीम प्रथम, यमुना हाउस के शुभम कुमार की टीम द्वितीय और गंगा हाउस के अभिषेक सिंह, इशिका और दियाश्री की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि कृत्रिम मेधा काफी उपयोगी और फायदेमंद है लेकिन इसका उपयोग पूरी सतर्कता और आवश्यकता के अनुरूप किया जाना चाहिए। कंप्यूटर शिक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने दैनिक जीवन में कृत्रिम मेधा की आवश्यकता, उपयोगिता एवं सतर्कता पर प्रकाश डाला। परीक्षा नियंत्रक शिवव्रत दास और एसटीएनसी सिराजुद्दीन पंडित ने प्रतियोगिता में बतौर निर्णायक अपनी भूमिका निभाई।

सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलेंगे पोशाक : निदेशक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। राज्य के सरकारी स्कूल के कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस दी जायेगी। इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है कि कक्षा एक से आठ के विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा के अंतर्गत एवं राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध की गई राशि से विद्यार्थियों को अगस्त एवं सितंबर तक पोशाक निश्चित रूप से उपलब्ध कराये जाने का निर्देश शिक्षा सचिव द्वारा दिया गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा भी विद्यार्थियों को सत्र के प्रारंभ में ही पोशाक उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिये गये हैं। कक्षा एक से आठ तक के सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पोशाक, स्वेटर एवं जूता-मोजा के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा से पोशाक, स्वेटर एवं जूता-मोजा के लिए 600 रुपये दिए जाएंगे। कक्षा छह से आठ के विद्यार्थियों को पोशाक एवं स्वेटर के लिए 600 रुपये समग्र शिक्षा से दिए जाएंगे। जूता-मोजा के लिए 160 रुपये राज्य योजना मद से दी जानी है। कक्षा एक से आठ के एपीएल विद्यार्थियों के लिए उपर्युक्त दर से राशि राज्य योजना मद से उपलब्ध कराई जानी है। आदेश में कहा गया है कि जिले में यदि स्वयं सहायता समूह उक्त कार्य को निर्धारित समय में कर सकते हैं, तो उनके माध्यम से अन्यथा डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को राशि उपलब्ध कराई जानी है। कक्षा एक और दो के जिन विद्यार्थियों का बैंक या डाकघर में अब तक खाता नहीं खुला है, उनको विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से पोशाक की राशि उपलब्ध कराई जानी है। अन्यथा की स्थिति में जनधन योजना या अन्य खाते जो विद्यार्थियों के माता-पिता के नाम से हों, में उक्त योजना की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा सकती है। पोशाक की राशि विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाने के बाद संबंधित सूची संबंधित विद्यालय को भी उपलब्ध कराई जानी है, ताकि विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को इसकी सूचना प्राप्त हो सके।

ग्रामीण विकास मंत्री ने नवनियुक्त 05 लोकपालों को दिया नियुक्ति पत्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने नवनियुक्त 05 लोकपालों को नियुक्ति पत्र दिया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री ने सभी लोकपालों से मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण, सुनवाई एवं समाधान पारदर्शी तरीके से करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य यहीं हो कि छोटी-मोटी शिकायतों का ससमय समाधान हो और छोटी-छोटी गड़बड़ियों को ध्यान देकर सुधार जाय।

रोल मॉडल बनें लोकपाल : ग्रामीण विकास मंत्री ने लोकपालों से कहा कि वे अपने उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन से रोल मॉडल बनें। धैर्यपूर्वक एक जज की तरह समस्या या शिकायतों को सुनें, परखें और तब निर्णय लें।

हितधारकों के प्रति जिम्मेदार रहें लोकपाल: सचिव श्री चंद्रशेखर

ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि लोकपालों की नियुक्ति से मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता आएगी। लोकपालों का दायित्व मनरेगा के तहत हितधारकों के प्रति जवाबदेह, पारदर्शी तंत्र तथा दक्षता में गुणात्मक सुधार करना है। उन्होंने कहा कि लोकपाल न सिर्फ योजनाओं की मॉनिटरिंग करेंगे, बल्कि शिकायतों का तत्काल समाधान भी करेंगे एवं योजनाओं की कार्य प्रगति से अनवरत सरकार को अवगत कराएंगे।

आशा किरण बारला ने आठ सौ मीटर की दौड़ में जीता रजत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड की आशा किरण बारला ने स्पेन के त्रिबांगो में आयोजित यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में 800 मीटर की दौड़ 2.04:99 मिनट समय में पूरा करके रजत पदक जीता है। आशा यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाली झारखंड की पहली एथलीट बन गई हैं। इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की गिल ने 2.02:30 मिनट के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। आशा भाटिया एथलेटिक्स अकादमी बोकारो की एथलीट हैं। सेमीफाइनल मुकाबले में टॉप पर रहते हुए आशा ने फाइनल में जगह बनाई थी। चार से 13 अगस्त तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 35 सदस्यीय भारतीय टीम हिस्सा ले रही है। रजत पदक जीतने पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, कोच आशु भाटिया समेत सभी प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने आशा किरण बारला को बधाई दी।

समरी लाल के जाति प्रमाणपत्र पर हाईकोर्ट में 29 को सुनवाई

रांची। भाजपा के कांके विधायक समरीलाल के जाति प्रमाणपत्र के मामले पर 29 अगस्त को विस्तृत सुनवाई होगी। शुक्रवार को आंशिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने विस्तृत सुनवाई के लिए यह तिथि निर्धारित की। अदालत ने समरीलाल के खिलाफ पूर्व में जारी पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश भी बरकार रखा है। समरीलाल के जाति प्रमाणपत्र रद्द करने के आदेश को निरस्त करने के एकलपीठ के आदेश को सरकार ने चुनौती दी है। जबकि समरीलाल ने भी अपील याचिका दायर कर एकलपीठ के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया है कि यदि सरकार चाहे तो जाति प्रमाणपत्र की दोबारा जांच करा सकती है। समरीलाल की ओर से कहा गया है कि एकलपीठ ने उनके जाति प्रमाणपत्र को सही बताया है, लेकिन सरकार को दोबारा जांच करने की छूट भी प्रदान की है।

राकेश तिर्की ने कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आगाज हुआ यह प्रतियोगिता विश्व कराटे संघ के जज एवं रेफरियों के द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विश्व भर से कई अंतरराष्ट्रीय एवं भारत देश के राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीय कराटे टीम में झारखंड से शामिल राकेश तिर्की ने काता में नेपाल के खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। पदक जीतने पर पूरा स्टेडियम भारत माता की जय से गुलजार हो उठा। राकेश तिर्की के पदक जीतने पर कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा ने पदक पहना कर प्रोत्साहित किया । राकेश तिर्की रांची संत जोसफ क्लब में पिछले 15 वर्षों से प्रशिक्षण ले रहे हैं पिछले कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। शिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने राकेश तिर्की को बधाई देते हुए कहा कि राकेश तिर्की ने राज्य का ही नहीं देश का भी गौरव बढ़ाया है राँची आने पर उनके लिए विशेष रूप से सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। पदक जीतने पर राकेश तिर्की को इमा के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा, मोहिनी रीतिक टोप्पो, कुंदन उरांव, पीटर कच्छप आदि ने बधाई दी है।

प्रशिक्षण कुलपति ने मशरूम उत्पादन कार्यों की सराहना की, कहा-

छात्रों के लिए आय सृजन का सबसे बेहतर माध्यम है

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के कृषि स्नातक अंतिम वर्ष के 20 छात्र-छात्राओं का दल पिछले करीब छः महीनों से मशरूम उत्पादन की प्रौद्योगिकी से जुड़कर मशरूम उद्यम के गुर सीख रहे है। शुक्रवार को बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने विवि के वरीय पदाधिकारियों के साथ कृषि संकाय के पौधा रोग विज्ञान विभाग द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन यूनिट में छात्र-छात्राओं के एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत मशरूम उत्पादन उद्यम से जुड़े गतिविधियों का अवलोकन किया। मौके पर कुलपति ने छात्र-छात्राओं से मशरूम प्रौद्योगिकी से जुड़े विषयों की सविस्तार जानकारी प्राप्त की। कुलपति ने छात्र-छात्राओं द्वारा सालोभर बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती की गतिविधियों को देखकर खुशी जाहिर करते हुए उनके प्रयासों की सराहना एवं सुखद भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा कि पोष्टिकता एवं औषधिय गुणों की वजह से मशरूम मांसाहारी भोज्य पदार्थों के बेहतर विकल्प बनता जा रहा। मशरूम शाकाहारी लोगों की पहली पसंद बनती जा रही। अब शहर के साथ-साथ ग्रामीण आबादी भी इसे बेहद पसंद करने लगी है। कहा कि मशरूम उद्यम का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ रहे है। अब लोगों के बीच मिल्लेट्स के अलावा मशरूम उत्पाद को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने छः महीनों में एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत छात्र-छात्राओं के पाठ्यक्रम गतिविधियों से अवगत कराया। बताया कि छात्र-छात्राओं को मशरूम उत्पादन प्रौद्योगिकी के साथ-साथ विपणन प्रबंधन, बैंकिंग प्रोजेक्ट आदि विभिन्न विषयों की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर डीन फॉरेस्ट्री डॉ. एमएस मल्लिक, निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह एवं निदेशक छात्र कल्याण डॉ. बीके अग्रवाल ने भी छात्रों द्वारा उत्पादित बटन मशरूम के एकसमान क्वालिटी एवं बढ़ोतरी की प्रशंसा की और प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। मौके पर छात्रा आस्था शर्मा ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मशरूम का काफी कम लागत पर अधिक उत्पादन एवं आर्थिक लाभ ली जा सकती है। इसके बाय प्रोडक्ट कम्पोस्ट के उपयोग से दोहरा लाभ कमाया जा सकता है।

पोष्टिकता एवं औषधिय गुणों की वजह से मशरूम मांसाहारी भोज्य पदार्थों के बेहतर विकल्प बनता जा रहा

त्रिभूवन ज्वेलर्स के संचालक समेत पांच के खिलाफ अदालत ने लिया संज्ञान

रांची। निःशक्त सह लकवाग्रस्त बड़े भाई की हिनू स्थित पांच डिसमिल से अधिक पुश्तैनी जमीन तीन भाइयों द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर हड़प लेने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर अशोक कुमार ने अपने चाचा एवं साजिश में सहयोग करने को लेकर उनके रिश्तेदार के खिलाफ मुकदमा किया है। अदालत ने दर्ज शिकायत पर शिकायतकर्ता के चाचा महेंद्र प्रताप, जितेंद्र प्रताप व वीरेंद्र प्रताप के साथ मेन रोड स्थित त्रिभूवन ज्लेवर्स एवं संस के संचालक सुनील कुमार वर्मा व छोटे भाई सुरेंद्र कुमार वर्मा के खिलाफ संज्ञान ले लिया है। अदालत ने यह संज्ञान जालसाजी कर संपत्ति हड़पने के मामले में लिया है। वहीं अदालत ने आरोपियों की पीड़क कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग को भी ठुकरा दिया है। इससे आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जानकारी हो कि सुनील व सुरेंद्र दोनों स्व. कुलदीप कुमार वर्मा के बेटे हैं एवं महेंद्र प्रताप का रिश्ते में साला लगते हैं।

स्थानीयता तय किए बिना कैसे होगी नियुक्ति : शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ हवा हवाई घोषणा करती रही है। उन्होंने कहा कि लगभग पौने चार वर्ष में भी यह सरकार आज तक न एक फूल प्रूफ नियोजन नीति बना पाई और ना ही स्थानीयता को सही से परिभाषित कर पाई। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधि विभाग के विधिक मुद्दों पर किए विरोध के बावजूद स्थानीय नियोजन नीति को पारित कराया, जिसे उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। 1932 का कट ऑफ डेट सिर्फ एक सरकारी संकल्प से जारी हो सकता था। उन्होंने कहा कि पौने चार वर्षों में मुख्यमंत्री और उनके मंत्री अनेक गाड़ियां बदल चुके हैं। मंत्रियों के लिए करोड़ों रुपये के आलीशान बंगले बन रहे हैं लेकिन झारखंड के युवा आदिवासी मूलवासी बेरोजगारों को कोई पूछ नहीं रहा। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जिन 35 हजार नियुक्तियों की अगस्त से नवंबर के बीच में होने की बात की जा रही है आखिर उसकी बुनियाद क्या होगी? ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बिना नियोजन नीति और स्थानीयता परिभाषित किए सरकार एक बार फिर तृतीय और चतुर्थ वर्ग में 60-40 की नीति के तहत नियुक्ति कर के यहां के आदिवासी मूलवासी का हक मारने जा रही है।

बोकारो स्टील प्लांट के चार हजार आवासों में अवैध कब्जा

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के लगभग 40 हजार आवासों में 4 हजार पर अवैध कब्जा है. शहर के 12 सेक्टरों में फैले इन आवासों का आवंटन और रखरखाव का काम नगर सेवा भवन के जिम्मे है. लेकिन विभाग के कुछ लोगों की मिलीभगत से कई ऐसे रैकेट पनप गए हैं, जो आवासों पर कब्जा कर मोटी कमाई करते हैं. इन अवैध कब्जाधारियों से किराया वसूली के लिए कई गैंग भी सक्रिय हैं. बताया जाता है प्रबंधन के दस्तावेजों में आवासों को डैमेज घोषित कर दिया जाता है और उसे आवास कब्जा करने वाले गैंग के हवाले कर दिया जाता है. आवास कब्जा गैंग आवासों पर कब्जाकर बाहरी लोगों को भाड़े पर देकर मोटी कमाई करते हैं। इसका बड़ा हिस्सा नगर सेवा विभाग के कुछ लोगों की जेब में भी जाता है. हांलाकि बीच-बीच में अवैध कब्जा हटाने के नाम पर कुछ लोगों के आवास खाली भी कराया जाता है, लेकिन फिर उसमें कब्जा हो जाता है. इस खेल में हर माह करीब डेढ़ से दो करोड़ का अवैध कमाई का खेल अधिकारियों और दलालों की टीम करती है. इस पूरे खेल में विभाग के कुछ अधिकारी, राजनीतिक दलों के नेता, यूनियनों के कुछ नेता और शहर में सक्रिय रंगदारों की टोलियां शामिल रहती हैं. हांलाकि इस विषय पर विभाग का कोई भी अधिकारी अपना पक्ष देने को तैयार नहीं है. हांलाकि यह पूरा खेल अब सार्वजनिक होने लगा है. मालूम हो कि बीएसएल कर्मी बिरजू प्रसाद डोम ने गत 9 अगस्त को सेक्टर-4 थाना में नगर सेवा विभाग के आवास आवंटन अधिकारी और वहां पर सक्रिय दलालों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है. बिरजू प्रसाद डोम के नाम पर शहर के सेक्टर-4 में दो और सेक्टर-3 में एक आवास का आवंटन बगैर उनके किसी आवेदन कर दिया गया है. बिरजू प्रसाद डोम की सैलरी से चार आवासों का रेंट कटता है, जबकि वास्तविकता में वह एक आवास में ही रहता है. अन्य तीन आवास उसे कब और किस आधार पर आवंटित कर दिया गया, उसे कुछ पता नहीं है. वह इस मामले को लेकर जब नगर सेवा भवन पहुंचा तो जानकारी मिली कि उनके साथ काम करने वाला बीएसएल कर्मी अजय कुमार ने नगर सेवा विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से ही सारा खेल खेला है. अजय कुमार ने बिरजू के नाम पर आवंटित आवास को किराए में लगा दिया है.

जमुआ प्रखंड कार्यालय से किसान मित्र की बाइक चोरी

गिरिडीह। जमुआ प्रखण्ड परिसर से 11 अगस्त को 12 बजे दिन में बाइक में की चोरी हो गई. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है. रांगामाटी निवासी किसान मित्र नरेश कुमार वर्मा ने जमुआ थाना को दिए आवेदन में कहा है कि वह हरे रंग की स्प्लेंडर प्लस बाइक खल्ल-11ङ -2462 से जमुआ प्रखंड परिसर स्थित कृषि व सहकारिता कार्यालय आया था. यहां वह ऑफिस के बाहर अपनी बाइक खड़ीकर ऑफिस के अंदर गया और लगभग 20 मिनट बाद निकला तो बाइक गायब थी. इधर जमुआ थाना प्रभारी बिपिन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. मालूम हो कि प्रखंड परिसर से पूर्व में भी बाइक की चोरी हो चुकी है. प्रखंड परिसर में सीसीटीवी कैमरा होता तो किसान मित्र की बाइक चोरी नहीं होती. बताया जाता है मॉडल प्रखंड के अंदर सीसीटीवी कैमरा लगा है पर पूरे परिसर कैमरे से वंचित है. इधर जमुआ प्रमुख ने घटना की निंदा की है.

वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

रांची यातायात पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर बांटा रेनकोट-रेनबूट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आज 11/2023 को यमुना अपार्टमेंट, अनंतपुर में वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के द्वारा रांची ट्रैफिक पुलिस को सम्मानित करते हुए उनके बीच रेनकोट और रेनबूट का वितरण किया गया। इस समारोह में वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल, आरक्षी अधीक्षक शुभांशु जैन, यातायात आरक्षी अधीक्षक हारिस बिन जमां, यातायात उप पुलिस अधीक्षक जितवाहन उरांव तथा विभिन्न थानों के थाना प्रभारी मौजूद थे इनके अलावा पूर्व पार्षद अरुण झा, पप्पू गद्दी, ओम प्रकाश जी उपस्थित थे। समारोह में वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल जी ने इस संस्था के एक से बढ़कर एक किये गये कार्यों की बहुत ही सराहना की तथा आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों के करने के लिए प्रोत्साहन दी। समारोह की अध्यक्षता श्री राजीव चटर्जी के द्वारा किया गया गया तथा आये हुए सभी गण्यमान्य व्यक्तियों को उनके द्वारा सम्मानित किया गया। इस सामरोह को सफल बनाने में महासचिव पवन कुमार झा, उपाध्यक्ष संजय सहाय, संजीव सिंह, सचिव मिंटू सिंह, देवोजित चटर्जी, सुभोजित डे, साकिब, अश्विनी, चन्दन, रिंकू, जैनुल आबेदीन अकील अख्तर, अनिल, शहजाद, रविंद्र, बरी, पवन एवं अन्य का बहुत ही बड़ा योगदान रहा।

पूर्व विधायक संजीव सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच भेजा गया रिम्स

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। हाई कोर्ट के आदेश के बाद पूर्व विधायक संजीव सिंह को शुक्रवार 11 अगस्त को भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ रिम्स रांची ले जाया गया. जेल में गिर जाने के बाद पूर्व विधायक संजीव सिंह को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 10 जुलाई को भर्ती करवाया गया था. लेकिन उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं था. इस दौरान पूर्व विधायक की पत्नी सह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और भाजपा के दर्जनों समर्थक एसएनएमएमसीएच अस्पताल में जमे हुए थे. मौके पर रागिनी सिंह ने कहा कि तीन दिन से पूर्व विधायक को रिम्स ले जाने की बात जेल प्रशासन कर रहा था. लेकिन एम्बुलेंस हड़ताल का बहाना बनाया जाता रहा. शुक्रवार को नाराजगी जाहिर करने पर निजी एम्बुलेंस से संजीव सिंह को रिम्स ले जाया गया. गौरतलब है कि रागिनी सिंह की याचिका पर हाईकोर्ट ने मंगलवार 8 अगस्त को संजीव सिंह को रिम्स भजने का आदेश दिया था. बता दे कि पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड मामले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह आरोपी है. वो 2017 से इस मामले में जेल में बंद है. एंबुलेंस हड़ताल को लेकर रागिनी सिंह ने सरकार को जमकर घेरा. उन्होंने कहा कि एसएनएमएमसीएच अस्पताल में कोई व्यवस्था नही है. एम्बुलेंस हड़ताल के कारण आम लोग 5 हजार रुपए किराया देकर रांची अपने मरीज को लेकर जा रहे है. राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है, सरकार को आम लोगो से कोई सरोकार नही है.

गिरिडीह : भाकपा माले 14 को निकालेगी संविधान बचाओ मार्च

गिरिडीह। धनवार उत्तराखंड में भाकपा माले की प्रखंड स्तरीय जीबी बैठक हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अगस्त को आजादी मार्च में धनवार से हजारों लोग शामिल होंगे. कहा गया कि संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ और भाजपा हटाओ के संकल्प के साथ माले कार्यकर्ता बिरनी से बरमसिया तक चलेंगे. माले नेता राजकुमार यादव ने कहा कि 14 अगस्त को भाजपा हटाओ, देश बचाओ आजादी मार्च बिरनी के बरमसिया से निकाली जाएगी. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए 14 अगस्त को हजारों की संख्या में लोग बिरनी बरमसिया चलेंगे. कहा कि जब से भाजपा के नेता चुनाव जीते हैं, लगातार यहां पर आदिवासियों और दलितों के पर हमले तेज हो गए हैं. जब से कोडरमा और धनवार में भाजपा के सांसद व विधायक बने हैं, तब से ब्लॉक और अंचल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है.

बालीडीह में ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। बालीडीह थाना क्षेत्र के बोकारो औद्योगिक क्षेत्र में बल्ब फैक्ट्री मोड़ पर 11 अगस्त शुक्रवार की सुबह अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया. बाइक सवार कृष्ण गोपाल सिंह (45) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जानकारी के अनुसार गोडाबाली गांव निवासी कृष्ण गोपाल सिंह सुबह करीब 7 बजे अपने बच्चों को होली क्रॉस स्कूल छोड़कर बाइक से घर लौट रहे थे. तभी औद्योगिक क्षेत्र में बल्ब फैक्ट्री के पास सामने से तेज गति से आ रहे सीमेंट लदे ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया. ट्रक की गति इतनी तेज थी कि वह बाइक को कुछ दूर घसीटते हुए ले गया. आसपास के लोगों के शोर मचाने पर चालक ट्रक को खड़ा कर भाग निकला. घटना के बाद मृतक के परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मुआवजा की मांग को लेकर औद्योगिक क्षेत्र जाने वाली मुख्य सड़क को बल्ब फैक्ट्री के पास जाम कर दिया. जाम की वजहसे सीमेंट कंपनी सहित अन्य फैक्ट्रियों में जाने वाले ट्रकों की लंबी कतार लग गई. परिजन मृतक के आश्रित को सीमेंट कंपनी में स्थायी नौकरी, 20 लाख रुपए मुआवजा और उक्त स्थल पर सड़क को चौड़ी करने की मांग कर रहे थे. साथ ही प्रशासन से आद्योगिक क्षेत्र में अवागमन करने वाले वाहनों की गति नियंत्रित करने की भी मांग कर रहे थे. सूचना मिलते ही चास के सीओ, बीडीओ व बालीडीह थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर सड़क जाम कर रहे लोगों को काफी समझा. कई राजनीतिक दलों के नेता भी मोके पहुचे. ग्रामीण प्रशासन से मांगों पर त्वरित अमल की मांग पर अड़े हुए थे.

राम लखन सिंह यादव कॉलेज के एम कॉम अंतिम सेमेस्टर के छात्रों की हुई विदाई

रांची। कोकर स्थित राम लखन सिंह यादव कॉलेज के सत्र 2021-2023 के छात्रों की विदाई हुई। सभी छात्रों का भाईवा लिया गया और अपने अपने विषय के अनुसार प्रोजेक्ट जमा किया गया, परीक्षा लेने के लिऐ रॉंची विश्वविद्यालय के कॉमर्स के हेड ऑफ डीन-डॉ अजय कुमार चट्टोराज मुख्यरूप से उपस्थित थे . साथ में सहयोगी महाविद्यालय कॉमर्स विभाग के डॉ॰ चच्चु पाठक, डॉ. राजश्री कौशिक, प्रिंस कुमार, गौतम प्रसाद साहु, तोरल सोनली टोप्पो, मिलन कविराज, गोपाल यादव, ये सभी में उपस्थित में छात्रों में मुख्य रूप से महाविधालय छात्र संघ के सचिव रवि अग्रवाल और अन्य सभी छात्रों की उपस्थिति रही. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे पी सिंह जी कहॉं छात्रों से सभी को उज्ज्वल भविष्य की कामना और भविष्य में अपने अपने क्षेत्रों में आगे बढ़ाने में बधाई और शुभकामनाएँ दिया और कहॉं की आप सभी आगे जाकर देश की अर्थव्यवस्था की अच्छा से निर्माण करें और देश सेवा राष्ट्र सेवा के साथ भविष्य को बनाएं।

जमससं कारो परियोजना कमेटी का पुनर्गठन

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। जनता मजदूर संघ की बैठक 11 अगस्त को करगली स्थित कल्याण मंडप में एरिया अध्यक्ष राहुल कुमार की अध्यक्षता में हुई. बैठक में संघ के सीसीएल जोनल सचिव ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह, ढोरी एरिया अध्यक्ष धीरज पांडेय, सचिव विकास सिंह व ढोरी क्षेत्र कल्याण समिति सदस्य ओमशंकर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में सर्वसम्मति से कारो परियोजना शाखा कमेटी का पुनर्गठन किया गया. इसमें अध्यक्ष आनंद कुमार, उपाध्यक्ष नौखलाल मंडल, सचिव विनोद कुमार शर्मा, सह सचिव राजीव रंजन, संगठन मंत्री अखिलेश सिंह व कोषाध्यक्ष के रुप में उत्पल कुमार का चयन किया गया. पिंटू कुमार, विनय सिंह, पंकज सिंह, उमेश कुमार, बैजनाथ राम, चंद्रशेखर कपद्दार, मनोहर रजवार सहित 21 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए. इस अवसर पर टीनू सिंह ने कहा कि जनता मजदूर संघ से प्रभावित हो कर मजदूरों की फौज दिन प्रतिदिन संघ की ओर बढ़ रही है. राहुल कुमार ने कहा कि संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम मजदूर मसीहा के रूप निरन्तर काम कर रहे हैं.

हजारीबाग कर्जन ग्राउंड में फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को हजारीबाग कर्जन ग्राउंड में आयोजित होने वाले फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का उद्घाटन डीसी नैंसी सहाय ने किक मारकर किया. बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों के बीच उद्घाटन मैच लुक्का स्पोर्टिंग क्लब, सिंदूर बनाम साई राम क्लब, डंडई के बीच खेला गया. उद्घाटन मैच में लुक्का स्पोर्टिंग क्लब, सिंदूर 2-0 से विजय हुआ. हजारीबाग फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 20 क्लब भाग ले रही हैं. सभी मैच कर्जन ग्राउंड में खेला जायेगा. लीग मैच के आयोजन के माध्यम से संतोष ट्रॉफी के लिए हजारीबाग जिला टीम का गठन किया जाएगा. मौके पर अंतर जिला के लिए हजारीबाग जिला टीम 10 सितंबर से गढ़वा में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी. इस मौके पर हजारीबाग एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक कुमार, कार्यकारी उपाध्यक्ष मोहम्मद मंसूर आलम, सचिव कोलेश्वर गोप, उपसचिव सुरेंद्र राम आदि मौजूद थे. इस लीग मैच में निर्णायक के रूप में विकास कुमार दास, शशि कुमार दास आदि उपस्थित थे.

विश्व आदिवासी दिवस पर खेल प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार ने 'झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023' का आयोजन किया. मौके पर झारखंड के सभी जिलों में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई. कोडरमा जिले में भी दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं में युवाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई. 9 अगस्त को आदिवासी समुदाय के प्रतिभागियों ने एथेलेटिक्स और तीरंदाजी में भाग लिया. वहीं दूसरे दिन फुटबॉल एवं हॉकी का मैच खेला गया. 10 अगस्त को आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सरिता पूर्ति प्रथम, किरण पूर्ति द्वितीय, सुनीता किंडो तृतीय स्थान पर रहीं जबकि बालक वर्ग में स्मिथ उरांव प्रथम, शोमा हेम्ब्रोम द्वितीय और बिरसा पूर्ति ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया. वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता में पहले स्थान पर मरियमपुर की टीम रही, बिरसा नगर उप विजेता जबकि अम्बादहा तृतीय स्थान पर रही. वहीं बालिका वर्ग में मरियमपुर की टीम विजेता, मालवा उप विजेता जबकि बेंदी तृतीय स्थान पर रही. वहीं हॉकी बालिका वर्ग में मरकच्चो की टीम विजेता रही।

अक्सा पावर के शोरूम का उद्घाटन

रांची। राजधानी के किशोरगंज चौक (क्रॉउन पब्लिक स्कूल के सामने) स्थित इनवर्टर और बैटरी का मल्टी ब्रांड अक्सा पावर के शोरूम का उद्घाटन शुक्रवार को प्रतिष्ठान के संचालक मो. जावेद आलम की सुपुत्री अक्सा अख्तारी, नायरा अख्तरी द्वारा किया गया। इस मौके पर संचालक मो. आलम ने कहा कि यहां विश्वस्तरीय गुणवत्ता युक्त मल्टी ब्रांड बैटरी ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगी। जिसमें एक्साइड, लुमिनस ,माइक्रोटेक, ओकाया ,लाइव फास्ट, एमरोंन ,लाइव गार्ड समेत अन्य ब्रांड की बैटरी शामिल है। उन्होंने बताया कि टू व्हीलर, फोर व्हीलर की भी बैटरी उचित मूल्य पर उपलब्ध है। साथ ही बजाज फाइनेंस की सुविधा ग्राहकों के लिए यहां उपलब्ध कराई गई है। उद्घाटन के मौके पर विशेष रूप से उपस्थित व्यवस्थापक मो. हनी ने कहा कि ग्राहकों को किफायती दर पर विभिन्न ब्रांड के बैटरी व इनवर्टर आदि अक्सा पावर शोरूम में उपलब्ध होंगे। इस मौके पर बैटरी निर्माता कंपनियों के अधिकारीगण, हीरालाल चौरसिया, मो. सिराजुद्दीन ,मुकेश कुमार, अभिनंदन, राकेश, मनीष, कन्हैया, मनिरुद्दीन, मो. मंसूर आलम, मुकेश कुमार, सुनील रजक, मो. साबिर, मो.सईद, नायरा अख्तरी, हमजा, आमिर, अरकम, फरहान सहित अन्य मौजूद थे।

घाटशिला : प्रखंड में मिले मलेरिया के 21 पॉजिटिव मरीज, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

जमशेदपुर। घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के डाईनमारी गांव के कांटाबनी टोला में 20 लोग मलेरिया से पीड़ित हैं. सभी मरीजों का इलाज चल रहा है. जबकि बासाडेरा गांव में एक व्यक्ति मलेरिया से पीड़ित है. शुक्रवार को प्रखंड के छतरडांगा गांव में कुल 17 लोगों की मलेरिया जांच की गई, जिसमें एक भी पॉजिटिव नहीं पाया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ शंकर टुडू ने बताया कि झांटीझरना पंचायत प्रखंड का मलेरिया जोन के रूप में चिन्हित है. यहां के लोग बाहर काम करने जाते हैं जिसके कारण प्रत्येक वर्ष मलेरिया के मरीज यहां पाए जाते हैं. छातरडांगा गांव में जांच के दौरान मलेरिया का एक भी मरीज नहीं मिला है. यहां आई फ्लू के पांच मरीज पाए गए हैं, जिन्हें दवा उपलब्ध करा दी गई है. उन्होंने कहा कि पूरे घाटशिला प्रखंड में फिलहाल मलेरिया के मरीज मिले हैं, पर डेंगू का एक भी मरीज अभी तक जांच में नहीं पाया गया है और ना ही किसी तरह के लक्षण मिले है. गालूडीह के एक निजी नर्सिंग होम के संचालक ने सूचना दी है कि उनके नर्सिंग होम में जांच के दौरान दो लोगों में डेंगू मिला है. दोनों युवक आमचूड़िया गांव के रहने वाले हैं.

सम्मानित | बीएड विभाग ने किया आदिवासी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

आदिवासी संस्कृति को जीवित रखें : एसडीपीओ

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। कॉलेज के बीएड विभाग द्वारा आदिवासी दिवस के उपलक्ष पर शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सदर एसडीपीओ दिलीप खालखो तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर महिला थाना प्रभारी मीनू कुमारी मौजूद थी. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों तथा बीएड विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ बीएड सेमेस्टर प्रथम तथा चतुर्थ की छात्राओं द्वारा विभिन्न आदिवासी प्रार्थना के साथ हुआ. इस दौरान छात्राओं ने आदिवासी समाज जैसे संथाल, उरांव, हो, मुंडा, कुरमाली इत्यादि की संस्कृति को झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया. साथ ही आदिवासी समाज के सभी महापुरुषों व विभिन्न क्षेत्रों में सफल रहे लोगों को याद किया गया. इस अवसर पर सदर एसडीपीओ दिलीप खलखो ने सभी छात्राओं को आदिवासी समाज की आंतरिक शक्ति और अवसर मिलने पर राष्ट्र एवं विश्व स्तर पर उनके प्रदर्शन को रेखांकित किया. कहा कि देश में आदिवासी की सांस्कृतिक परंपरा को जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी हैं. उन्होंने सभी छात्राओं को आदिवासी समाज के संस्कृति को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया. मौके पर महिला सदर थाना प्रभारी मीनू कुमारी ने छात्राओं को स्वतंत्र एवं सुरक्षित रहकर पढ़ाई पूरी कर सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया. कार्यक्रम में स्वागत भाषण बीएड के विभागाध्यक्ष मोबारक करीम हाशमी ने दिया. कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय एनएसएस द्वारा आयोजित जिला स्तरीय भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को सदर एसडीपीओ दिलीप खालखो तथा महिला थाना प्रभारी मीनू कुमारी द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक, बोले

रामगढ़ के सहायक अभियंताओं व प्रखंड समन्वयकों को प्रशिक्षण दें

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली। नमामि गंगे योजना के तहत गंगा एवं उसकी सहायक नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से संचालित भुवन गंगा एप के माध्यम से रामगढ़ जिले के विभिन्न जल स्त्रोतों में ड्रेनेज व डंप स्थलों को चिन्हित कर जिओटैग करने को लेकर उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के सहायक अभियंताओं व प्रखंड समन्यवकों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को आगामी 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों द्वारा निकाले जाने वाली प्रभात फेरी की जानकारी दी गयी। इस संबंध में उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराने व ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस दौरान नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने नमामि गंगे योजना के तहत इस वर्ष के लिए बनाए गए कैलेंडर के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने, रामगढ़ जिले को धार्मिक रूप से पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

आईसेक्ट विवि. में रोजगार मेला लगा

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के मटवारी स्थित सिटी कैंपस परिसर में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया. इसमें बंधन बैंक, एक्सिस बैंक, पेटीएम, रिलायंस, डी मार्ट समेत 20 से अधिक कंपनियां रोजगार मेले में शामिल हुई. रोजगार मेले में हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, रामगढ़ समेत अन्य जगहों से लगभग 1000 रोजगार पाने को इच्छुक उम्मीदवार शामिल हुए. प्रमाण पत्र, साक्षात्कार और अनुभव के आधार पर रोजगार मेले में शामिल युवाओं में 200 से उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया. विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने बताया कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय में इससे पहले भी रोजगार मेले का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें सैकड़ों योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं. उन्होंने बताया कि बैंकिंग, एजुकेशन, फाइनांस, सेल्स एंड मार्केटिंग, लॉजिस्टिक, रिटेल्स, मैनुफैक्चरिंग समेत अन्य क्षेत्रों से संबंधित कंपनियों को बुलाया गया है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में युवा अपनी रूचि और योग्यता के अनुसार जॉब का चुनाव कर सकें.

विधायक ने किया नल जल योजना का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के सलैया और कपका पंचायत में विधायक अमित कुमार यादव ने हर घर नल जल योजना का आधारशिला रखा। मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले टोला मोहल्ला में मुश्किल से चापाकल मिलता था। जिससे लोंगो को काफी दिक्कत होती थी। इसलिए सरकार ने हर घर नलजल योजना से घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इस योजना को बेहतर तरीके से संचालन करना ग्रामीणों का दायित्व है। कहा कि सलैया मोड़ से प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा भाया मनसिंघा होते जीटी रोड तक सड़क और बरसोती नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति हो चुकी है। बहुत जल्द उसका कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं वाटर लेबल को उपर लाने के साथ साथ सिंचाई के लिए डीएमफटी फंड से वृहत चेकडैम बनाया जाएगा। समारोह में प्रमुख रेणु देवी, मुखिया कमलेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, शिवशंकर यादव, समन ठाकुर, मो खलील अंसारी, बुलाकी प्रसाद, रामेश्वर महतो, रघुवीर महतो, प्रदीप प्रसाद, राजेश कुमार, बालेश्वर ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

झारोटेफ के निर्वाचित जिला सचिव का स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

बरही । तिलैया सीआरसी बरही के शिक्षकों ने झारोटेफ के नवनिर्वाचित सचिव किशोरी महतो का स्वागत किया गया. विदित हो कि 6 अगस्त को झारोटेफ के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं महिला अध्यक्षा का चुनाव हुआ. जिसमें रंजीत वर्मा, अध्यक्ष, किशोरी महतो सचिव, गणेश प्रसाद कोषाध्यक्ष, अख्तरी खातून महिला अध्यक्षा चुनी गई थी. नवनिर्वाचित जिला सचिव ने सभी का धन्यवाद किया एवं विश्वास दिलाया कि संगठन की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा. शिक्षिका निर्मला कुमारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन को आगे बढ़ाने में मातृ शक्ति भी कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए हमेशा तैयार रहेंगी. कार्यक्रम में अमरदीप शर्मा, बालेश्वर पंडित, वीरेंद्र प्रसाद, निर्मला कुमारी, शहीद अख्तर, मुबारक हुसैन, सिराजुद्दीन, ताजुद्दीन अंसारी, सदाकत हुसैन आदि शिक्षक उपस्थित थे.

विभावि के विस्तार के लिए कुलपति ने जगाई आस

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग स्थित विज्ञान भवन के आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को आयुक्त सह कुलपति सुमन कैथरीन किस्पोट्टा के साथ शिक्षकों की अनौपचारिक भेंटवार्ता आयोजित की गई. अपने संबोधन में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सह कुलपति ने कहा कि वह आज से ही विश्वविद्यालय के भूखंड संबंधी मांग पर कार्य करना प्रारंभ करेंगी. विश्वविद्यालय के अधिकारियों को उन्होंने कहा कि इस संबंध में अब तक हुए पत्राचार एवं इससे संबंधित दस्तावेज उन्हें यथाशीघ्र उपलब्ध करा दें. कुलपति ने बताया कि उनके स्तर पर कोई भी संचिका लंबित नहीं रहती है. जो भी संचिका उनके समक्ष प्रस्तुत की जाती है उसका निष्पादन वह उसी दिन करती हैं.

'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत शपथ सम्मान समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़ : राधा गोविंद विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत वीर सेनानियों कि याद में शपथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के लिए 9 अगस्त से सम्पूर्ण देश में इस तरह के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । विवि द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम इसी कड़ी का एक हिस्सा रहा । कार्यक्रम में राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट कि सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, विवि प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य अजय कुमार कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पूनम कुमारी (विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग) सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे । ट्रस्ट की सचिव सह कुशल समाजसेविका प्रियंका कुमारी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम हमारे देश के विकास और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है । यह कार्यक्रम भारतीय समाज को अपने मूल्यों और संस्कृति के प्रति संवेदनशील बनाने का एक प्रयास है । शपथ सम्मान समारोह में विवि के अधिकारियों, व्याख्याताओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा अपने देश के प्रति कर्त्तव्यों के पालन हेतु पांच महत्वपूर्ण प्रण लिए।

बरही में पंचायत समिति की बैठक

बरही । प्रमुख मनोज कुमार रजक की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड सभागार में संपन्न हुई. जिसमे मुख्य रूप से बीडीओ सी आर इंदीवर उपस्थित थी. 15वीं वित के विजय कुमार से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में सत्र 2023-24 के लिए एक करोड़ बीस लाख की लागत की नई योजनाओं का चयन किया गया. सभी सदस्यों को अपने कार्यक्षेत्र के लिए योजना चयन करने की बात कही गई. बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने दीप जलाकर वीरों के नमन पर आधारित कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश हेतु शपथ लिया. विदित को हो कि आगामी 15 अगस्त तक वीरो को वंदन करते हुए उनकी याद में मिट्टी का नमन और वंदन कार्यक्रम चलाए जा रहे है. बैठक में पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद, रेखा देवी, मो तैयब, मो यूसुफ, जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर, संतोषी कुमारी, प्रभु यादव, अख्तरी खातून, मनोज कुमार यादव, रौशन खातून, विकास कुमार सिन्हा, रेखा देवी, कलावती देवी सहित जितेंद्र कुमार गिरि, कामेश्वर रविदास इत्यादि मौजूद थे.

श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय समूह देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 10 अगस्त को अंतर सदनीय समूह देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।यह प्रतियोगिता चार सदनों के बीच आयोजित कि गई । साहेबजादा अजीत सिंह,साहेबजादा जुझार सिंह, साहेबजादा जोरावर सिंह और साहेबजादा फतेह सिंह सदन के बीच । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक राजेश सिंह ने किया ।यह प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं के बच्चों के बीच हुआ। जिसमें प्रथम जुझार सिंह हाउस, द्वितीय फतेह सिंह हाउस और तृतीय अजीत सिंह हाउस रहे । प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया । प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य में बेहतर करने की कामना की। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थे।

महिला से 60 हजार छिनकर भागे दो उच्चके

हजारीबाग। हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र के सरदार चौक स्थित आईडीबीआई बैंक से शुक्रवार को निकलकर जा रही महिला से उचक्के 60 हजार रुपए छीनकर फरार हो गए. घटना दिन के 12:30 बजे के आसपास की है. महिला सरदार चौक के पास की ही रहने वाली शहनाज खातून है. महिला ने बताया कि ऑपरेशन के लिए पैसे निकाली थीं और प्लास्टिक में रखकर घर जा रही थीं. इसी बीच एक बाइक पर सवार दो उचक्के पीछे से आकर नोट वाला थैला खींच कर भागने लगे. महिला उचक्कों से भिड़ गई, लेकिन पैसे नहीं बचा पायी. पांच मिनट छीना-झपटी के दौरान उच्चकों ने महिला को धक्का देकर गिरा दिया और पैसे लेकर फरार हो गए. महिला पकड़ो-पकड़ो चिल्लाती रही, लेकिन कहीं से किसी का भी सहयोग नहीं मिला. यह भीड़ भरा बीच शहर का इलाका है. इधर लोगों का कहना है कि शहर को किसी कि नजर लग गई है. लगातार चोरी और छिनतई की घटनाएं बढ़ रही है.

ग्रीन और रेनी डे महोत्सव

डीएवी के बच्चों ने जाना हरियाली का महत्व

नवीन मेल संवाददाता

बरही । डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एलकेजी से स्टैंडर्ड दो तक के नन्हे मुन्हें विद्यार्थियो के बीच ग्रीन डे व रेनी डे महोत्सव मनाया गया. इस अवसर पर रंग बिरंगे छतरी के बीच बच्चों की विशेष छटा देखते ही बन रही थी. प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बच्चों को वर्षा और हरियाली की विशेषता बताई. साथ ही पेड़-पौधे जैसे प्रकृति के अमूल धरोहर की रक्षा पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि बेहतर समाज निर्माण के लिए बचपन से ही प्राकृतिक संरक्षण की आदत बनाना अनिवार्य है. अंत में उन्होंने उपस्थित बच्चों को पेड़ लगाने, उसकी रक्षा और जल संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई. कार्यक्रम संचालन में कला शिक्षक ललन यादव की विशेष भूमिका रही. जिसे सफल बनाने में एलकेजी से स्टैंडर्ड दो की सभी शिक्षिकाएं मुन्नी कुमारी, उषा कुमारी, अनुराधा कुमारी, नीरू कुमारी, ममता कुमारी, संध्या सिंह, आरती कुमारी ने सार्थक भुमिका निभाई. उक्त जानकारी शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने दी.

बरकट्ठा के गैड़ा निवासी संदीप पासवान महाराष्ट्र के नागुर जिला से लापता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के गैडा निवासी संदीप पासवान उर्फ मोटू 21 वर्ष, पिता मंगल देव पासवान पिछले 5 अगस्त को महाराष्ट्र के नागुर जिले के सुभाष नगर टाइगर होटल से गायब है। इनके भाई रंजीत पासवान ने अपना मोबाइल नंबर जारी करते हुए कहा है कि यदि किन्हीं को मेरा भाई संदीप पासवान जो काला रंग का टी शर्ट और काला फुल पैंट पहना हुआ है, लंबाई 5 फीट 6 इंच है,रंग सांवला है यदि किन्हीं को मिले तो 9871444350,6200495445 पर संपर्क कर इसकी जानकारी अवश्य दें। इसके लिए इन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों से संपर्क कर अपने भाई की खोज के लिए मदद की गुहार लगाई है।

बरकट्ठा : विधायक ने किया राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम का शुभारंभ

बरकट्ठा। बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के सभागार में राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन एमडीए-2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में विधायक अमित कुमार यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने लोगों से फाइलेरिया रोधी और कृमिनाशक दवा की एकल खुराक का सार्वजनिक सेवन करने की अपील की, ताकि इस कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके. 25 अगस्त तक यह अभियान चलने की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार, चिकित्सा प्रभारी रत्ना रानी, प्रमुख रेणु देवी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल के अलावा कई लोग उपस्थित थे.

घोषणा

रामगढ़ में वैश्य मोर्चा का सम्मेलन सह केंद्रीय बैठक आयोजित

27 प्रतिशत आरक्षण के लिए आंदोलन तेज करने का निर्णय

12 अक्टूबर को रांची में होगा 5वां स्थापना दिवस समारोह

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़/रांची। शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा रामगढ़ के गोला रोड स्थित तुलसी स्मृति भवन में वैश्य क्रांति सम्मेलन सह केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित किया गया. सम्मेलन में रामगढ़ सहित रांची, हजारीबाग, चतरा, बोकारो, धनबाद आदि जिलों के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए. सम्मेलन की अध्यक्षता वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया. सम्मेलन में सर्वसम्मति से संकल्प पारित कर घोषणा की गयी कि ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे दुकानदारों-व्यवसायियों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की सुरक्षा एवं सम्मान आदि मुद्दों को लेकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा. यह भी तय किया गया कि डॉ. राममनोहर लोहिया के पुण्यतिथि पर 12 अक्टूबर को रांची में 5वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा. इसके पूर्व सभी केंद्रीय पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में सम्मेलन एवं बैठक का आयोजन करेंगे. इस अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं वैश्य हूं और वैश्यों के साथ-साथ ओबीसी की भी लड़ाई लड़ रहा हूं. हम किसी जाति या समुदाय के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन ओबीसी का 27% आरक्षण पर संवैधानिक अधिकार है. इसका कोई विरोध करता है तो वह वैश्य ही नहीं, बल्कि ओबीसी विरोधी भी है. साहू ने कहा कि रामगढ़ क्रांतिकारियों की भूमि है. यहां से जो भी आंदोलन शुरू किया गया है, उसे सफलता मिली है. हम गांधी जी के वंशज है. कोई भी कुबार्नी देनी पड़ी तो देंगे. लेकिन वैश्यों को मान-सम्मान और अधिकार दिला कर रहेंगे. कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु (कांके) ने कहा कि वैश्य मोर्चा एक लड़ाकू संगठन है. इस संगठन का काम ही वैश्यों के हितों की रक्षा करना है. वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी (रांची) ने कहा कि आज जो भी सांसद, विधायक बन रहे हैं, वैश्य मोर्चा के आंदोलन और अभियान का देन है. सम्मेलन को केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल, केंद्रीय सचिव रमाशंकर राजन, गुड्डू साहा, लखन अग्रवाल, केंद्रीय संगठन सचिव अनिल वैश्य, उपेन्द्र गुप्ता, महिला मोर्चा की महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू आदि ने भी संबोधित किया. अंत में एक प्रस्ताव पारित कर रसदा ग्राम निवासी माही रेस्टोरेंट के मालिक रौशन साव की हत्या की कड़ी निंदा की गयी और पुलिस प्रशासन से हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की गई. धन्यवाद ज्ञापन संजय अग्रवाल ने किया. इस सम्मेलन में मुख्य रूप से रामनाथ साहू, जेपी अग्रवाल, कृष्णा प्रसाद साहू, रोहित कुमार साहू, प्रमोद गुप्ता, नरेश साहू, मनोज साहू, त्रिभुवन प्रसाद, मुकेशलाल सिंदूरिया, दिलीप भगत, प्रेम प्रकाश गुप्ता, राकेश चौधरी, एल.बी. साहू, गौतम साहू, तारणी साहू, आदि उपस्थित थे।

हजारीबाग : मंदिर की जमीन बचाने के लिए गोलबंद हुई महिलाएं

हजारीबाग। गांव की मंदिर की जमीन को भू-माफियाओं से बचाने के लिए अब महिलाएं गोलबंद हो गई हैं. इतना ही नहीं भू-माफियाओं को खदेड़ने के लिए ग्रामीण महिलाओं ने बैठक कर मोर्चा भी खोल दिया है. सभी ने भू-माफियाओं को चेतावनी भी दी है कि मंदिर की जमीन की खरीद-फरोख्त की, तो उनकी खैर नहीं. दरअसल हजारीबाग के सदर प्रखंड स्थित शिवांगना शिव मंदिर परिसर में सार्वजनिक रामनवमी मेला, दुर्गा पूजा मेला एवं अन्य धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मंदिर की दो एकड़ भूमि में पिछले 100 साल से भी अधिक समय से होता आ रहा है. पिछले तीन-चार वर्षों से भू-माफिया मंदिर जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं. महिलाओं ने बताया कि इस मामले को लेकर गोपाल शिवांगना शिव मंदिर सेवा संस्थान एवं जनप्रतिनिधियों ने हजारीबाग की उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, उप समाहर्ता, अंचल अधिकारी और मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो को पूर्व में आवेदन भी दिया था. आवेदन देने के बाद शिव गंगा मंदिर बाहरी सखिया में सदर अंचल के अंचलाधिकारी राजेश कुमार के आदेश पर राजस्व कर्मचारी सुबोध कुमार, अमीन संजय कुमार, मुफ्फसिल प्रभारी बजरंग महतो, एएसआई अनिल कुमार एवं पूरी टीम ने मंदिर परिसर की जांच की.

कोलेबिरा में 'मेरी मिट्टी मेरा देश' कार्यक्रम आयोजित

याद किए गए शहीद किरण सुरीन

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। नवाटोली पंचायत के राजस्व ग्राम सरंगापनी के सनबोथा ग्राम के अमृत सरोवर में अजादी के अमृत महोत्सव के पावन बेला में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित कर सर्व प्रथम पंचायत के गोवरधांसा ग्राम निवासी वीर शहीद किरण सुरीन के माता गलेडी सुरीन का पांव धोकर स्वागत करते हुए मुखिया कल्पना देवी के द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया साथ ही शहीद किरण सुरीन के माता द्वारा अमृत सरोवर में झंडोत्तोलन किया गया झंडोत्तोलन करते ही वीर शहीद किरण सुरीन अमर रहे वंदे मातरम के नारों से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान हो गया और कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण शहीदों के बलिदान को याद करते हुए सभी आंखें नम हुई।साथ ही अमृत सरोवर के समीप 75 स्वदेशी पोंधों का रोपण किया गया साथ ही अमृत काल के पंच प्रण विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता ,नागरिकों में कर्तव्य कि भावना ,का शपथ लेते हुए अमृत कलश में मिट्टी रखते हुए मिट्टी को नमन वीरों का वंदन करते हुए प्रभात फेरी लगाया गया ।इस मौके पर मुखिया कल्पना देवी पंचायत समिति सदस्य मोनिका देवी , पंचायती राज प्रभारी प्रदीप कच्छप , अनुज प्रधान,पंचायत सेवक दिनेश ओहदार ,रोजगार सेवक करिशमा बड़ाईक, राजस्व कर्मचारी शिला खलखो , सीसी ललित कुमार वार्ड सदस्य फुलमनी जोजो ,वीणा कुमारी ,सुचिता देवी ,जोलजेन देवी ,धीरज लोहरा , लक्ष्मीनारायण सिंह, राजकुमार सिंह, सिकंदर प्रधान, शहर नायक, विनोद कुल्लू के साथ वीर शहीद जवानों के परिवार एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित हुए।

आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर डीसी ने किया परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम का निरीक्षण

सिमडेगा। आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम का निरीक्षण किया।इस दौरान उपायुक्त ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए वहीं उन्होंने कार्यक्रम के दौरान वाहनों की पार्किंग, विद्यालय के बच्चों एवं महिलाओं के लिए बैठने की व्यवस्था, साफ - सफाई, परेड, मीडिया गैलरी, सहित कार्यक्रम के सफल आयोजन के मद्देनजर कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बारिश के मौसम के मद्देनजर पानी का जमाव ना हो इस हेतु जमीन समतलीकरण का कार्य कराने, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं अन्य विधि-व्यवस्था संधारण करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए ।वहीं उन्होंने परेड अभ्यास का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सार्जेंट मेजर, सहित अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई की परिसदन सिमडेगा में हुई कार्यकारिणी बैठक

सिमडेगा। सिमडेगा परिसदन भवन में कांग्रेस की छात्र संगठन एनएसयूआई की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सरताज खान के द्वारा की गई। बैठक में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई साथ ही साथ कमेटी की मजबूती के लिए प्रत्येक प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक सदस्य जोड़ने एवं छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानियों के संबंध में चर्चा भी हुई जिसमें कुछ विशेष समस्याओं पर जोर दिया गया। और छात्रों के दस्तावेज में हो रही त्रुटि को सुधार करने के संबंध में भी चर्चा की गई एवं जिले में पढ़ रहे प्रत्येक विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों की दृष्टि से जागरूक करने के संबंध में भी चर्चा किया गया। बैठक में जिला एनएसयूआई के पदाधिकारी, जुनैद अंसारी ,अशोक राम ,देवनाथ सिंह ,अजय सोरेन, ओलिवर टोप्पो, आकाश बड़ाइक ,अनीश खलखो, प्रशांत टेटे, विक्की कुमार, समी किंडो, सलीम डुंगडुंग, समी अदनान, भारतो अमत ,आदि बैठक में उपस्थित थे।

झुमरी तिलैया : माहुरी भवन में सावन मेला कल, तैयारी पूरी

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। गौरी शंकर मोहल्ला स्थित श्री माहुरी भवन में शुक्रवार को महिला समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 13 अगस्त को स्थानीय श्री माहुरी भवन महिला समिति नवयुवक समिति व बालिका समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले सावन मेला को सफल बनाने पर चर्चा हुई। बैठक कि अध्यक्षता करते हुए महिला समिति अध्यक्ष ललिता भदानी ने बताया कि आगामी 13 अगस्त को आयोजित होने वाले सावन मेला की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस मेले में स्वजाती बंधुओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन के साथ ही राखी, कपड़ा, श्रृंगार और अनेकों प्रकार के खेल का स्टॉल लगाया जाएगा. बैठक में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के सभी सदस्यों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सावन मिलन समारोह का परियोजना निदेशक अनु कपसीमे को बनाया गया. वहीं बैठक में आगामी 22 अगस्त को महिला व बालिका समिति द्वारा सावन मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके पूर्व बैठक की शुरूआत मां मथुरासिनी वंदना से हुई. बैठक का संचालन महिला समिति सचिव सरोज पवनचौदह ने किया. मौके पर सुनीता सेठ, आरती भदानी, रेनू बड़गवे, रीतू सेठ, पूर्णिमा सेठ, जुली वैश्यकियार, मनिला सेठ, कुमकुम भदानी, पूनम भदानी, सबिता एकघरा आदि मौजूद थी।

श्याम बाबा का सजा दरबार ,भजन पर जमकर झूमे भक्त

नवीन मेल संवाददाता

झुमरीतिलैया । नगर की धार्मिक संगठन श्याम शरण में आजा रे का 16 अरदास आराधना कीर्तन का आयोजन राम लखन सिंह यादव कॉलेज रोड स्थित रितेश दुग्गड़ के निवास स्थल पर हुआ। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया जहां विभिन्न देवी-देवताओं की भी तस्वीर लगाई गई।ज्योत के साथ संगीतमय भजनों का कार्यक्रम सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ के साथ शुरू हुआ। पूजा अर्चना पंडित अनिल मिश्रा ने कराई यजमान के रूप में रितेश दुग्गड़ ,चंदा दुग्गड़ शामिल हुए। सितंबर माह की पर्ची सज्जन खेतान के निवास स्थल पर श्याम मंदिर में होगा ।कार्यक्रम का संचालन संजय अग्रवाल ने किया इस अवसर पर उपस्थित पूर्व की जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि कलयुग में भगवान कृष्ण को श्याम नाम से पूजा जा रहा है कहां की ऐसे कार्यक्रमों से संगीत लाल के बीच श्याम के भजनों को सुनकर श्रद्धालु प्रेरित होते हैं उन्होंने यह भी कहा कि बुला लो खाटू कान्हा वरना मैं कोर्ट में अपील करूंगी और हारना तय है तुम्हारा क्योंकि मैं राधा रानी को वकील रखूंगी जैसे वाक्य पर उपस्थित श्रद्धालु भक्तों से खूब तालियां बटोरी श्री कृष्ण ने बराबरी को यह आशीर्वाद दिया कि कलयुग में तुम घर-घर पूजे जाओगे और दिन हीन और निर्बल के लिए हारे का सहारा बनोगे । भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। मौके पर पीयूष सहल को बेहतर उपस्थिति के श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश दुग्गड़, मुकेश दुग्गड़,अरविंद चौधरी, आलोक सिन्हा ,पप्पू सिंह, विपुल चौधरी, संतोष लढ़ा, संजय नरेडी, उमंग कंदोई, विष्णु चौधरी, उमेश जोशी आदि उपस्थित थे।

रक्षाबंधन पर मंडरा रहा है भद्रा नक्षत्र का साया

31 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व का है शुभ मुहूर्त

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। भाई-बहनों के अटूट प्रेम, स्नेह, विश्वास एवं रक्षा का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व किस दिन मनाया जाना चाहिए इस पर उलझन की स्थिति है। कई पंडित 30 अगस्त को रक्षाबंधन बता रहे हैं तो कई 31 अगस्त को। ऐसे में रक्षाबंधन की सही तिथि और मुहूर्त को लेकर सभी उलझन में हैं। उक्त बातें मां तारा ज्योतिष संस्थान के आचार्य अनिल मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि इस बार रक्षाबंधन 31 अगस्त को मनाया जाना सर्वोत्तम रहेगा। इस दिन राखी बंधवाने से किसी प्रकार का दोष नहीं लगेगा। इस बार सावन पूर्णिमा का आरंभ 30 अगस्त को प्रातः 10:13 बजे हो रहा है। उससे पूर्व चतुर्दशी तिथि है। लेकिन पारंपरिक रूप से हिंदू धर्म में एक नियम है कि जिस तिथि में सूर्योदय होती है उस पूरे दिन उसी तिथि का मान होता है। यानी वही तिथि मानी जाती है। 31 अगस्त को पूर्णिमा भले ही प्रातः 7:46 तक रहेगी मगर उदय कालीन पूर्णिमा का ही मान पूरे दिन रहेगा। और इस दिन किसी प्रकार का दोष भी नहीं है। 30 अगस्त को पूरे दिन भद्रा व्याप्त होने के कारण रक्षाबंधन सर्वथा वर्जित है। श्रावणी पूर्णिमायां भद्रारहितायां रक्षार्थं रक्षिकाबन्धनं कारयेत्। आचार्य अनिल मिश्रा ने कहा कि लोग बिना किसी उलझन के 31 अगस्त को राखी का त्योहार मनाएं। साथ ही इस दिन विभिन्न शाखाओं के विप्र बंधु अपनी अपनी परंपरा के अनुसार श्रावणी उपाकर्म भी करेंगे। इसलिए 31 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाना सभी तरह से मंगलकारी रहेगा।

आमजनों की समस्या से रूबरू हुई उपायुक्त मेघा भारद्धाज

कोडरमा। उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कोडरमा जिला के दूर दराज क्षेत्रों से जनता दरबार में आए फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी अपनी समस्या रखा। जहां उपायुक्त ने लोगों की की समस्याएं बारी-बारी से सुनी। आज के जनता दरबार में जमीन की रसीद काटने, जमीन पर चारदीवारी कर कब्जा करने, जमीन विवाद, आवास योजना का लाभ दिलाने, कोडरमा बाजार समिति के प्रांगण में दुकान लगाने, धमकी देने, राशन, पेंशन समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

महाप्रबंधक ने किया स्टेशन की नई बिल्डिंग भवन का निरीक्षण

कोडरमा। हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा अपने अधीनस्थ अधिकारी व कर्मियों के साथ शुक्रवार को कोडरमा पहुंचे। बताते चलें महाप्रबंधक श्री शर्मा धनबाद में आयोजित बैठक में शामिल होने जा रहे थे। जहां वे कुछ देर के लिए कोडरमा स्टेशन पर रुके। नए बिल्डिंग भवन के निरीक्षण के पश्चात पत्रकारों से बातचीत के क्रम में महाप्रबंधक श्री शर्मा ने कहा कि डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लाइन को लेकर पश्चिमी केबिन के विपरीत दिशा में स्टेशन के नई बिल्डिंग भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसकी पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होगी। जो आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, और यात्रियों के लिए इस बिल्डिंग भवन में सभी तरह की सुविधाएं मौजूद रहेगी। निरीक्षण के क्रम में धनबाद रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा के साथ वरीय वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश पांडेय, वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक, सीनियर डीई दिनेश कुमार साह आदि कर्मी मौजूद थे।

विधायक ने हाथी से पीड़ित परिवार को अनाज तथा आर्थिक सहयोग किया

नवीन मेल संवाददाता

बांसजोर। बांसजोर प्रखंड के तरगा पंचायत के लोहड़ा टेंगराटुकू गांव का विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हाथी द्वारा मारे गए किशोरी कुलन्ति जोजो के परिजनों से मुलाकात किया तथा उन्हें आश्वासन दिया। मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने पीड़ित परिवार को अनाज दिया तथा नगद रूप से आर्थिक सहयोग देते हुए सरकार द्वारा दिये जाने वाला मुआवजा जल्द से जल्द दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने उपस्थित ग्रामीणों को कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि हाथी के प्रभाव के कारण उक्त क्षेत्र में हाथी कॉरिडोर बनवाने के लिए उन्होंने सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखा है तथा गत दिनों विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाते हुए सदन का ध्यानाकृष्ट कराया है। साथ ही साथ जंगल मे ही हाथी के आहार की व्यवस्था कराने की भी मांग की है, जिस पर उन्हें आश्वासन मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि हाथी के बढ़ते प्रकोप से बांसजोर ठेठईटांगर, बोलबा, कुरडेग, बानो आदि पूरा जिला प्रभावित हो रहा है, जिस पर जल्द ही सरकार आवश्यक कदम उठाएगी। वही उन्होंने बताया कि वर्तमान में देखा जा रहा है कि कटहल की खुशबू से जंगली हाथी गांव की ओर आकर्षित हो रहे है जबकि पूर्व में धान आदि खाने के लिए वे गांवों की ओर रुख करते थे। ऐसे में सरकार के पास उन्होंने जंगल मे ही हाथियों के आहार वाले पेड़-पौधे लगाने की मांग रखा है। साथ ही बताया कि वन विभाग के माध्यम से ग्रामीणों को हाथी भगाने का भी प्रशिक्षण व्यापक रूप से देने की भी बात उन्होंने कहा है। विदित हो कि गत रविवार की देर रात लगभग 1 बजे एक जंगली हाथी कटहल की तलाश में गांव में आ घुसा और इसी क्रम में इदमोन जोजो के घर को क्षतिग्रस्त करने लगा।

विधायक ने हाथी प्रभावित गांवों का किया दौरा

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा हाथियों द्वारा उत्पात मचाए जाने की सूचना पर शुक्रवार की सुबह प्रभावित गांव पहुंचे। विधायक हाथी प्रभावित गांव सदर प्रखंड के बेलगढ़ भदराटोली और गिरजाटोली पहुंच ग्रामीणों की समस्या सुनी। भदराटोली पहुंचने पर ग्रामीण बसंती देवी ने हाथियों द्वारा घर तोड़ कर एक क्विंटल धान को खाने की जानकारी दी। वहीं गिरजाटोली में अनिल केरकेट्टा,ग्रेगोरी केरकेट्टा,जेम्स केरकेट्टा के मिट्टी के बने घर को क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी ग्रामीणों ने दी। मौके पर विधायक ने सभी प्रभावितों को आवास दिलाने के लिए पहल करने का आश्वासन दिया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि ग्रामीण हाथी आने की सूचना पर सचेत रहें और सुरक्षित स्थान में जाकर इसकी सूचना विभाग को दें। सूचना के बाद भी अगर विभाग के कर्मी हाथी भगाने नहीं पहुंचते हैं, तो इसकी सूचना उन्हें दें। ऐसे अधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कारवाई की जाएगी।

अभियान | शहर में निकाली तिरंगा यात्रा, देश भक्ति का दिखा जज्बा

आजादी के बलिदानियों को किया नमन

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। आजादी के अमृत महोत्सव को ले कर झुमरी तिलैया में शुक्रवार को देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला। शहर की स्वयं सेवी संस्था के एस एच यूथ फाउंडेशन के तत्वाधान में इस तिरंगा यात्रा में सामाजिक, धार्मिक, के अलावा बुद्धिजिवियों, राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे महाराणा प्रताप चौक से झण्डा चौक होते हुए नेता जी सुभाष चौक तक हाथों में तिरंगा लिए हुए हम सब एक हैं, जब तक सूरज चांद रहेगा, राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान रहेगा, तेरी मिट्टी में मिल जावां, हम सबका एक हीं नारा, बना रहे भाई चारा, हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई भाई, मेरी आन तिरंगा है, मेरी शान तिरंगा है, मेरी जान तिरंगा हैङ्क माँ तुझे सलामङ्क जैसे नारों एवं गीत से शहर देशभक्तिमय के रंग में रंगा नजर आया। रैली के सबसे आगे डोमचांच इंदरवा झारखण्ड पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं, 76 फिट लम्बा तिरंगा ले कर चल रहे थें। वहीं चंद्रयान की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रही। वहीं तीरंदाजी की खिलाड़ी झारखण्ड की गोल्डन गर्ल दीपिका कुमारी की भेष-भूषा में तीरंदाज श्रेया कुमारी ने तीरंदाजी की धनुष ले कर चल रही थी। रैली में शामिल बच्चे माथे पर तिरंगे रंग की टोपी, एवं पोशाक पहन कर चल रहें थें। हर घर तिरंगा अभियान को ले कर यह रैली जिस मार्ग से गुजरी वहां लोग तिरंगे के सम्मान में खड़े नजर आएं। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा की देश भक्ति का जज्बा आज पूरे देश में देखने को मिल रहा है। आजादी की लड़ाई में जो शहीद हुएं उसकी कुबार्नी कभी भुलाई नहीं जा सकती। भारत देश विभिताओं में अलग अलग संस्कृति के बावजूद अनेक रंगों को मिला कर एक रंग बना देता है। तिरंगे के इस सम्मान में जिस तरह से समूह उमड़ा है वो शहीदों के प्रति नमन भी करता है। भारत को विश्व गुरु बनाने और ऊर्जा को कायम रखने के लिए सार्थक पहल के लिए के एस एच यूथ फाउंडेशन का प्रयास भुलाया नहीं जा सकता। वहीं साजिद हुसैन लल्लू ने कहा की भारत का तिरंगा एकता का प्रतीक है। ठेला, खोमचा से ले कर अंबानी तक राष्ट्रीय ध्वज के नीचे एक समान हैं। एकता को बढ़ावा देने के लिए यह तिरंगा यात्रा के एस एच यूथ फाउंडेशन का यह प्रयास मिल का पत्थर साबित हुआ है। के एस एच यूथ फाउंडेशन के निर्देशक विशाल सिंह ने कहा की पूरा अभ्रकांचल क्षेत्र देश भक्ति ओत प्रोत है, और कोडरमा में तिरंगा यात्रा में जिस तरह आम से खास लोग एवं स्कूल के छात्र, छात्राओं से ले कर शिक्षक तक इस तिरंगा यात्रा में शामिल हो कर उत्साह वर्धन किया, इसके लिए संस्थाएं एवं स्कूल धन्यवाद के पात्र हैं।

पीएम स्वनिधि वर्क शॉप सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। कोडरमा जिले के तीनों नगर निकाय , झुमरी तिलेया नगर परिषद, नगर पंचायत कोडरमा एवं नगर पंचायत डोमचांच के लिए पीएम स्वनिधि वर्क शॉप सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम अग्रणी जिला प्रबन्धक कार्यालय कोडरमा के तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एलडीएम निवास कुमार मौजूद थे। पुस्तकालय भवन, ब्लॉक रोड झुमरी तिलेया में आयोजित किया गया । इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर / छोटे दुकानदार को पी एम स्वनिधि ऋण की जानकारी देना था ।इस योजना के तहत प्रथम अंश के तहत 10000/-, द्वितीय अंश के तहत 20000/- एवं तृतीय अंश के तहत 50000/- ऋण की मुहैया की जाती है । नगर परिषद तिलेया के प्रशासक विनीत कुमार ने सभी लाभूकों को ऋण खाता अच्छे से चलाने के लिए प्रेरित किया एवं नगर परिषद के तरफ से हर संभव मदद करने की बात कही ।सभा को नगर प्रशासक कोडरमा, नगर पंचायत जितेंद्र कुमार जैसल , मुख्य प्रबन्धक एसबीआई झुमरी तिलैया अमर कुमार ने भी संबोधित किया ।इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में अभी तक कुल 411 दूकानदारों को पीएम स्वनिधि के तहत ऋण वितरण विभिन्न बैंको के माध्यम से किया जा चुका है ।जिसमे से नगर परिषद झुमरी तिलैया के अंतर्गत कुल 291 दुकानदार नगर पंचायत कोडरमा के अंतर्गत कुल 111 दुकानदार एवं नगर पंचायत डोमचांच के अंतर्गत कुल 25 दुकानदार को ऋण वितरित किया गया है। अग्रणी जिला प्रबन्धक निवास कुमार ने सभी लाभुकों से डिजिटल भुगतान करने के लिए प्रेरित किया ।

कहा-प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा

हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ भाजयुमो ने निकाला आक्रोश मार्च

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश मार्च जिला कार्यालय से समाहरणालय गढ़वा तक निकाला गया। कार्यक्रम के दौरान हेमंत सरकार वापस जाओ.. छात्र युवा विरोधी सरकार मुदार्बाद... प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 वापस लो.. मिथिलेश ठाकुर वापस जाओ... जैसे अनेकों नारे कार्यकर्ताओं ने लगाये। कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल झारखंड के नाम उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि झामुमो सरकार छात्र, युवा विरोधी है। हेमंत सरकार ने प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 (काला कानून) लाया है। इससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में युवाओं को छलने का काम किया जा रहा है। हेमंत सरकार झारखंड में हिटलरशाही चला रही है। युवाओं को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अब युवा मौन नहीं बैठेंगे। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि झामुमो सरकार युवाओं की आवाज को दबाने के लिए तरह-तरह का अनर्गल नियम कानून बना रही है, जिससे युवाओं की आवाज को दबाया जा सके। लेकिन अब सबको मिलकर ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। तभी झारखंड का भला होगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि अब युवा विरोधी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवा तैयार हैं। गांव, शहर हर जगह युवाओं में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार छात्र, युवा विरोधी अध्यादेश को तत्काल वापस ले अन्यथा भाजयुमो गढ़वा जिला के तमाम छात्र, युवा के लिए चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होगी। भाजयुमो कार्यकर्ता छात्रों युवाओं के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजपा नेता ब्रजेश धर दुबे, मीरा यादव, पार्वती सिंह, लक्ष्मीकांत पांडेय, बिपिन तिवारी, मनीष गुप्ता, टुना बाबा, राम उनय तिवारी, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, अखिलेश तिवारी, उदय कुशवाहा, बसंत प्रसाद, लखन चौधरी, कंचन पांडेय, देवकांत ओझा, बलराम यादव, ज्ञान रंजन चौबे, सकेन्द्र चौधरी, रविन्द्र प्रसाद, गिरीवर यादव, नंदु चौधरी, जितेंद्र चंद्रवंशी, श्रवण तिवारी, राजेंद्र गुप्ता, बैजनाथ शुक्ल, वेदप्रकाश तिवारी, नयमुद्दीन खान, योगेन्द्र गुप्ता, लाल बिहारी यादव, पन्ना सिंह, नशरुद्दीन अंसारी, विजय तिवारी, सुमीत तिवारी, खुर्शीद आलम, मुन्ना तिवारी, शेखर धर दुबे, रितेश अग्रवाल, अभिषेक तिवारी, छोटु मेहता, रविन्द्र यादव, विष्णुदेव यादव, हरिहर मेहता, सत्यनारायण ठाकुर सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

भाजपा के चिनिया प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष सहित तीन झामुमो में शामिल

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
भारतीय जनता पार्टी के चिनिया प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष नसरुल्लाह अंसारी सहित तीन भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी को छोड़ गुरुवार को बेता गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। सभी को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने माला पहनाकर स्वागत किया।

वहीं पार्टी में शामिल होने के बाद नसरुल्लाह अंसारी ने बताया कि हम बीते पांच वर्षों से भाजपा में पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया लेकिन हमें मान सम्मान मिलता हुआ नहीं दिखा। इससे काफी नाराजगी थी तथा बढ़ते जनाधार व वर्तमान सरकार के कार्यों का नतीजा देखते हुए हमने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा है। मैं पूरी ईमानदारी से पार्टी के सिद्धांतों पर चलने का कार्य करूंगा। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्य का नतीजा है कि विपक्ष से लोगों का मोहभंग हो रहा है। यही कारण है कि काफी संख्या में कार्यकर्ता दूसरी पार्टी को छोड़ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। साथ ही कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ताओं के बिना कोई आगे नहीं बढ़ सकता है। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, सचिन, बेलाल अंसारी, बेता पंचायत के मुखिया रामेश्वर सिंह आदि झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

कीटनाशक खाकर महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

गढ़वा। थाना क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी रामप्यारी राम की पत्नी संगीता देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुयी, जिससे आक्रोशित होकर रामप्यारी ने कीटनाशक खा लिया।

राजवास गांव में वज्रपात से चार पशुधन की मौत

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
ग्राम पंचायत विलायती खैर के राज वास गांव में बीते देर रात वह भी अचानक वज्रपात में चार पशुओं की मौत हो चुकी है, जिससे पशुपालक विश्वनाथ सिंह को भारी क्षति का सामना करना पड़ा है। पशुपालक विश्वनाथ सिंह ने बताया कि बीते देर रात करीब 2:00 बजे अचानक वज्रपात हुई जब हम लोगों ने उठकर देखा तो पास के ही मड़ई में बांधकर रखा हुआ दो गाय एवं दो बैल की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है जिससे हमें भारी नुकसान हुआ है। वहीं पशुपालक ने अंचल में आवेदन देकर अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग की है तथा वज्रपात से पशुओं की मौत के बाद थाने में आवेदन देकर पशुपालक ने सन्हा भी दर्ज कराया है।

खरौंधी प्रखंड कार्यालय पर 9:05 बजे फहराया जायेगा राष्ट्रीय ध्वज

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी
खरौंधी प्रखंड कार्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन को लेकर शुक्रवार को प्रमुख आभा रानी की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से खरौंधी प्रखंड के 13 स्थानों पर झंडोत्तोलन को लेकर समय का निर्धारण किया गया, जिसमें प्रखंड कार्यालय खरौंधी में 9:05 बजे, खरौंधी थाना में 9:30 बजे मध्य विद्यालय खरौंधी 9:50 बजे, आंगनबाड़ी केंद्र खरौंधी 9:55 बजे उच्च विद्यालय खरौंधी 10:00 बजे, प्रखंडस्तरीय झंडोत्तोलन उच्च विद्यालय खरौंधी के मैदान में 10:10 बजे पंचायत भवन खरौंधी 10:15 बजे, तहसील भवन खरौंधी 10:20 बजे, उपस्वास्थ्य केंद्र खरौंधी 10:30 बजे, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक खरौंधी 10:40, बीआरसी खरौंधी 10:50 बजे, शाखा डाकघर खरौंधी 11:00 बजे एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खरौंधी सिसरी 11:30 बजे झंडोत्तोलन को लेकर समय निर्धारित किया गया है। बैठक में बीडीओ गणेश महतो, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, बीडीसी कृष्णा राम, बीआरपी राजेंद्र गुप्ता, पंकज कुमार, बीपीओ डिम्पल गुप्ता, प्रधान सहायक संजय सक्सेना, सीआई मोजिब खान, अंचल कार्यालय से कौशलेश शुक्ला, मयंक, जीपीएस उमेश, प्रवीण, भाजपा नेता बसंत यादव, रामकृपाल द्विवेदी समाजसेवी ब्रिजविहारी द्विवेदी, देवबंश गुप्ता, अजय बैठा आदि लोग उपस्थित थे।

'मानव जाति की रक्षा के लिये करें पर्यावरण की रक्षा'

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन स्कूल में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केसरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया।

निदेशक ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। बदलते परिवेश में पर्यावरण असंतुलन का दुष्प्रभाव पूरे विश्व में जो दिखाई दे रहा है उसकी रक्षा करना समस्त मानव के लिए आवश्यक है। लापरवाही बरतने का अर्थ है स्वंय का विनाश। धरती की बढ़ती हुई तापमान पूरे जीवों को हाशिये पर खड़ा कर दिया है। विश्व इस विकट संकट को झेल रहा है। प्रकृति एवं प्राकृतिक क्षेत्रों से छेड़-छाड़ करने के परिणामस्वरूप पर्यावरण के अस्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण जागरूकता अभियान का उद्देश्य वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी को जागरूक करना है। मानव जाति के कल्याण एवं अस्तित्व के लिए पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार आवश्यक है। विद्यालय में 'इको क्लब' की स्थापना इसी उद्देश्य से की गई है जिसके अंतर्गत पौधरोपण, जल संचय, खेतों में प्राकृतिक खादों का प्रयोग अधिक से अधिक करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण निदेशक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। रंग-बिरंगे गमलों में लगे पौधों को विद्यालय परिसर में स्थापित किया गया। निबंध प्रतियोगिता एवं चित्र-कला के प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण के प्रति अपनी लगाव को प्रदर्शित किया। कार्यक्रमों में अव्वल रहे छात्र- छात्राओं को निदेशक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मुकेश कुमार भारती, खुर्शीदआलम, नरेंद्र सिन्हा, आलोक सिन्हा, नीरा शर्मा, सरिता दूबे, निलम कुमारी, सुनिता कुमारी, शिवानी कुमारी, सुषमा तिवारी संतोष प्रसाद आदि की भूमिका रही। मंच का संचालन स्कूल कैप्टन शिवम व धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक संजीव कुमार ने की।

आरोप : बरवाडीह ओपी प्रभारी ने बुजुर्ग से की मारपीट

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
चिनिया थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी बद्री सिंह (71) ने गढ़वा पुलिस अधीक्षक, चिनिया थाना प्रभारी तथा झारखंड सरकार के स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर को लिखित आवेदन देकर बरवाडीह ओपी प्रभारी पर मारपीट का आरोप लगाते हुये न्याय की गुहार लगायी है।

ग्रामीणों ने कहा, क्षेत्र में ओपी प्रभारी के कारण लोगों में दहशत

पीड़ित आदिवासी ने एसपी को आवेदन देकर न्याय की लगाई गुहार

पीड़ित ने अपने आवेदन में कहा है कि 5 अगस्त की रात्रि करीब 12 बजे हम अपने घर बरवाडीह में रात को लघुशंका के लिए बाहर निकले थे। इसी बीच बरवाडीह ओपी प्रभारी अंजनी सिंह वहां आए और बिना कहे पूछे मेरी कनपटी में मार कर मूर्छित कर दिया। मेरे गिरने की आवाज सुनकर मेरी पत्नी बाहर निकली तो मुझे बेहोश देखकर रोने लगी और ओपी प्रभारी अंजनी सिंह को बोलने लगी तो अंजनी सिंह मेरी पत्नी को भी मारने के लिए बोलने लगा। अंजनी सिंह अपने हाथ से पकड़ कर घसीटते हुए मेरे घर के अंदर में छोड़ दिया और मुझे मुंह पर पानी डाला। जब होश हुआ तो हमने देखा कि अंजनी सिंह है। मुझे मार कर मेरे घर से दक्षिण की ओर चले गए। पीड़ित ने मामले में न्याय की मांग की है। मामले में पूछे जाने पर गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि ओपी प्रभारी अंजनी सिंह हमेशा नशे की हालत में रहते हैं तथा बरवाड़ीह, चफला, सिगसिगा आदि गांवों में घूम कर महिला पुरुषों के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा मारपीट करने की शिकायत हमें ग्रामीणों से मिली है। हमने मौखिक शिकायत भी पुलिस अधीक्षक गढ़वा से इसकी की है तथा कार्रवाई करने की मांग की है। ऐसे भ्रष्ट एवं उदंड अधिकारी पर निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। उधर कई ग्रामीणों ने भी कहा कि क्षेत्र में ओपी प्रभारी से लोगों में दहशत है। हमेशा शराब के नशे में होकर लोगों को गाली गलोज, मारपीट करना आम बात हो गई है। ओपी प्रभारी के दबंगई से ग्रामीण परेशान हैं। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है जांच की जा रही है। अग्रिम कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचित किया जाएगा। उधर ओपी प्रभारी अंजनी सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि बद्री सिंह अवैध रूप से रात्रि में शराब का कारोबार कर उसे सुबह होने से पहले ही घर से बाहर कर देते थे। हम वहां पहुंचे तो बद्री सिंह अपने घर से बाहर निकले थे।

बिजली चोरी करने वालों की अब खैर नहीं

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

बिजली विभाग ने बीते दिनों चोरी करते हुये रंगेहाथ पकड़े गये आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी

बिजली चोरी करने वालों की अब खैर नहीं है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बीते मंगलवार को अवैध बिजली जलाने वाले के विरुद्ध बंशीधर नगर प्रखंड में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान के दौरान एक दर्जन लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने सभी आरोपियों के विरुद्ध बंशीधर नगर थाना में अवैध रूप से बिजली चोरी करने का प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गुणवंत कुमार ने बताया कि मंगलवार को श्री बंशीधर नगर प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान एक दर्जन लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं। छापेमारी अभियान के दौरान बिजली चोरी करने में पकड़े गए लोग में ब्लॉक मोड़ निवासी जमालुद्दीन अंसारी पिता रहमत अंसारी पर 12000 रुपये क्षतिपूर्ति, सुरेंद्र मेहता पिता स्व रामनाथ मेहता पर 5000 रुपये क्षतिपूर्ति जिसमें विभाग की पिछली बकाया राशि 29843 रुपये है। मनोज कुमार पिता सखीचंद राम पर 9600 रुपये क्षतिपूर्ति, रेनू भारती पति अरुण भारती पर 12400 रुपये क्षतिपूर्ति, अशोक कुमार पिता काशीनाथ प्रसाद पर 22000 रुपये क्षतिपूर्ति, सत्येंद्र कुमार पिता विजय साव पर 16800 रुपये क्षतिपूर्ति एवं विजय प्रसाद पिता हरिप्रसाद पर 9600 रुपये क्षतिपूर्ति। ये सभी सरेह टोला के निवासी हैं। विश्वकर्मा मोहल्ला निवासी भागमणि देवी पति रंजीत विश्वकर्मा पर 5000 रुपये क्षतिपूर्ति जिसमें विभाग का पिछला बकाया राशि 4334 रुपये है। बंशीधर रोड निवासी आलोक कुमार पिता महेंद्र प्रसाद पर 9600 रुपये क्षतिपूर्ति, थाना गली निवासी रामस्वरूप प्रसाद पिता रामजन्म शाह पर 12000 रुपये क्षतिपूर्ति, थाना गली निवासी ओम प्रकाश जयसवाल पिता स्व रामजनम प्रसाद पर 9600 रुपये क्षतिपूर्ति जिसमें विभाग का पिछला बकाया राशि 21216 रुपये है। वहीं थाना गली निवासी सूरज पिता स्व राम जन्म प्रसाद पर 9600 की क्षतिपूर्ति का केस दर्ज कराया है।

कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों के धारा 135 एवं 138 के तहत कार्रवाई की जाएगी।वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत ऊर्जा चोरी रोकने के लिए एक छापेमारी दल का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व विद्युत सहायक अभियंता दीपक कर रहे हैं। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अपील की कि कोई भी उपभोक्ता बिना मीटर या कनेक्शन के बिजली का उपयोग नहीं करें।

समारोह केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला ने सेन्हा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

'मेरी माटी, मेरा देश' 'हर घर तिरंगा' पर होंगे विशेष कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आगामी स्वंत्रता दिवस के समारोहों के क्रम में 'मेरी माटी, मेरा देश', 'हर घर तिरंगा' एवं केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 11 अगस्त को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा, लोहरदगा में छात्राओं द्वारा देश के एवं झारखंड राज्य के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया।मौके पर उपस्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक वेबसाइट मेरी माटी मेरा देश डॉट जीओवी डॉट इन लॉन्च की गई है, जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। पंच प्राण की प्रतिज्ञा ले सकते हैं और भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाणपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पिछले वर्ष की भांति इस बार भी हर घर तिरंगा 13 से 15 अगस्त, 2023 के बीच मनाया जाएगा। भारतीय हर जगह राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकते हैं, तिरंगे के साथ सेल्फी ले सकते हैं और हर घर तिरंगा वेबसाइट हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर अपलोड कर सकते हैं। इस अवसर पर वार्डन सह शिक्षिका पूनम कुमारी ने कहा कि 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया। मौके पर सामाजिक विज्ञान शिक्षिका प्रेमदानी कुमारी, शारीरिक शिक्षिकानीलिमा टेटे, विज्ञान शिक्षिका शिखा रानी, लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर जयमाला कुमारी, सिकंदर हयात, अलका रीना लकड़ा, उर्मिला एक्का, ममता कुमारी, सोनी टोप्पो और अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजनः छात्राओं के बीच 'मेरी माटी, मेरा देश', 'हर घर तिरंगा' विषयों पर रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिस में छात्राओं ने देशभक्ति से भरपूर मनमोहक रंगोलियां एवं चित्रांकन की प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों में से दस विजेताओं को चुना जाएगा और सभी विजेता प्रतिभागियों को 12 अगस्त को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा के प्रांगण में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा के प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिस में रैली, सेमिनार, रंगारंग कार्यक्रम, प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा जिस में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा, अंचलाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, मुखिया सेन्हाधनवाज उरांव, अध्यक्ष बीस सूत्री अफरोज आलम एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर देश भक्ति तथा लोकगीत के आयोजन के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे। साथ ही नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा।

कुलपति नगर उंटारी स्कूल पहुंचे, किया गया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता।श्री बंशीधर नगर
नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य सपरिवार शुक्रवार को बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी पहुंचे। कुलपति के आगमन पर विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। छात्राओं ने सत्यम शिवम सुंदरम व टन टन घण्टी बजे- स्कूल चले हम गाने पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। वे विद्यालय परिवार की सराहना करते हुये कहा कि यहां सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एक परिवार की तरह रहकर कार्य करते हैं, जो काफी सराहनीय है। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ सफाई व वर्ग व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने तथा विद्यालय के शिक्षकों ने बुके देकर कुलपति को सम्मानित किया। मौके पर कुलपति कार्यालय के सहायक राजीव मुखर्जी, सदगुरु जगजीतसिंह नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मचंदलाल अग्रवाल, प्रो. सरोज कुमार, शिक्षक खुशदिल सिंह, आफताब आलम, अनूप कुमार ठाकुर, मीरा कुमारी, शशि सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

आरोप-प्रत्यारोप व सरकार

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले में ईडी के समन पर सियासी आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। एक ओर जहां झामुमो और कांग्रेस ने इसे केंद्र सरकार की सोची-समझी साजिश करार दिया है, वहीं भाजपा ने हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार और घोटाले का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। दरअसल, ईडी ने हेमंत सोरेन को एक समन भेजकर उन्हें 14 अगस्त को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है। इस बात को लेकर झारखंड की राजनीति में इन दिनों बवाल है। ईडी ने रांची में जमीन घोटाले को लेकर एक ईसीआईआर दर्ज करने के बाद सीएमओ में कार्यरत एक कर्मी उदय शंकर के यहां छापेमारी की थी। इसके अलावा रांची के निबंधन कार्यालय में भी सर्वे कर ईडी ने कई जमीनों के डीड की कॉपी हासिल की थी। बताया जा रहा है कि ईडी ने अपनी जांच में आदिवासी स्वामित्व वाली कई ऐसी जमीनों को चिन्हित किया है, जिन्हें हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने खरीदा है। इनमें से कई जमीनों का जिक्र चुनावी हलफनामे नें नहीं है। झामुमो के महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि आदिवासी दिवस पर नौ अगस्त को जब सीएम हेमंत सोरेन की अगुवाई में वृहत स्तर पर महोत्सव का आयोजन हो रहा है, तब उसके ठीक पहले उन्हें समन करने से यह साफ है कि विरोधियों के पेट में दर्द हो रहा है। यही नहीं, पूछताछ के लिए 14 अगस्त की तारीख तय करना भी यह बताता है कि सीएम हेमंत सोरेन को राष्ट्रीय ध्वज फहराने से रोकने की कोशिश की जा रही है। झामुमो कभी ऐसी चुनौतियों से नहीं घबराता। सीएम हेमंत सोरेन ने भी मंगलवार को ईडी की कार्रवाई का जिक्र किए बगैर कहा था कि जिस दिन से उनकी सरकार बनी है, उसी दिन से इसे गिराने की साजिशें रची जा रही हैं। कांग्रेस नेता और राज्य सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि सीएम के कामकाज की चर्चा राज्य में हर गली में है, लेकिन ईडी और सीबीआई उन्हें परेशान करने का हर प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अगर भाजपा में हिम्मत है तो वह सरकार को अपदस्थ करके दिखलाए। उन्होंने कहा कि जब राज्य की जनता ने सरल सहज स्वभाव वाले हेमंत सोरेन को राज्य की गद्दी सौंप दी, तब से भारतीय जनता पार्टी ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर सरकार को अपदस्थ करने की कोशिशों में लगी है। बन्ना गुप्ता ने चुनौती भरे लहजे में कहा कि अगर भाजपा के हिम्मत है तो राज्य में लोकप्रिय सरकार को अपदस्थ कर धारा 356 लगाकर दिखाएं। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि पूरी कांग्रेस हेमंत सोरेन के पीछे खड़ी है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा या उसके सहयोगी दलों की सरकार नहीं है वहां भाजपा षड्यंत्र कर जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने करती है। लेकिन यहां हम सभी लोग एकजुट हैं और अगर हेमंत सोरेन को एक खरोंच भी आई तो राज्य की जनता सड़कों पर होगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को भेजे गए ईडी के नोटिस पर कहा है कि वे सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। वह पहले सीएम हैं, जिन्हें ईडी ने पूछताछ के लिए दो बार बुलाया है। ऐसे में राज्य के राजनीतिक गलियारों में अफवाहों का बाजार गर्म है। ऐसे में देखना यह भी है कि ऐसे मामले को विकास से जोड़कर नहीं देखा जाये।

झामुमो के महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि आदिवासी दिवस पर नौ अगस्त को जब सीएम हेमंत सोरेन की अगुवाई में वृहत स्तर पर महोत्सव का आयोजन हो रहा है, तब उसके ठीक पहले उन्हें समन करने से यह साफ है कि विरोधियों के पेट में दर्द हो रहा है।

चंद्रमा : सौंदर्य के कल्पनालोक का महानायक



हृदयनारायण दीक्षित

चन्द्र देव भारतीय मनीषा की जिज्ञासा हैं। वे पृथ्वी के निवासियों का आकर्षण रहे हैं। संप्रति भारत की चन्द्रमा पर पहुँचने की महत्वाकांक्षी योजना चर्चा में है। सारी दुनिया का ध्यान चन्द्र देवता पर लगा हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रतिभाशाली वैज्ञानिक चन्द्रयान की सफलता को लेकर पूरे मनोयोग से जुटे हैं। चन्द्रयान की सफलता के बाद तमाम नये तथ्य प्रकाश में आएँगे। चन्द्रमा का पहला चित्र आ गया है। चन्द्रमा वैदिक काल से ही भारत का आकर्षण रहा है। लोकश्रुति के अनुसार चन्द्रमा माता पृथ्वी का भाई है। इसलिए हम सब का मामा है। प्रकृति सृष्टि के उदय के साथ ही चन्द्रमा का अस्तित्व भी प्रकट हुआ। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त (10.90.13) में कहा गया है कि विराट पुरुष के मन से चन्द्रमा और आँखों से सूर्य प्रकट हुआ - चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायतः। चन्द्रमा का सम्बंध मन से है। ऋग्वेद में चन्द्रमा भी एक देवता हैं। वे अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। ऋग्वेद (10.85.19) में कहते हैं, ''ये चन्द्र देवता नित्य उदित होते हैं और नवीनतम होते हैं। सूर्य देव प्रतिदिन नवीन रूप में प्रातःकाल प्रकट होते हैं। वे देवों के निमित्त यज्ञ के हवि भाग की व्यवस्था करते हैं।'' इसी तरह चन्द्र देव सबको आनंदित जीवन और दीघार्यु प्रदान करते हैं। भारतीय काव्य परम्परा में चन्द्रमा सुंदरता बोधक हैं। कवियों ने चन्द्रमा के सौंदर्य को सुंदरता का प्रतीक बताया है। भारतीय साहित्य में भी चन्द्र सौंदर्य भरा पूरा है। वैदिक काल में चन्द्रमा की उपासना थी। इस उपासना के बीज भारतीय देव शास्त्र से लेकर प्राचीन यूनान, रोमन, ईरानी और जर्मन में पाये जाते हैं। डॉ. गया चरण त्रिपाठी ने 'वैदिक देवता उद्भव और विकास' के पृष्ठ 27 में लिखा है, ''ऋग्वेद में सूर्य के साथ द्वंद्व समास में इसका कई स्थानों पर उल्लेख है। ग्रीक देवशास्त्र में चन्द्रमा को तीन चक्रों वाले रथ में आकाश में भ्रमण करते हुए बताया गया है। ''विष्णु पुराण में भी इसी तरह का उल्लेख है। वैदिक साहित्य में चन्द्रमा औषधियों और सोम लता से सम्बंधित हैं। वे औषधियों के राजा हैं। रात्रि में औषधियां चन्द्रमा की किरणों से रस ग्रहण करती हैं। सोम और चन्द्रमा का सम्बंध बहुत प्रीतिपूर्ण है। वैदिक देवशास्त्र में चन्द्रमा और सोम लगभग पर्यायवाची हो गए हैं। डॉ. त्रिपाठी ने बताया है, आर्य जाति में सूर्य और चन्द्रमा की विभिन्न लिंगों में कल्पना बहुत प्राचीन है। जर्मन, ऐंग्लोसेक्शन और लिथुआनियन भाषाओं में सूर्यवाची शब्द स्त्रीलिंग में है और चन्द्रमा के शब्द पुल्लिंग में है। लेकिन ग्रीक और लैटिन भाषाओं में सूर्यवाची सभी शब्द पुल्लिंग हैं और चंद्रमा के वाची स्त्रीलिंग। दोनों की भाई और बहन या पति के रूप में कल्पना की गई है। एक लैटिन गीत में कहा गया है कि, ''एक बार चन्द्रमा और सूर्य ने परस्पर विवाह किया। पत्नी सूर्य प्रातःकाल उठ जाती थी। लेकिन पति (चन्द्रमा) देर से उठता था। दोनों में लड़ाई हो गई। पति (चन्द्रमा) उषा काल के तारे से प्रेम करने लगा। इससे शक्तिशाली पैकुण्न नाराज हुआ। उसने पति (चन्द्रमा) पर खड़ग प्रहार किया जिससे वह खंडित हो गया।'' इसी तरह की एक रोचक बात यूरोपीय लोककथा में कही गई है। इस कथा में सूर्य आकाश की पुत्री है और चन्द्रमा पुत्र। पिता आकाश ने पुत्र चन्द्रमा को दिन में तथा पुत्री सूर्य को रात्रि में प्रकाश करने के लिए नियुक्त किया। पुत्री को रात्रि में डर लगता था। इसलिए उसने दोनों की ड्यूटी बदल दी। दूसरे दिन प्रातः आकाश पुत्री पूरब से उदित हुई।

चन्द्रयान की सफलता के बाद तमाम नये तथ्य प्रकाश में आएँगे। चन्द्रमा का पहला चित्र आ गया है। चन्द्रमा वैदिक काल से ही भारत का आकर्षण रहा है। लोकश्रुति के अनुसार चन्द्रमा माता पृथ्वी का भाई है।

इन दिनों

पृथ्वी के लोग उसकी ओर एक टक देख रहे थे। भारत की प्राचीन लोककथाओं में सूर्य और चन्द्रमा राजा रानी हैं। चन्द्रमा भारतीय सौन्दर्य कल्पनालोक का महानायक रहा है। चन्द्रमा सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होता है। उसका अपना प्रकाश नहीं होता। एक तरह से चन्द्रमा ब्रह्माण्ड की पहली सौर्य ऊर्जा की लालटेन है। चन्द्रमा घटता-बढ़ता है। चन्द्र प्रकाश घटते-घटते पंद्रहवें दिन अमावस्या हो जाता है। इसी तरह बढ़ते-बढ़ते पंद्रहवें दिन पूर्णिमा बनता है। मास और मुहूर्त का विभाजन चन्द्रमा के कारण होता है। मुहूर्त का निर्धारण चन्द्र नक्षत्र के निर्वचन से होता है। मुहूर्त समय का अति छोटा हिस्सा होता है और सामान्य जीवन को प्रभावित करता है। महाभारतकार ने सुन्दर श्लोक में कहा है, ''मुहूर्तं ज्वलितं श्रेयः, न तु धूमायितं चिरं।'' - मुहूर्त भर पूरी शक्ति के साथ जलना और प्रकाश देना श्रेयस्कर है। लेकिन दीर्घ काल तक धुंआ देते जलना बेकार है। अल्पकाल के लोकमंगलकारी कार्य श्रेष्ठ होते हैं। विश्व इतिहास के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य वराहमिहिर की प्रमुख रचना 'वृहत संहिता' है। इसकी व्याख्या डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र ने की है। रंजन पब्लिकेशन से प्रकाशित इस पुस्तक के पृष्ठ 68 में वराहमिहिर ने कहा है, ''चंद्रमा सूर्य के नीचे स्थित है। इस कारण उसके जिस भाग पर सूर्य की किरणें पड़ती हैं वह भाग चमकता है। चन्द्रमा का प्रकाश वस्तुतः सूर्य का ही प्रकाश है। जिस भाग पर सूर्य की किरणें नहीं पड़ती वह भाग उसकी स्वयं की छाया के कारण काला दिखाई पड़ता है। वराह मिहिर ने चन्द्रमा को जलीय ग्रह बताया है। सूर्य की किरणें चन्द्रमा पर पड़ती हैं तो रात्रि के अंधकार का नाश करती हैं। अमावस्या के अंत में सूर्य व चन्द्रमा का स्पष्ट समान होने पर चन्द्रमा सूर्य के ठीक नीचे होता है। तब पृथ्वी की ओर वाला चन्द्रभाग अंधकार में रहने से पृथ्वीवासियों को नहीं दिखाई पड़ता। ज्योतिर्विज्ञानियों के अनुसार चन्द्रमा एक राशि पर सवा दो दिन गतिमान रहते हैं। आधुनिक काल की बात दीगर है। वैदिक काल से लेकर लगध, वराह मिहिर, आर्यभट्ट, ब्रह्म गुप्त, भास्कराचार्य, कमलाकर भट्ट व सुधाकर द्विवेदी के काल से गुजरते हुए चन्द्रमा और उसकी राशियों का निर्वचन जारी है। यद्यपि चन्द्रमा स्वयं देवता हैं। लेकिन पूरे एशिया में प्रचलित शिव रूद्र के मस्तक पर चन्द्रमा दिखाई पड़ता है। शिव और चन्द्रमा का सम्बंध बहुत प्राचीन है। अनेक विद्वान सोम को भी चन्द्रमा मानते हैं। कौषीतकि ब्राह्मण और ऐतरेय ब्राह्मण में चन्द्रमा और सोम की अभिन्नता बताई गई है। चन्द्र देवता ही मासों के सृजनकर्ता हैं। उनके उद्भव से ही शुक्ल और कृष्ण पक्ष बनते हैं। चन्द्रमा देवता स्तुतिकर्ताओं को शांति देते हैं और उनकी आयु में वृद्धि करते हैं। जैसे शिव सभी वर्गों, मनुष्यों, कीट पतिंगों और सांपों के भी जीवन रक्षक हैं। सांप उनके गले में रहता है। वैसे सोम भी वनस्पतियों के राजा हैं। चन्द्रमा की विश्व पुरुष से उत्पत्ति का उल्लेख तैत्तरीय ब्राह्मण में भी हुआ है। चन्द्रदेव के प्रकाश का अस्तित्व सूर्य पर आधारित है। चन्द्रयान पर इसरो के अध्ययन से चन्द्रमा के सम्बंध में नये तथ्य प्राप्त होने की संभावनाएं हैं। संभव है कि चन्द्र अभियान के परिणाम प्राचीन भारतीय मान्यताओं की कमोबेश पुष्टि करने वाले हों। संभव यह भी है कि नितांत नए तथ्यों का उद्घाटन हो।

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा चंद्रगुप्त मौर्य की

व्यक्तिगत जीवन में भी चरित्र को उतना ही अनिवार्य तथा उपयोगी माना गया है। साधारण से साधारण व्यक्ति के लिए भी वह उतना ही उपयोगी है जितना कि उच्च प्रतिष्ठित और शासन तथा अधिकारियों के लिए क्योंकि चिरस्थायी शांति और अपने उत्तरदायित्व को समझने तथा उसे पूरा करने की क्षमता चरित्र साधना से ही तो उद्भूत होती है। तभी ई.पू. 326-27 में भारत पर यूनान के सम्राट सिकंदर ने आक्रमण किया। यहां के राज्यों की आपसी फूट का लाभ उसे मिला और समूचा पश्चिमी भारत गुलामी की जंजीरों में जकड़ दिया गया। उस समय चाणक्य चंद्रगुप्त को अपना स्वप्न साकार करने के लिए तैयार कर ही रहे थे। दूरदर्शी चाणक्य यह जानते थे कि आखिर भारत को वर्तमान परिस्थितियों और यहां के राजाओं की आपसी फूट के कारण एक न एक दिन अपनी स्वतंत्रता खोनी ही पड़ेगी। यह अनुमान सही निकला। चाणक्य इससे संतुष्ट हुए क्योंकि पूर्व की स्थिति में छोटे-छोटे राजाओं से लड़कर अपनी समय और शक्ति को व्यर्थ ही खर्च करना पड़ता। अब सिकंदर के आक्रमण से कई राज्यों का एकीकरण हो गया तो उन पर विजय प्राप्त करने तथा अपना स्वप्न साकार करने में बड़ी आसानी रहेगी। अब चाणक्य और चंद्रगुप्त आगे की योजनायें बनाने लगे। चाणक्य ने अपनी कुशाग्र बुद्धि से विदेशियों को भारत से खदेड़ने की योजना बना ली। जिसके अनुसार एक बड़ी सेना का गठन किया जाना था। इधर सिकंदर की विजय ने सामान्य जनता का मनोबल तोड़कर रख दिया। सेना गठन के लिए इस मनोबल को पुनः जागृत करना आवश्यक था। गुरु और शिष्य मिलकर पंजाब भर में घूमे और वहां के लोगों को स्वतंत्रता तथा एक राष्ट्र की स्थापना के लिए प्रेरित करने लगे। कई लोगों ने उनका साथ दिया। युवा और उत्साही व्यक्ति चंद्रगुप्त और चाणक्य की योजना के अनुसार सेना बनाने के लिए आगे आये।

(क्रमशः)

सामाजिक समरसता का केंद्र बने संत रविदास मंदिर

भारत को कमजोर करने के लिए जातीय द्वेष बढ़ाने में अनेक ताकतें सक्रिय हैं। उनके निशाने पर विशेषकर हिन्दू समाज है। वहीं, भारतीय समाज को एकसूत्र में बांधने के प्रयास करने वाली संस्थाएं अंगुली पर गिनी जा सकती हैं। चिंताजनक बात यह है कि भारत विरोधी ताकतों के निशाने पर राष्ट्रीयता को मजबूत करने वाले संगठन भी रहते हैं। ऐन-केन-प्रकारेण उनकी छवि को बिगाड़ने के प्रयास किये जाते हैं। राजनीतिक क्षेत्र में भी कमोबेश यही स्थिति है। वोटबैंक की राजनीति के चलते अनेक नेता एवं राजनीतिक दल भी हिन्दू समाज में जातीय विद्वेष को बढ़ाने के दोषी हैं। इन परिस्थितियों के बीच शिवराज सरकार ने मध्यप्रदेश के सागर जिले में संत शिरोमणि रविदास महाराज के मंदिर का निर्माण करने का सराहनीय निर्णय लिया गया है। सरकार इस मंदिर को सामाजिक समरसता के केंद्र के तौर पर विकसित करना चाहती है। समरसता मंदिर के निर्माण में संपूर्ण हिन्दू समाज की भागीदारी हो, इसके लिए सरकार के प्रयासों से प्रदेशभर में समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो 12 अगस्त को निर्माण स्थल बड़तूमा पहुँचेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संत शिरोमणि रविदास की जयंती के सुअवसर पर यहाँ समरसता मंदिर की नींव रखेंगे। यह मंदिर अपने उद्देश्य के अनुसार आकार ले, इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे समरसता यात्राओं में सहभागिता कर लोगों तक संत रविदास के संदेश को पहुँचाने का भगीरथी प्रयास कर रहे हैं। आनंद की बात है कि संत रविदास समरसता यात्रा का रथ जहाँ-जहाँ से गुजर रहा है, वहाँ के लोग मंदिर निर्माण के लिये अपने क्षेत्र की मिट्टी और नदियों का जल देकर संदेश दे रहे हैं कि निश्चित ही यह स्थान सबको एकसूत्र में जोड़ने में सफल होगा। भारतीय संत परंपरा में संत रविदास का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने दोहों-पदों और आचरण से समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को दूर करके सामाजिक समरसता पर बल दिया। समाज कैसा होना चाहिए, उनके इस पद में इसके दर्शन मिलते हैं- 'ऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिलै सबन को अन्न, छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न।' उन्होंने हमारे सामने ऐसे समाज की संकल्पना रखी, जहाँ किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुःख, दरिद्रता और भेदभाव नहीं हो। सब प्रसन्नता से रहें। सामाजिक समरसता के जीवनसूत्र देते हुए संत रविदास ने कहा- **'रैदास जन्म के कारने होत न कोई नीच, नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीच'**। अर्थात कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है, जो व्यक्ति गलत काम करता है, वह नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म से कभी नीच नहीं होता है। संत रविदास जी के इस दर्शन को हमें आत्मसात करना चाहिए और इसे अपने आचरण में उतार लेना चाहिए। हिन्दू समाज की पहचान भी इसी बात के लिए है कि वह समय के साथ आई बुराइयों को समय के साथ ही छोड़कर आगे बढ़ जाता है। यह सत्य हमें स्मरण रखना चाहिए कि समाज को दिशा देनेवाले महान लोगों ने भेदभाव को उस समय भी स्वीकार नहीं किया, जब यह बुराई चरम पर दिखने लगी थी। हमारे यहाँ जातिगत भेदभव के लिए कभी कोई स्थान नहीं रहा है। संत शिरोमणि रविदास जी ने 'अहम ब्रह्मास्मि' और 'तत्वमसि' के दर्शन को सामान्य लोगों को समझ आनेवाली भाषा में समझाया। उनकी वाणी का संदेश यही रहा है कि हम सब एक ही हैं। एक ही ईश्वर के भक्त हैं। वे कहते हैं- 'प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी'। भारत के संत समाज ने हमें अनेक प्रकार से यह समझाने का प्रयास किया है कि हम सब एक ही ब्रह्म के अंश हैं। इसके बाद भी समाज में कुछ लोगों को यह बात समझ नहीं आती। विडम्बना यह है कि वे पढ़ते और पढ़ाते तो यही हैं, उपदेश भी इसी प्रकार के देते हैं लेकिन उनके आचरण से यह भाव नदारद है।

लोकेन्द्र सिंह

भारतीय संत परंपरा में संत रविदास का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने दोहों-पदों और आचरण से समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को दूर करके सामाजिक समरसता पर बल दिया।

भारतीय धर्म

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



अंगदान है मानवता, उदारता व संवेदना का द्योतक

अंग दान दिवस भारत में प्रतिवर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है। हमारा देश महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में अंगदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर अंगदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह अंगदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है। इस तरह की उदारता एवं संवेदना व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी जीवन का उजास प्रदान करती है। किसी व्यक्ति के जीवन में अंग दान के महत्व को समझने के साथ ही अंग दान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करने के लिये सरकारी संगठनों, सार्वजनिक संस्थानों और दूसरे व्यवसायों से संबंधित लोगों द्वारा हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर के अंग ही क्यों न हो। इस दृष्टि से अंगदान एक महान दान है, जो हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। अंगदान की अहमियत और प्रक्रिया के बाबत लोगों को जागरूक करने के लिये ही अंगदान दिवस मनाया जाता है। मानवीय दृष्टि से हर इंसान को पूरिपूर्ण शरीर एवं अंगों के साथ जीवन जीना अपेक्षित है, इसलिये बिल गेट्स ने कहा भी है कि हर मनुष्य का जीवन समान रूप से मूल्यवान है।' यही कारण है कि जिस व्यक्ति के शरीर का कोई अंग भंग है या उसके शरीर का कोई हिस्सा अधूरा है तो उसे वह अंग दान कर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है। एक अंगदान दाता आठ जरूरतमंदों की जान बचा सकता है। कोई भी व्यक्ति इस पुनीत कार्य से जुड़ कर जीवन सार्थक बना सकते हैं। एक जीवित व्यक्ति के लीवर का अंश दो व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किया जा सकता है। लीवर की भांति पैंक्रियाज का आंशिक दान किया जाता है, फिर भी दाता का यह अंग बखूबी कार्य करता रहेगा। केवल भारत में ही नहीं दुनिया में हर साल लाखों लोगों के शरीर के अंग खराब होने के कारण मृत्यु हो जाती है। दुनिया भर के अंगदान दाताओं की संख्या की तुलना में अंगों की मांग काफी अधिक है। हर साल कई मरीज डोनर के इंतजार में मर जाते हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में 200,000 किडनी की औसत वार्षिक मांग के मुकाबले केवल 6,000 ही प्राप्त होते हैं। इसी तरह, दिलों की औसत वार्षिक मांग 50,000 है, जबकि उनमें से 15 प्रतिशत उपलब्ध हैं। अंग दान करने वालों की संख्या बढ़ाने के लिए अंगदान की आवश्यकता को जनता के बीच संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। सरकार ने कुछ कदम उठाये हैं जैसे टीवी और इंटरनेट के माध्यम से जागरूकता फैला ना। हालाँकि, हमें अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। अंग दान किसी व्यक्ति के जीवन को बचा सकता है। इसके महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह अंगदान कर सकता है। किसी व्यक्ति के जीवन में अंग दान के महत्व को समझने के साथ ही अंगदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करना इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है। अंगदान ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी जीवित या मृत, दोनों तरह के व्यक्तियों से स्वस्थ अंगों और ऊतकों को लेकर किसी अन्य जरूरतमंद व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। प्रत्यारोपित होने वाले अंगों में दोनों गुर्दे (किडनी), यकृत (लीवर), हृदय, फेफड़े, आंत और अग्न्याशय शामिल होते हैं। जबकि ऊतकों के रूप में कॉर्निया, त्वचा, हृदय वाल्व कार्टिलेज, हड्डियों और वेसेल्स का प्रत्यारोपण होता है।

ललित गर्ग

निश्चित तौर पर अंगदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह अंगदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है।

दान

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

अपराधियों ने व्यवसायी को गोली मार की हत्या,एक घायल

पूर्वी चंपारण। जिले में अपराधियों ने एक व्यवसायी की गोली मार हत्या कर दी,जबकि उसके साथ बाइक सवार एक अन्य को जख्मी कर दिया।घटना महुआवा थाना क्षेत्र के महुआवा मध्य विद्यालय के पास की है। मृतक लखौरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के रोहित गुप्ता उर्फ पुट्टू है,जो महुआवा में आलू प्याज का कारोबार करता था। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात व्यवसायी रोहित गुप्ता अपनी दुकान बंद करने के बाद महुआवा के रहने वाले अपने ड्राइवर ललन यादव को बाइक पर अपने साथ लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान महुआवा मध्य विद्यालय के पास अपाचे बाइक पर सवार दो अपराधियो ने रोहित गुप्ता पर फायरिंग कर दिया।जिसमे दो गोली रोहित के सीने में लगी।वही एक गोली ललन यादव के हाथ में लगी।घटना के बाद स्थानीय लोगो ने दोनों को इलाज के लिए मोतिहारी भेजा। जहां चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया।जबकि जख्मी ललन का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे रक्सौल डीएसपी धीरेंद्र कुमार, छौड़ादानो इंस्पेक्टर अभय कुमार और महुआवा के प्रभारी थानाध्यक्ष शंभू प्रसाद यादव घटना की जांच में जुटे हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर घटनास्थल को सील किया गया है। एफएसएल टीम उक्त स्थल की जांच करेगी।साथ ही इस घटना का वैज्ञानिक तरीके से भी जांच की जायेगी।

राजधानी एक्सप्रेस से कटकर दो महिलाओं की मौत

बेगूसराय।बरौनी-कटिहार रेलखंड पर बेगूसराय स्टेशन के समीप शुक्रवार को रेल लाइन पार करने के दौरान ट्रेन से कटकर दो महिलाओं की मौत हो गई। मृतक महिला नगर थाना क्षेत्र के गाछी टोला निवासी नवल किशोर महतो की पत्नी विद्या देवी एवं युगल महतो की पत्नी फूलो देवी बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पावर हाउस रोड निवासी नलकूप विभाग से अवकाश प्राप्त कर्मी फूलो देवी एवं बिजली विभाग से अवकाश प्राप्त कर्मी विद्या देवी शुक्रवार को गंगा स्नान एवं ऋषि कुंड में नहाकर मुंगेर जाने हेतु घर से निकली थी। शुक्रवार की सुबह में दोनों को तिलरथ-जमालपुर डीएमयू ट्रेन से जाना था। दोनों ही एक साथ माल गोदाम के समीप प्लेटफार्म नंबर एक से दो की ओर रेलवे लाइन पार कर जा रही थी।

इसी दौरान डाउन लाइन पर बरौनी की ओर से आ रही राजधानी एक्सप्रेस के चपेट में दोनों आ गई। घटना के बाद प्लेटफॉर्म पर मौजूद लोग दौड़े, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं जाने की नहीं हुई। इसके बाद स्टेशन प्रबंधन को सूचित किया गया। दोनों के कटने की सूचना मिलते ही पहुंचे स्थानीय लोग शव को लेकर उन दोनों के घर चले गए । जीआरपी थाना प्रभारी अखिलेश्वर शर्मा ने बताया कि डाउन लाइन पर दो महिलाओं के कटने की सूचना मिली थी। जब वहां पहुंचे तो शव नहीं था। स्टेशन डायरी अंकित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

तीन नक्सली स्मारक किया ध्वस्त, नक्सल सामग्री बरामद

दंतेवाड़ा। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान ऑपरेशन मानसून के तहत थाना बारसूर एवं मालेवाही क्षेत्रांतर्गत नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर दंतेवाड़ा डीआरजी की टीम सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। सर्चिंग के दौरान ग्राम कोहकाबेड़ा, कुवे के जंगल पहाड़ी में शुक्रवार को नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया डंप सामाग्री पैराबम, कैलक्यूलेटर, दवाइयां, दैनिक उपयोगी की सामाग्री एवं नक्सल पत्रिका सहित नक्सल साहित्य बरामद किया गया। पुलिस ने ग्राम मंगनार गट्टापारा तथा ग्राम कोसलनार गोडियापारा में नक्सली शहीद सप्ताह के दौरान नक्सली जागेश, दीपक की स्मृति में नवनिर्मित तीन नक्सली स्मारक मिला, जिसे डीआरजी के जवानों ने मौके पर ध्वस्त कर दिया है।

विपक्ष को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है: नीतीश

एजेंसी। पटना

शहीद दिवस पर शुक्रवार को 11 अगस्त, 1942 को आजादी के मतवाले सात अमर शहीद को सीएम ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार का मीडिया पर कब्जा है। सब जगह घटनाएं घट रही हैं लेकिन उनका कोई बयान नहीं आता है।नीतीश ने कहा कि वे लोग अपने ढंग से जो अच्छा लगता है उसको बोलते हैं। उनको काम करना चाहिए लेकिन काम नहीं हो रहा है। हाऊस चलता है फिर भी वे लोग चुप रहते हैं। जब अटल बिहारी की सरकार थी तो हर बात का जवाब दिया जाता था। अब केवल एकतरफा बातें छपती हैं। इधर के लोग जो बोलते हैं उनकी बातों को नहीं छापा जाता है। अब उसे देखने की क्या जरूरत है। ऐसे भी हम टीवी देखना बहुत कम कर दिए हैं। सीएम ने कहा कि अपनी बात रखने का विपक्ष को अधिकार है। अब हमलोगों की तरफ बहुत पार्टियां आ गई हैं और एकजुट हो गई हैं। पटना से ही विपक्षी एकता की शुरूआत हुई है। हमलोग सभी पार्टियां मिलजुलकर तय करेंगे कि किस तरह से आगे देश का विकास करना है। इससे उन लोगों को परेशानी हो रही है। वर्ष 2024 में भाजपा बिहार से खत्म हो जाएगी पत्रकारों के इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हां, बिल्कुल। इसीलिए वे लोग घबराहट में हैं। हमलोगों की एकजुटता का नतीजा अच्छा निकलेगा। वे लोग केवल प्रचार-प्रसार करते हैं। बिहार में जो भी काम हुआ सब हमलोगों ने किया है। हमलोगों ने विशेष राज्य के दर्जे की मांग की लेकिन क्या हुआ ? यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता तो हमलोग कितना आगे पहुंच जाते। वे लोग बिहार को भूल जाते हैं। यह सबसे पौराणिक स्थल है। इसके इतिहास को उठाकर देख लीजिए। नीतीश ने कहा कि जदयू के बारे में कुछ लोग बयान देते हैं कि वो तीसरे नंबर पर है लेकिन वर्ष 2005 में जब हमलोग चुनाव जीते तो हमलोग कितने नंबर पर थे, कितना वोट आया था हमलोगों को और भाजपा वालों को कितना वोट आया, देख लीजिए। वर्ष 2010 में क्या हुआ हमलोगों को 118 सीटें आईं और उन लोगों को कितनी सीटें आईं, हमसे कम सीटें आईं। इस बार के चुनाव में हमलोगों को हराने का काम किया गया। एजेंट के तौर पर अन्य लोगों को खड़ा कर हमलोगों को हराया गया। जनता सब जानती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 के चुनाव के बाद हम मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते थे और हमने इसके लिए मना कर

इंदौर में रिटायर्ड बैंक अधिकारी के घर सीबीआई का छापा

इंदौर। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शहर की पॉश कॉलोनी बसंत विहार में रिटायर्ड बैंक अधिकारी के यहां छापेमार कार्रवाई की है। दिल्ली से आई सीबीआई की टीम शुक्रवार अलसुबह बसंत विहार स्थित रिटायर्ड बैंक अधिकारी के घर पहुंची। यहां पहुंचते ही अधिकारियों ने अपना परिचय देकर मोबाइल फोन जब्त कर लिये और उनके बाहर जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया। बाहर से भी किसी को घर में प्रवेश करने से रोक दिया गया।

रिटायर्ड बैंक अधिकारी के बंगले पर सर्च जारी है। दिल्ली सीबीआई के तीन अधिकारी और स्थानीय पुलिस बंगले पर मौजूद है।

सूत्रों के अनुसार सीबीआई को बड़े घोटाले का इनपुट मिला था। इसके बाद यह कार्रवाई की जा रही है। उक्त बंगला रिटायर्ड बैंक अधिकारी बालकृष्ण व्यास का है। व्यास बैंक ऑफ इंडिया में पदस्थ थे।

राज्यपाल ने स्वास्थ्य विवि के वीसी को हटाने का निर्देश दिया



एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सी. वी. आनंद बोस और राज्य सरकार के बीच एक बार फिर तकरार बढ़ने के आसार हैं। राज्यपाल ने राज्य के शिक्षा विभाग की ओर से स्वास्थ्य विश्वविद्यालय में नियुक्त किए गए कुलपति सुहृता पाल को हटाने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार को भेजे अपने पत्र में राज्यपाल ने लिखा है कि नियमों का पालन करके कुलपति की नियुक्ति नहीं हुई है। इसलिए उन्हें तुरंत हटाया जाए। उल्लेखनीय है कि इसके पहले राज्यपाल ने राज्य के 11 विश्वविद्यालय में अस्थाई कुलपतियों की नियुक्ति की थी जिसे लेकर राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने सवाल खड़ा किया था। खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी राज्यपाल पर शिक्षा क्षेत्र में हस्तक्षेप को लेकर हमला बोला था और समानांतर प्रशासन चलाने के आरोप लगाए थे। इसके बाद अब एक बार फिर जब स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के कुलपति को हटाने का निर्देश राज्यपाल ने दिया है तो तकरार बढ़ने के आसार हैं। सूत्रों ने बताया है कि गवर्नर ने केरल से एक शिक्षाविद को राज्य के स्वास्थ्य विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त करने का मन बनाया है।

जो नतीजा बिहार में हुआ, वही देश में होगा : तेजस्वी यादव

एजेंसी। पटना

बिहार के उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर की घटना पर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये सभी लोग डरे और घबराए हुए हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि जो नतीजा बिहार में हुआ वही पूरे देश में होगा। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर गुरुवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जो भाषण दिया, उससे लोगों को घोर निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों को आशा थी कि प्रधानमंत्री सही बात करेंगे, लेकिन वे विपक्ष पर ही निशाना साधते रहे। उन्होंने देशहित की, मणिपुर को लेकर जो बोलना चाहिए था, वे नहीं बोल पाए। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में जिस तरह गठबंधन हो रहा है, विपक्षी एकता हुई है, उससे ये लोग डरे हुए हैं, घबराए हुए हैं। इन लोगो का बॉडी लैंग्वेज भी बदला हुआ है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जो बिहार में हुआ है वह पूरे देश में होगा। प्रधानमंत्री के 2028 की बात करने पर तेजस्वी ने कहा कि इन लोगों की भ्रम में रहने दीजिए। जनता इनके जुमलों को अच्छी तरह से समझ चुकी है। अब भाजपा के झांसे में आने वाली नहीं है। भाजपा ने जनता से जो भी वादे किए हैं उनमें से एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। जनता ने इस बार मन बना लिया है।

विधानसभा चुनाव से पहले हिन्दुत्व के रंग में रंगे नजर आ रहे कमलनाथ: नरोत्तम मिश्रा

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ हिन्दुत्व के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने गृह नगर छिंदवाड़ा में बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की कथा कराई थी। अब वे अगले सोमवार यानी 14 अगस्त को महाकाल की सवारी में शामिल होने जा रहे हैं। वह उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना करेंगे। प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्म मिश्रा ने तंज कसते हुए कहा है कि कमलनाथ चुनावी हिंदू बनने की कोशिश कर रहे हैं। गृहमंत्री डॉ. मिश्रा ने शुक्रवार को अपने निवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सवाल यह है कि कमलनाथ महाकाल की सवारी में अब क्यों शामिल होंगे? चुनाव है इसलिए। यह मूल प्रश्न है, इसका कांग्रेस में कोई जवाब नहीं दे रहा। महाकाल की सवारी तो आदिकाल से निकल रही है। मेरे पूर्वजों के पहले से निकल रही है। अभी तक क्यों नहीं गए? वह तो मध्यप्रदेश में लंबे समय से सांसद रहे हैं। लंबे समय तक केंद्रीय मंत्री रहे, मुख्यमंत्री रहे तब क्यों नहीं गए? अब इसलिए जा रहे हैं, क्योंकि इनकी कांग्रेस पर संकट है।

कांग्रेस को बचाने के लिए अब जो छद्म धर्मनिरपेक्षता वाली राजनीति कर चुनावी हिन्दू बनने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। कमलनाथ के एक शायराना अंदाज में किए गए ट्वीट पर भी गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने जो ट्वीट किया है, वह वे स्वयं नहीं बोल पाएंगे। ट्वीट किसी और ने किया होगा। वे तो स्वयं याद करके भी नहीं बोल सकते। कांग्रेस जो पॉलिटिकल पाखंड कर रही है, इसको जानता समझती है कि यह जो अभी चुनाव के समय क्यों कर रहे हैं? दरअसल, कमलनाथ ने ट्वीट किया है कि- उनकी हजारों बातों में हर बात थी, सिवाय उसके जिसकी दरकार थी। मतलब की बात मिनटों में होती है, घंटों में नहीं। ह्यजवाबह्न और ह्यजवाबदेहीह्न लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का दायित्व होता है, जनता पर अहसान नहीं। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्य प्रदेश की धरा पर पधार रहे हैं।

शिक्षकों की ट्रांसफर पोस्टिंग में भी भ्रष्टाचार की जांच जारी रखेगी सीबीआई, होगी पूछताछ

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) राज्य में शिक्षकों के ट्रांसफर पोस्टिंग में भी हुए भ्रष्टाचार की जांच जारी रखेगी। कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली ने शुक्रवार को यह निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि 350 शिक्षकों के बारे में पता चला है जिनकी ट्रांसफर पोस्टिंग के बदले बड़ी धनराशि घूस के तौर पर ली गई है। आवश्यकता पड़ने पर केंद्रीय एजेंसी इन शिक्षकों से भी पूछताछ कर सकती है।दरअसल नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किए गए प्राथमिक शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य से सीबीआई की टीम ने पूछताछ की थी। जेल में उनसे हुई पूछताछ के बाद कोर्ट में रिपोर्ट दी गई है कि जिन शिक्षकों को अवैध तरीके से नियुक्त किया गया था उन्हें मन मुताबिक पोस्टिंग देने के लिए भी बड़ी धनराशि वसूली गई थी। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले की जांच सीबीआई जारी रखें। दरअसल 2020 में प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति के बाद उनके ट्रांसफर पोस्टिंग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। इस संबंध में गत 25 जुलाई को न्यायमूर्ति गांगुली ने सीबीआई को जांच का निर्देश दिया था और उसी रात प्रेसीडेंसी जेल में जाकर माणिक से पूछताछ को कहा था। इसके खिलाफ माणिक ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी लेकिन उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। उन्होंने मामले को दोबारा जस्टिस गांगुली की पीठ में ही भेज दिया था जहां शुक्रवार को न्यायाधीश ने उक्त निर्देश दिया है।

विस मानसून सत्र : दुष्यन्त की कविता पढ़ कर अखिलेश पर हमला बोले योगी

एजेंसी। लखनऊ

विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को नेता विरोधी दल अखिलेश यादव के एक घण्टे तक बोलने के बाद नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भाषण शुरू हुआ। मुख्यमंत्री ने दुष्यन्त कुमार की कविता...तुम्हरे पांव के नीचे जमीन नहीं...कह कर अखिलेश यादव पर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया तो अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। योगी ने कहा कि एक घंटे के भाषण में अखिलेश को केवल गोरखपुर का जलजमाव याद आया। जो लोग चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए, वह गांव, गरीब, शोषित वंचित की पीड़ा क्या समझ पाएंगे। सपा चौधरी चरण सिंह की थोड़ी बात भी ध्यान रखी होती तो इनकी सरकार में सबसे अधिक किसानों ने आत्महत्या नहीं की होती। नेता सदन ने कहा कि जिस किसान की बात आप (अखिलेश) कर रहे हैं, वह सांड़ भी उसी का हिस्सा है। आपके जमाने में सांड़ कत्ल खाने में जाते थे, हमारी सरकार में गोधन के रूप में हैं। योगी ने यादव परिवार में फूट पर भी चुटकी ली। उन्होंने कहा कि नेता विरोधी दल जो सूची लेकर आये हैं, उसमें कुछ गड़बड़ है। चाचा शिवपाल ने सूची बदल दी होगी। वैसे भी जब परिवार में सत्ता के लिए संघर्ष होता है तो यह सब होता ही है। इसके आगे मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी विषयों पर जवाब देंगे। इसके बाद वह प्रदेश में बाढ़ और किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनानी शुरू कीं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बाढ़ प्रभावितों को केवल ब्रेड बांटा जाता था। हमारी सरकार आई तब एक किट तैयार की गई। इसके साथ ही महिलाओं के लिए अलग से डिग्निटी किट दी जाने लगी। आज अस्पतालों में लोग आते हैं।

स्वावलंबन दुल्हन के हाथों में खनकती हैं 'जीविका' दीदियों द्वारा बनाई गई लहठी

स्वरोजगार से आत्मनिर्भर हो रहीं महिलाएं

एजेंसी। बेगूसराय

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (जीविका) से जुड़ी दीदी और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ने हर गांव-घर की महिलाओं को एक नया रास्ता दिखा दिया है। महिलाएं ना सिर्फ स्वरोजगार और घरेलू रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर हो रही हैं। बल्कि, पारंपरिक घरेलू उद्योगों को भी बढ़ावा मिल रहा है।

ऐसा ही एक उद्योग है लाह से बनी लहठी का निर्माण। एक समय था जब गांव में लहेरी समुदाय के लोग घरों में लहठी बनाते थे और उसे गांव-गांव में घूम कर बेचा जाता था। 90 के दशक के दिनों में आर्टिफिशियल आइटम ने इनके रोजगार पर आक्रमण कर दिया तो यह घरेलू उद्योग धीरे-धीरे कम होते चला गया। गांव में बने सस्ते और टिकाऊ लहठी के बदले आर्टिफिशियल लहठी की मांग बढ़ गई। लेकिन जीविका ने इस लहठी उद्योग को एक बार फिर बढ़ावा दिया। साधन और संसाधन उपलब्ध कराए गए। आज बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड की जीविका दीदी कौशल्या देवी अपने पूरे परिवार के साथ लहठी निर्माण कार्य से जुड़ी हुई हैं। वहीं, जीविका से जुड़ी पड़ोस की चार महिलाएं भी इनके साथ इन गतिविधियों में लगी हुई हैं।

लहठी बनाने के बाद इसे स्थानीय दुकानदारों को दे दिया जाता है और उसके बदले जीविका दीदियों को निर्धारित कीमत 35 से 50 रुपए दर्जन मिल जाता है। लहठी निर्माण से जुड़ी महिलाओं के अनुसार जयपुर, मुंबई, दिल्ली और कोलकाता से चूड़ियों में इस्तेमाल होने वाले नग, मेटल, केमिकल, स्टोन, प्लास्टिक डिजाइन मंगाए जाते हैं। लहठी निर्माण कार्य से जुडी जीविका दीदी कौशल्या देवी की पुत्र वधू ने बताया कि शीशा जड़ित लहठी, दुल्हन, कश्मीरी, जीरा पानी का निर्माण सुबह से शाम सभी महिलाएं मिलकर करती हैं। आज इन्हीं लहठियों एवं चूड़ियों की मांग भी बाजार में अधिक है। वहीं, चार दीदियों के साथ मिलकर एक सौ दर्जन चूड़ियों का निर्माण कर लेती हैं। वह बताती हैं कि आर्थिक रूप से काफी कमजोर होने के कारण उन्होंने जीविका के माध्यम से एक प्रतिशत ब्याज पर ऋण लेकर अपने इस कारोबार को शुरू किया और सफलता पूर्वक इसका संचालन कर रही हैं। इस कार्य से सभी जीविका दीदियों को पांच सौ रुपये से लेकर सात सौ रुपये तक रोजाना की आमदनी हो जाती है। शादी सहित अन्य सभी शुभ कार्य को लेकर महिलाओं के सजने और संवरने के लिए बाजार में एक से बढ़कर एक खूबसूरत गहने और श्रृंगार का सामान उपलब्ध रहता है। लेकिन इनमें सबसे अलग और खूबसूरत श्रृंगार लहठी को माना जाता है। लाह को आग में तपाकर घरों में बनाया गया लहठी महिलाओं की पहली पसंद होती है। इस लहठी को शुभ भी माना जाता है। लहठी में प्रयोग होने वाला लाह पश्चिम बंगाल से खरीदकर बेगूसराय लाया जाता है। बिहार के ग्रामीण इलाकों में लाह से बनी इस लहठी को सहना लहठी के नाम से भी जाना जाता है। इसे देखते ही महिलाएं खरीद लेना चाहती हैं, खासकर यदि त्योहारी सीजन हो तो महिलाएं सहना लहठी विशेष रूप से खरीदती हैं।

दूर्गा पूजा, सरस्वती पूजा, वट सावित्री व्रत सहित देवी पूजन के सभी अवसर और उत्सव में पूजन के लिए सिर्फ इस लहठी का ही उपयोग रहता है। जिसके कारण भारी डिमांड रहती है। लहठियां महिलाओं के सौभाग्य और सुहाग का प्रतीक माना जाता है। इसलिए सुहागिन महिलाओं के श्रृंगार में लहठियां जरूर शामिल रहता है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही पूरी तरह से प्राकृतिक यह लाह महिलाओं की त्वचा के लिए भी सुरक्षित होता है। इसके उपयोग से हाथ में त्वचा से जुड़ी समस्याएं नहीं होती है। रोजाना लहठी का निर्माण कर उसे बिक्री के लिए बाहर भेजा जाता है। कुल मिलाकर कहें तो लहठी ने दीदियों का जीवन पूरी तरह बदल गया है।

रोडवेज बस और ट्रक की भिड़ंत में 4 की मौत,9 घायल

बुलंदशहर। कोतवाली देहात क्षेत्र में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई है। देहात थाना क्षेत्र के अड़ौली तिराहे पर एक बेकाबू ट्रक ने साहिबाबाद डिपो की रोडवेज बस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौके पर हीमौत हो गई जबकि 9 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, एसपी सिटी, एएसपी समेत पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पहुंचे। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में मृतकों का पंचायतनामा भरकर चारों शवों को भी पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। डीएम सीपी सिंह ने बताया कि साहिबाबाद डिपो की बस बदायूं से यात्रियों को बिठाकर दिल्ली जा रही थी। इस दौरान अलीगढ़ की ओर जा रहे नागालैंड नंबर के ट्रक ने बुलंदशहर देहात के अड़ौली तिराहे पर बस को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में जिन चार लोगों ने जान गंवाई है वह सभी बदायूं और संभल के निवासी हैं।

NEWS इन ब्रीफ

निक किर्गियोस ने यू.एस. ओपन से अपना नाम वापस लिया



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने गुरुवार को यू.एस. ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। इसके साथ ही वह इस वर्ष के सभी चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं रहे हैं। अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ के साथ किर्गियोस के नाम वापसी की घोषणा की। एसोसिएशन द्वारा तत्काल उनकी अनुपस्थिति का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया। यू.एस.ओपन की शुरूआत 28 अगस्त से हो रही है।

हैरी केन बायर्न म्यूनिख में जल्द हो सकते हैं शामिल : रिपोर्ट

लंदन। इंग्लैंड और टॉटनहम हॉटस्पर के स्ट्राइकर हैरी केन कथित तौर पर जर्मन चैंपियन बायर्न म्यूनिख के साथ चार साल के अनुबंध पर सहमत हो गए हैं और शुक्रवार को मेडिकल के लिए जर्मनी जाएंगे। कई हफ्तों की लंबी बातचीत के बाद, बायर्न और स्पर्स ने स्टार स्ट्राइकर के लिए 100 मिलियन यूरो से अधिक के सौदे पर सहमति व्यक्त की। यूरोस्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, केन कथित तौर पर उत्तरी लंदन में रहने के इच्छुक थे, लेकिन अब एक बड़ी रकम मिलने के बाद बायर्न म्यूनिख में शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं और बायर्न एफसी के साथ चार साल का करार किया है।

आई-लीग 2023-24 फॉर्मेट में 13 क्लब खेलेंगे 156 मैच

एजेंसी। नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) लीग समिति ने शुक्रवार को आई-लीग 2023-24 प्रारूप पर फैसला किया, जिसमें 13 क्लब होम-एंड-अवे डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में भाग लेंगे। क्लबों की भागीदारी एआईएफएफ की क्लब लाइसेंसिंग प्रक्रिया की पूर्ति के अधीन है। पूरे सीजन में कुल 156 मैच खेले जाएंगे, जिसमें प्रत्येक टीम 24 मैच खेलेगी। लीग के अंत में तालिका के शीर्ष पर रहने वाले क्लब को आई-लीग 2023-24 का चैंपियन घोषित

किया जाएगा और इंडियन सुपर लीग 2024-25 में भाग लेने का मौका मिलेगा। लेकिन इसकी शर्त यह होगी कि वो सभी क्लब लाइसेंसिंग मानदंडों को पूरा करते हों।

एआईएफएफ महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने कहा, अधिक से अधिक क्लब न केवल आई-लीग, बल्कि तीसरे डिवीजन में भी भाग लेने के लिए आ रहे हैं। हम सभी लीग संरचना को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सर्वोत्तम निर्णयों पर पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे क्लबों को आगे बढ़ने की इच्छा रखने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। जिला स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक, और भारतीय फुटबॉल के समग्र सुधार में मदद मिलेगी।" पिछले सीजन के चैंपियन पंजाब एफसी को पहले ही आईएसएल में प्रमोट किया जा चुका है। वहीं 2022-23 आई-लीग सीजन की दो हटाई गई टीमें - मुंबई केनक्रे एफसी और सुदेवा दिल्ली एफसी की जगह दिल्ली एफसी और शिलांग लाजोंग एफसी ने ले ली है, जो 2022-23 सेकेंड डिवीजन लीग की शीर्ष दो टीमें हैं। समिति के अध्यक्ष ने कहा, पहले, हमारे पास एक उचित स्तरीय लीग संरचना नहीं थी, लेकिन यह बदल गया है। अब, आईएसएल, आई-लीग, सेकेंड डिवीजन और थर्ड डिवीजन सभी एक मजबूत लीग संरचना बनाने के लिए एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

16 वर्षीय चीयरलीडर की मौत

नई दिल्ली। टेक्सास ए एंड एम में एक उत्साहवर्धक शिविर में भाग लेने के दौरान एक हाई स्कूल जूनियर की मौत हो गई। 16 वर्षीय कैली मिशेल

एक चीयरलीडर थी जिसे परिसर में प्रशिक्षक द्वारा सीपीआर दिए जाने के बाद हवाई मार्ग से टेक्सास चिल्ड्रन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। कुछ दिन पहले कोच ने माता-पिता को फोन करके पूछा कि क्या कैली को 'आज सुबह उठने में कोई समस्या है।' डोनह्यू ने कहा, अगर वह (कोच) नहीं होते, तो हमें उसके अंतिम क्षणों में साथ रहने का भी मौका नहीं मिलता।' मिशेल के पिता स्कॉट डोनह्यू ने कहा कि उनकी बेटी को लॉन्ग क्यूटी सिंड्रोम था। यह सिंड्रोम दिल की धड़कन को नियंत्रित करने वाली विद्युत प्रणाली को खराब कर देता है।

भारत को सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

निगाहें श्रृंखला बराबर करने पर

एजेंसी। लॉडरहिल

वेस्टइंडीज से पहले दो टी-20 मैच हारने के बाद, भारत ने उप-कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा के शानदार प्रयासों की बदौलत तीसरे गेम में सात विकेट की शानदार जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला को जीवित रखा।

अब श्रृंखला की कार्रवाई अंतिम दो मैचों के लिए फ्लोरिडा, यूएसए के लॉडरहिल में स्थानांतरित होने के साथ, भारत उम्मीद कर रहा होगा कि अन्य बल्लेबाज शनिवार को होने वाले चौथे टी20 में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

वेस्टइंडीज अभी भी सीरीज में 2-1 से आगे है। हालांकि सूर्यकुमार ने तीसरे टी20 में अपनी लय वापस पा ली, लेकिन भारत को यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, कप्तान हार्दिक पांड्या और निचले क्रम के बाकी बल्लेबाजों से आवश्यकता होगी कि वे आगे बढ़ें और रन बनाने में बड़ी भूमिका निभाएं। गिल तीनों पारियों में एकल अंक पर आउट हुए हैं और श्रृंखला में अब तक दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए हैं। ईशान किशन की

जगह शीर्ष पर लाए गए जायसवाल अपने पहले टी20 मैच में सस्ते में आउट हो गए। चूंकि हार्दिक ने अभी तक बल्ले से अपना चरम फॉर्म हासिल नहीं किया है और भारत की टीम आठवें नंबर से शुरूआत कर रही है, इसलिए समय की मांग है कि बल्लेबाजी विभाग एकजुट होकर बड़ा योगदान दे। गेंदबाजी विभाग में, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल स्पिन टीम के रूप में प्रभावशाली रहे हैं, जबकि अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार अच्छा काम कर रहे हैं।

वेस्टइंडीज के लिए, अगले साल घरेलू मैदान पर होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी में, अगर वे शनिवार को भारत को हराने में कामयाब होते हैं, तो उनके लिए 2017 के बाद पहली बार लगातार टी20 श्रृंखला जीतने का मौका है। भारत की तरह, वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भी एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, निकोलस पूरन शानदार फॉर्म में हैं और कप्तान रोवमैन पॉवेल कुछ हद तक बड़े हिट प्रदान कर रहे हैं। अगर वेस्टइंडीज को भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो काइल मेयर्स, शिमरोन हेटमायर और ब्रैंडन किंग को बल्ले से बेहतर करने की जरूरत है।

दोपहर में कुछ बारिश होने का अनुमान है क्योंकि तीन सप्ताह तक एमएलसी का भव्य आयोजन देखने के बाद अमेरिका भारत की कुछ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधियों को देखने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। दोनों टीमों ने लॉडरहिल में अपने आमने-सामने छह टी20 मैच खेले हैं, जिनमें से भारत ने चार मैच जीते हैं, वेस्टइंडीज ने सिर्फ एक बार, जबकि एक अन्य मैच बारिश की भेंट चढ़ गया।

स्पेन पहली बार महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में

एजेंसी। वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)

स्पेन ने शुक्रवार को अतिरिक्त समय में किए गए निर्णायक गोल की बदौलत नीदरलैंड पर 2-1 की ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए पहली बार फीफा महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि पहला हाफ गोलरहित रहा, लेकिन स्पेन ने दबदबा बनाए रखा। उन्होंने अपनी जटिल पासिंग और अनुकरणीय गेंद नियंत्रण के साथ लगातार दबाव बनाया, 49 फीसदी गेंद पर कब्जा जमाया और गोल पर ग्यारह शॉट लगाए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, हालांकि, नीदरलैंड्स का हाफ शांत रहा और वह एक भी शॉट रिकॉर्ड करने में नाकाम रही और केवल 34 फीसदी कब्जा ही हासिल कर पाई। 17वें मिनट में तनाव का क्षण पैदा हो गया जब नीदरलैंड्स को दो बार पोस्ट ने बचाया। अल्बा रेडोंडो के शुरूआती हमले को डच गोलकीपर ने नाकाम कर दिया, लेकिन पोस्ट से टकराकर ही गेंद पलट गई। रेडोंडो के अनुवर्ती

प्रयास का एक बार फिर वही हश्र हुआ, जिसमें लकड़ी का पोस्ट बचाव के लिए काम आया।

37वें मिनट में स्पेन की गतिरोध तोड़ने की उम्मीदें धराशायी हो गईं। जेनिफर हमोसी एक शानदार पास के बाद गेंद को गोल में डालने में सफल रहीं, लेकिन उनके गोल को ऑफसाइड के रूप में खारिज कर दिया गया। 78वें मिनट में खेल का रुख बदल गया. बॉक्स के अंदर स्टेफनी वान डेर ग्रैगट के हैंडबॉल से स्पेन को पेनल्टी मिली। मैरियोना कैल्डेंटी ने मौके पर कोई गलती नहीं की और स्पेन को बढ़त दिला दी।

जडेजा के बारे में कोई क्यों नहीं पूछता : रोहित शर्मा

एजेंसी। मुंबई

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज से अपनी और सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली की अनुपस्थिति को वर्क लोड मैनेजमेंट बताया है। वेस्टइंडीज दौरे पर गई टीम इंडिया लगातार चर्चा में बनी हुई है। हालांकि इसकी वजह उनका शानदार खेल नहीं बल्कि टीम कॉम्बिनेशन को लेकर प्रयोग है। वेस्टइंडीज के खिलाफ लिमिटेड ओवर की सीरीज से रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर्स गायब हैं। उनकी जगह युवा खिलाड़ियों और एशिया कप के साथ ही विश्व कप के लिए बैकअप प्लेयर्स को लगातार आजमाया जा रहा है।

रोहित शर्मा ने पहला वनडे खेला लेकिन अगले दो मैचों और उसके बाद वेस्टइंडीज में टी-20 सीरीज में नहीं खेल रहे। उनके 'आराम' के साथ, हार्दिक पांड्या ने श्रृंखला के अगले दो एकदिवसीय मैचों में टीम का नेतृत्व किया, जिसे भारत ने 2-1 से जीता और वर्तमान में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जिसमें मेन इन ब्लू 2-1 से पीछे है। रोहित ने अब इस पर खुलकर बात की है और कहा है कि श्रृंखला से उनकी अनुपस्थिति रणनीति का हिस्सा थी क्योंकि उन्होंने 2022 में टी-20 विश्व कप से पहले भी यही किया था।

खेल मंत्रालय ने पहलवानों को रोमानिया भेजा

नई दिल्ली। एशियाई खेलों की टीम में शामिल छह पहलवान खेल मंत्रालय की राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) को सहायता देने की योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेनिंग शिविर और प्रतियोगिता के लिए तीन सहयोगी स्टाफ सदस्यों के साथ रोमानिया के लिए रवाना हुए। शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस दौरे के दौरान टीम 18 से 20 अगस्त तक इयोन कोर्नियानू और लाडिस्लाऊ सिमोन टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। विज्ञप्ति के अनुसार यह अंतरराष्ट्रीय दौरा 15 दिन का होगा जिसमें टीम की ट्रेनिंग का पूरा खर्चा, टिकट और ठहरने की व्यवस्था, वीजा का खर्च और ह्यआउट ऑफ पॉकेट' भत्ते का पूरा खर्चा उठाया जाएगा। एशियाई खेल 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ में आयोजित होंगे। रोमानिया दौरे पर गए ग्रीको रोमन पहलवान : ज्ञानेंदर (60 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा - खेलो इंडिया एथलीट), सुनील कुमार (87 किग्रा - टॉप्स एथलीट), नरिंदर चीमा (97 किग्रा - खेलो इंडिया एथलीट) और नवीन (130 किग्रा)।

राष्ट्रमंडल युवा खेल 2023

अंतिम दिन रजत व दो कांस्य पदक के साथ भारत 17वें स्थान पर रहा

एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन

भारत ने यहां राष्ट्रमंडल युवा खेलों का सकारात्मक अंत किया, अंतिम दिन एथलेटिक्स में एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर आठ दिन की प्रतियोगिता में तालिका में 17वें स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरुवार को लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में आशा किरण बारला ने रजत पदक जीता, जबकि लड़कियों की ऊंची कूद में पूजा ने कांस्य पदक हासिल किया, जबकि लड़कों के भाला फेंक में अर्जुन तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले, तैराक शॉन गांगुली ने लड़कों की 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में रजत पदक जीता था, जबकि ससी अनुप्रिया ने लड़कियों के शॉट पुट में कांस्य पदक जीता था, दोनों पदक 7 अगस्त को आए थे, क्योंकि 12 लड़कों और 12 लड़कियों वाले दल ने कुल मिलाकर पांच पदक जीते थे। आशा किरण बारला ने लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में 2 मिनट 04.99 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया,

वह इंग्लैंड की फोबे गिल से पीछे रहीं, जिन्होंने राष्ट्रमंडल युवा खेलों में 2 मिनट 02.30 सेकंड का समय लेकर रिकॉर्ड बनाया था, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की कैस्टर सेमेन्या द्वारा 2008 में पुणे में राष्ट्रमंडल युवा खेल संस्करण में बनाए गए 2:04.23 सेकंड के रिकॉर्ड में सुधार किया। ऑस्ट्रेलिया के फ्लेर कूपर ने 2:05.86 में कांस्य पदक जीता। लड़कों के भाला फेंक में, भारत के अर्जुन 65.94 की दूरी के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जिसे उन्होंने अपने छह प्रयासों में से पहले में हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के विलेम शाल्क जैकोबस जानसन (79.85 मीटर) और इंग्लैंड के टॉम रटर, जिन्होंने 67.54 मीटर की दूरी तय की, ने पहले दो स्थान हासिल किये। लड़कियों की ऊंची कूद में भारत की पूजा 1.75 मीटर की छलांग के साथ ऑस्ट्रेलिया की इजोबेल लुइसन-रो के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं, पूजा ने अपने पांचवें प्रयास में 1.75 मीटर की छलांग लगाई जबकि इजोबेल ने चौथे प्रयास में ऐसा किया। पूजा ने अपनी छठी छलांग में 1.78 मीटर का प्रयास किया, लेकिन बार को पार करने में असफल रही, जबकि ऑस्ट्रेलियाई ने 1.81 की छलांग लगाई, लेकिन सफल नहीं हो सकी।

अल्काराज हारते-हारते बचे क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

एजेंसी। टोरंटो

शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने धीमी शुरूआत और नाटकीय अंत से उबरते हुए पोलैंड के 15वीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज को हराया और कनाडाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। स्पैनियार्ड ने गुरुवार रात को हर्काज को 3-6, 7-6(2), 7-6(3) से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 14 मैचों तक बढ़ा दिया। सीजन के अपने सातवें खिताब का लक्ष्य रखते हुए, अल्काराज ने हर्काज के साथ अपनी एटीपी हेड-टू-हेड श्रृंखला में 2-0 तक सुधार किया और अब सीजन में उनका रिकॉर्ड 49-4 हो गया है। उनका अगला मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा, जिन्होंने पिछले साल मॉन्ट्रियल में स्पेनिश खिलाड़ी को परेशान किया था। अल्काराज ने शुरूआत में अपना सर्वश्रेष्ठ स्तर पाने के लिए संघर्ष किया, अप्रत्याशित फोरहैंड त्रुटियां कीं, क्योंकि पोल ने मैच के पहले तीन गेम केवल तीन अंकों के नुकसान के साथ जीतकर शुरूआती सेट

अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट के शुरूआती गेम में सर्विस टूटने के बावजूद, अल्काराज ने ध्यान केंद्रित किया और विस्तारित रैलियों में अधिक स्थिरता पाई क्योंकि हर्काज का पहली सर्विस का प्रतिशत 69 प्रतिशत से गिरकर 48 हो गया। अंतिम सेट में, स्पैनियार्ड ने उस गति को बनाए रखा और 5-2 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि हर्काज ने जबरदस्त वापसी की और आसानी से हार मानने से इंकार कर दिया।

टूर्नामेंट द. अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद श्रृंखला के लिए पाकिस्तानी टीम घोषित

स्टार तेज गेंदबाज डायना बेग की वापसी

एजेंसी। लाहौर

पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी आगामी घरेलू सफेद गेंद श्रृंखला के लिए दो 15 सदस्यीय महिला टीमों की घोषणा की है, जिसमें स्टार तेज गेंदबाज डायना बेग उंगली की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रही हैं। श्रृंखला में तीन टी20 और तीन वनडे शामिल हैं, जिसमें वनडे आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 का हिस्सा है। सफेद गेंद की श्रृंखला 1 से 14 सितंबर के बीच खेली जाएगी, जिसके सभी मैच कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में होंगे।

दोनों टीमों में बेग की वापसी से घरेलू टीम को मजबूती मिलेगी। वह उंगली की चोट से लंबे समय तक दूर रहने के बाद टीम में वापसी कर रही हैं, जिसके कारण वह छह महीने से अधिक समय तक खेल से बाहर रहीं। बेग को इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली में चोट लग गई थी। पाकिस्तान ने टी20 टीम में 18

वर्षीय शवाल जुल्फिकार को भी मौका दिया है। उन्हें अगले महीने होने वाले एशियाई खेलों के लिए पाकिस्तान की टीम में भी शामिल किया गया है।

लेग स्पिनर सैयदा अरूब शाह भी तीन साल से अधिक समय के बाद टी20 टीम में वापसी कर रही हैं। वह आखिरी बार 2020 में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के लिए खेली थीं। ऑलराउंडर नतालिया परवेज को भी 2018 के बाद टी20 टीम में पहली बार मौका मिला है और उन्हें वनडे टीम में रिजर्व के रूप में भी रखा गया है। अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज नजीहा अल्वी को भी टी20 टीम में शामिल किया गया है।

वनडे टीम में आयशा नसीम और कायनात इम्तियाज की जगह उम्म-ए-हानी और वहीदा अख्तर को शामिल किया गया है। नसीम ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।

दोनों टीमों की कप्तानी अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार करेंगी, जो इस साल फरवरी में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के बाद कप्तानी छोड़ने वाली बिस्माह मारूफ की जगह टीम की कमान संभालेंगी।

पाक टीम इस प्रकार है

टी20 टीम : निदा डार (कप्तान), आलिया रियाज, बिस्माह मारूफ, डायना बेग, फातिमा सना, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी (विकेटकीपर), नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह और उम्म-ए-हानी

रिजर्व : अनूशा नासिर, ओमैमा सोहेल और वहीदा अख्तर

एकदिवसीय टीम : निदा डार (कप्तान), आलिया रियाज, बिस्माह मारूफ, डायना बेग, फातिमा सना, गुलाम फातिमा, मुनीबा अली, नाशरा सुंधू, ओमैमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज (विकेटकीपर), उम्म- ई-हानी और वहीदा अख्तर

रिजर्व : नाजिहा अल्वी, नतालिया परवेज और तुबा हसन

नेस्ले इंडिया ने झारखण्ड में 'सर्व सेफ फूड' प्रोजेक्ट का किया विस्तार

नवी मेल संवाददाता। धनबाद
झारखण्ड में सर्व सेफ फूड प्रोजेक्ट का भौगोलिक विस्तार करते हुए, नेस्ले इंडिया ने एफडीए, झारखण्ड तथा नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (एनएएसवीआई) के साथ सहयोग किया है। इस सहयोग के तहत जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग, देवघर और चास बोकारो में 1500 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को खाद्य सुरक्षा और हाईजीन पर प्रशिक्षित करना है। वर्ष 2022 में झारखण्ड के रांची, धनबाद, जमशेदपुर और पश्चिम सिंहभूम जिलों में 1000 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षित किया गया था। वर्ष 2016 में अपनी शुरूआत के बाद से प्रोजेक्ट सर्व सेफ फूड से 25 राज्यों/संघीय क्षेत्रों में 41,000 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को लाभ पहुंचा है। इस दौरान फूड वेंडर्स के बीच हाईजीन, भोजन के सुरक्षित प्रबंधन और अपशिष्ट के निपटान के बारे में जागरूकता पैदा की गई। इस प्रोजेक्ट के तहत कोविड-19 से सम्बंधित सुरक्षा उपायों और महामारी के बाद की स्थिति में डिजिटल भुगतान पर एक मॉड्यूल भी तैयार किया गया है। नेस्ले इंडिया के कॉर्पोरेट अफेयर्स और सस्टेनेबिलिटी के हेड, संजय खजूरिया ने कहा कि नेस्ले इंडिया में हम लोग अपने उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा के अलावा भारत में खाद्य सुरक्षा का वातावरण बेहतर बनाने के लिए वचनबद्ध हैं।

मुंह के बल गिरे टमाटर के भाव, एक दिन में 37 फीसदी लुढ़के

टमाटर के आयात पर दाम में आयी गिरावट

1750 रुपये प्रति टोकरी से गिरकर 1200 रुपये प्रति टोकरी पहुंच गई है

टमाटर के भाव जल्द ही सभी शहरों में कम हो सकते हैं

एजेंसी। नई दिल्ली
पिछले दिनों आसमान पर पहुंचे टमाटर के भाव अब नीचे आ रहे हैं। टमाटर की बढ़ती कीमतों का असर आम आदमी के बजट पर पड़ा है। लोगों ने टमाटर से दूरी बना ली है। टमाटर इतना महंगा हो गया है कि लोगों के लिए 250 ग्राम खरीदना भी मुश्किल हो गया है। दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे शहरों में टमाटर के भाव 280 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए थे। हालांकि अब इसमें गिरावट आ रही है। सिर्फ एक दिन में ही नासिक की तीन मंडियो में टमाटर की औसत थोक कीमत 650 रुपये प्रति टोकरी तक गिर गई है। बता दें कि एक टोकरी में 20 किलो टमाटर होते हैं। इनके भाव अभी तक 1750 रुपये चल रहे थे। अब यह गिरकर 1100 रुपये पर पहुंच गए हैं। एक दिन में ही इनमें 37 फीसदी की गिरावट आ गई है। इधर सरकार ने भी टमाटर की बढ़ती कीमतों को कंट्रोल करने की तैयारी कर ली है। दिल्ली-एनसीआर में एनसीसीएफ सस्ती कीमतों पर टमाटर बेचेगी। अगर सरकार की कोशिश कामयाब रही तो इस हफ्ते टमाटर के भाव कम होकर 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकते हैं। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के मुताबिक, सरकार टमाटर की कीमतों को कम करने के लिए नेपाल से टमाटर आयात कर रही है। टमाटर की आवक अब बढ़ गई है। महाराष्ट्र की बात करें तो यहां पर सबसे बड़ी टमाटर की मंडी पिंपलगांव में आवक बढ़कर अब 15 हजार डिब्बे हो गई है। पहले यह 1500 डिब्बे थी। इसी तरह से नासिक में यह 5 हजार से बढ़कर 10 हजार डिब्बे, वहीं लासलगांव में यह 1500 डिब्बे पहुंच गई है। यहां पर अभी तक 350 डिब्बों की आवक थी। टमाटर की आवक बढ़ने से इसके दाम भी गिर गए हैं। पिंपलगांव मंडी में टमाटर की औसत थोक कीमत 1750 रुपये प्रति टोकरी से गिरकर 1200 रुपये प्रति टोकरी पहुंच गई है। यहां पर बीते तीन अगस्त को औसत थोक मूल्य 2400 रुपये प्रति टोकरी दर्ज किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, टमाटर की औसत कीमत जल्द ही एक हजार रुपये प्रति टोकरी से नीचे आने की उम्मीद है। टमाटर की प्रति दिन आवक बढ़कर 25 हजार हो जाएगी। टमाटर के भाव जल्द ही सभी शहरों में कम हो सकते हैं। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में बताया कि सरकार ने टमाटर की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए नेपाल से टमाटर आयात करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार तक वाराणसी और कानपुर में नेपाल से मंगाए गए टमाटर की पहली खेप पहुंचने की संभावना है।

कसीनो पर 28 फीसदी जीएसटी का रास्ता साफ

लोकसभा में पास हुआ बिल

एजेंसी। नई दिल्ली
ऑनलाइन गेमिंग, कसीनों, हॉर्स राइडिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने का बिल लोकसभा में पास हो गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद के मॉनसून सत्र के दौरान इस बिल को पेश किया है। बहस के बाद आज इस बिल को लोकसभा में पास कर दिया गया। इसके साथ ही केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी मिल गई। संसद में बिना चर्चा के ही अल बिल को मंजूरी दे दी गई। घरेलू खरीदारी की होड़ - मिक्सर ग्राइंडर, गीजर, वॉटर प्यूरीफायर और अन्य पर 70% तक की छूट। शुक्रवार को संसद के मानसून सत्र के दौरान वित्त मंत्री ने लोकसभा में दो जीएसटी विधेयक को पेश किया। इस बिल में ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और हॉर्स रेस क्लबों पर 28 फीसदी टैक्स लगाने का संशोधन था, जिसे लोकसभा में मंजूरी मिल गई है। इस बिल के माध्यम से ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और हॉर्स राइडिंग क्लबों में दांव पर लगाई जाने वाली रकम पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया।

कंप्यूटर-लैपटॉप के बाद अब कैमरा-प्रिंटर पर लग सकता है बैन



एजेंसी। नई दिल्ली
पर्सनल कंप्यूटर और लैपटॉप के इंपोर्ट के लिए लाइसेंस अनिवार्य करने के बाद, अब सरकार की नजर दूसरे प्रोडक्ट्स पर नजर है। आने वाले दिनों में कैमरा, प्रिंटर, हार्ड डिस्क, टेलीफोन और टेलीग्राफिक जैसे डिवाइसेस पर भी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। जानकारों की मानें तो इन प्रोड्क्ट्स की लोकल डिमांड काफी ज्यादा है। घरेलू उत्पादन के अवसरों को बढ़ाने के लिए इनके भारी इंपोर्ट पर तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है। वित्त वर्ष 2023 में इन वस्तुओं का इंपोर्ट 10.08 बिलियन डॉलर को पार कर गया था। सरकार दूसरे हाई इंपोर्ट प्रोडक्ट्स जैसे यूरिया, एंटीबायोटिक्स, टर्बो-जेट, लिथियम-आयन एक्यूम्यूलेटर, रिफाइंड कॉपर, मशीनें और मैकेनिकल अप्लायंसेज, सोलर और फोटोवोल्टिक सेल, एल्यूमीनियम स्क्रैप, सनफ्लावर सीड ऑयल और काजू के इंपोर्ट की भी समीक्षा जा रही है। वित्त वर्ष 2023 में भारत का कुल माल आयात 16.5 फीसदी बढ़कर 714 बिलियन डॉलर हो गया, जिससे देश का चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2023 में सकल घरेलू उत्पाद का 2 फीसदी हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद का 1.2 फीसदी था। सरकार इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी अग्रीमेंट-1 या आईटीए-1 के तहत आने वाले 250 प्रोडक्ट्स के शिपमेंट पर भी नजर रख रही है, जिन पर भारत इंपोर्ट चार्ज नहीं लगा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि आईटीए-1 में उन प्रोडक्ट्स पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिनका बल्क इंपोर्ट चिंता का कारण है। आईटीए-1 प्रोउक्ट्स इंटिग्रेटिड सर्किट, कंप्यूटर, टेलीकॉम डिवाइसेस, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग, एम्पलीफायर और टेस्टिंग डिवाइसेस, सॉफ्टवेयर और साइंटिफिक इंस्ट्रुमेंट्स समेत कई हाईटेक प्रोडक्ट्स को कवर करते हैं। एक अधिकारी ने कहा कि चिप्स और डिस्प्ले सबसे कॉस्टली प्रोडक्ट्स हैं और उनके मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने की जरुरत है। मेडिकल डिवाइसेस डिवाइसेस एक दूसरा ऐसा सेक्टर है।

बैंकों से निकलेंगे 1 लाख करोड़, बढ़ सकती हैं दरें

मुंबई। त्योहारों से पहले कैश की सप्लाई घटेगी। ऐसे में बैंक लोन और डिपॉजिट की ब्याज दरें बढ़ाने के लिए मजबूर हो सकते हैं। दरअसल रिजर्व बैंक ने बैंकों पर इंक्रीमेंटल सीआरआर (कैश रिजर्व रेश्यो) लगाया है। इसके चलते बैंकों को 12 अगस्त से हर 100 रुपए की डिपॉजिट वृद्धि पर आरबीआई के पास 4 रुपए की जगह 10 रुपए अतिरिक्त कैश रखना होगा। नतीजतन बैंकों से 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा कैश निकलकर आरबीआई के पास चला जाएगा। बैंकों को 19 मई से लेकर 28 जुलाई के बीच बढ़ी हुई डिपॉजिट का 10% इंक्रीमेंटल सीआरआर मेंटेन करना होगा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 2,000 रुपए के नोट चलन से बाहर होने से 31 जुलाई तक बैंकों के पास 3.14 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी आ चुकी है। आरबीआई इसका एक बड़ा हिस्सा सिस्टम से बाहर करना चाहता है।

अरबों डॉलर के बदले 5 अमेरिकी नागरिकों को रिहा करेगा ईरान

दुबई। ईरान ने 5 अमेरिकी कैदियों को जेल से नजरबंदी में स्थानांतरित कर दिया है। ईरान ने यह कदम उस समझौते के लिए उठाया है जिसके तहत दक्षिण कोरिया में जब्त किए गए उसके अरबों डॉलर उसे वापस करने के बदले में कैदियों को रिहा किया जाएगा। अमेरिका और ईरान के अधिकारियों ने वीरवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के अधिकारियों ने ह्यद एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) से समझौते की पुष्टि करते हुए कहा कि कैदियों को नजरबंदी में स्थानांतरित करना इस समझौते को लागू करने की दिशा में एक अहम शुरूआती कदम है। ईरान ने यह भी माना कि समझौते में प्रतिबंधों की वजह से जब्त कर लिए गए 6-7 अरब अमेरिकी डॉलर को जारी करना शामिल है। संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि अगर समझौता होता है तो रकम पहले कतर स्थानांतरित की जाएगी और फिर इसे ईरान भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अगले महीने तक राशि को ईरान भेजा जा सकता है और पांच बंदियों को रिहा किया जा सकता है।

पेज एक के शेष

सीएम ने छात्रवृत्ति ...

कभी भी धारासायी हो सकती है । यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन, हमने इसे स्वीकार किया। शिक्षा के क्षेत्र में रिफॉर्म का सिलसिला शुरू किया। पहले चरण में 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। मॉडल स्कूल बनाये जा रहे हैं। स्कूलों को संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है । इसका नतीजा कि आज सरकारी विद्यालयों में बच्चों को बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार कई योजनाएं चल रही है। हमारा प्रयास है कि बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। उनके पठन-पाठन का सारा खर्च सरकार वहन करेगी। आज बच्चों की प्राइमरी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक का खर्च सरकार दे रही है। इतना ही नहीं, यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक रेलवे जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी और इंजीनियरिंग मेडिकल और लॉ जैसे कोर्सेज करने का खर्च सरकार दे रही है। बच्चों से कहना है कि वे पढ़ लिख कर एक अच्छा मुकाम हासिल करें ।उनके मुकाम हासिल होने से झारखंड भी गौरवान्वित महसूस करेगा।

प्रतिभावान बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक तंगी बाधा नहीं बने, इसका सरकार ने संकल्प ले रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चाहे झारखंड बोर्ड हो या सीबीएसई अथवा आईसीएसई बोर्ड। इसके टॉपर्स को नगद राशि के साथ लैपटॉप सरकार दे रही है। इसके अलावा छात्रवृत्ति की राशि बढ़ा दी गई है । हमारी बच्चियों की पढ़ाई बाधित नहीं हो, इसके लिए सावित्रीबाई फुले सावित्री योजना चलाई जा रही है।

हर क्षेत्र को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए हो रहा काम : मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत अचरज की बात है कि देश का 42 प्रतिशत खनिज संसाधन झारखंड में उपलब्ध है । लेकिन, फिर भी यह देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। इतना ही नहीं प्रकृति ने झारखंड को धरा के अंदर और बाहर से सजाया- संवारा है। फिर भी यहां के लोग गरीब और पिछड़े हैं । आखिर ऐसा क्यों ? दरअसल झारखंड को शुरू से ही उपेक्षित करने का प्रयास किया जाता रहा , जिसका परिणाम यहां के आदिवासी और मूलवासी को भुगतना पड़ रहा है ।लेकिन, हमारी सरकार इससे निपटने की पूरी रणनीति तैयार कर आगे बढ़ रही है। उन चीजों को चिन्हित किया जा रहा है, जिस वजह से झारखंड आगे नहीं बढ़ सका। शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं । रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा को प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है । हमें पूरा विश्वास है कि वह दिन दूर नहीं जब झारखंड की पहचान एक विशेष राज्य के रूप में पूरे देश -दुनिया में होगी।

राज्य में तेजी से हो रहा विकास : ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में ऐसे कई कार्य हो रहे हैं , जो झारखंड को मजबूती प्रदान कर रहा है । यहां लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान के साथ विकास को गति मिल रही है। युवाओं को आगे ले जाने का प्रयास जारी है। वहीं, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि समाज और राज्य के आगे बढ़ने की बुनियाद है- शिक्षा। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार शिक्षा की बेहतरी के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल बनाए जा रहे हैं। यहां के गरीब विद्यार्थी भी विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके, इसके लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है । मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर सभी प्रमंडल मुख्यालयों में भी एक विद्यालय खोले जाने की तैयारी चल रही है।

अगर आप स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं तो सरकार पूरा सहयोग करेगी : मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृति योजना कोई एक योजना मात्र नहीं है। यह इतिहास बनाने का एक मौका है। क्योंकि, जिन अंग्रेजों के खिलाफ हमारे पूर्वजों ने संघर्ष किया है, उन्हीं की धरती पर जाकर आप उच्च शिक्षा ग्रहण कर उनके साथ कंधे से कंधे मिलाकर काम करने जा रहे हैं। यह सब मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस योजना के साथ विद्यार्थियों को कोई शर्त नहीं रखी गई है। आप कहीं भी अपना कार्य करें। आप अगर अच्छा करेंगे तो उसी में झारखंड का भी नाम रोशन होगा। वहीं, आप इस राज्य की बेहतरी के लिए कार्य करना चाहते हैं। कोई स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं तो उसमें सरकार आपको पूरा सहयोग करेगी।

आप बेस्ट हैं, अपने पर भरोसा रखें : सुप्रिया चावला, हेड चेवनिंग स्कॉलरशिप, दिल्ली, ब्रिटिश हाई कमीशन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के विद्यार्थियों को यूनाइटेड किंगडम में उच्च शिक्षा ग्रहण करने में हमारी ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है ।उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप बेस्ट हैं । अपने पर विश्वास रखें । आप निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब होंगे। आप खुद में बदलाव लाए और दूसरों को में भी बदलाव लाने का कार्य करें। समारोह में अजिता मेनन, डिप्टी ब्रिटिश हाई कमीशन, कोलकाता भी शामिल हुईं।

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, चम्पाई सोरेन हफीजुल हसन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

विष्णु-प्रेम प्रकाश ...

बाद यह पूरी राशि मेसर्स जैमिनी इंटरप्राइजेज के खाते में ट्रांसफर किए गए। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि मेसर्स जैमिनी इंटरप्राइजेज प्रेम प्रकाश की ही छद्म कंपनी है। जिसके कारोबार का पूरा लाभ प्रेम प्रकाश उठाता है, वह इस कंपनी का लाभुक है। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि चेशायर होम रोड की डील का पूरा लाभ प्रेम प्रकाश को मिला। जबकि जमीन विष्णु अग्रवाल ने ली।

पुलिस व नक्सलियों के...

कुमार ओडिशा के क्योंझर जिले के आनंदपुर के रहने वाले थे। जवान का विवाह भी नहीं हुआ था। बताया जा रहा है कि नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान पुलिस जवानों की मुठभेड़ भाकपा माओवादी संगठन के सेंट्रल कमेटी एवं एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा दस्ते के साथ हुई। इसमें दो जवानों को गोली लगी। बैकअप टीम ने घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रांची भेजा। मुठभेड़ में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर की टीम शामिल थीं। मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली पीछे हट गये। एसपी आशुतोष कुमार ने बताया कि पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

नियुक्ति पत्र लेकर...

से की जाएगी। नियुक्ति पत्र लेने के बाद भी अस्पतालों में योगदान नहीं देने वाले डॉक्टरों पर कठोर कार्रवाई करने की बनीं योजना को लेकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि जो डॉक्टर्स अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विभाग वैसे डॉक्टरों की भी सूची बना रहा है, जो बिना बताएं वर्षों से सेवा से गायब हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लिबरल जरूर है, लेकिन हमें स्वास्थ्य व्यवस्था को भी सुचारू रूप से चलाना है। झारखंड आईएमए के प्रदेश महासचिव डॉ प्रदीप सिंह ने अस्पतालों में योगदान नहीं देने वाले डॉक्टरों पर सरकार की ओर से कठोर कार्रवाई की बन रही योजना की निंदा की है। डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि कठोर कार्रवाई की जगह सरकार और स्वास्थ्य महकमा यह चिंतन करें कि आखिर राज्य के युवा डॉक्टरों की सरकारी नौकरी में दिलचस्पी क्यों नहीं है। क्यों यहां का मेधावी और होनहार युवा डॉक्टर बिहार और दूसरे प्रदेश में जाकर नौकरी करता है, लेकिन राज्य में नहीं। डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि अगर इसी तरह की कार्रवाई का भय दिखाते रहें तो आनेवाले दिनों में यहां की सरकारी नौकरियों में डॉक्टर अप्लाई ही नहीं करेंगे।

विदेश

हवाई जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 53

एजेंसी। वाशिंगटन
माउई काउंटी ने बुधवार देर रात अपनी वेबसाइट पर अद्यतन मृत्यु दर की घोषणा करते हुए लिखा कि वर्तमान में मौतों पर कोई अन्य विवरण उपलब्ध नहीं है। इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि आग की वजह से 271 ढांचे क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए तथा दर्जनों लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि माउई की टीमें बुधवार को द्वीप पर कई स्थानों पर आग पर काबू पाने की कोशिश करती रहीं। तटरक्षक बल ने बताया कि उसने आग की लपटों और धुएं से बचने के लिए समुद्र में कूदे 14 लोगों को बचाया, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। अधिकारियों ने कहा कि आग की चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गये जिन्हें ओहू द्वीप पर स्ट्राब मेडिकल सेंटर की बर्न यूनिट में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि कम से कम 20 मरीजों को माउई मेमोरियल मेडिकल सेंटर ले जाया गया और एक अग्निशमन कर्मी को धुएं की वजह से सांस की समस्या होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। माउई काउंटी के महापौर रिचर्ड बिसेन जूनियर ने बुधवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके पास इस बात का विवरण नहीं है कि द्वीप पर छह मौतें कैसे और कहां हुईं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अभी तक आग लगने के तत्काल कारणों की जांच शुरू नहीं की है, लेकिन अधिकारियों ने शुष्क परिस्थितियों, कम आर्द्रता और तेज हवाओं को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बताया कि 2,100 से अधिक लोगों ने मंगलवार की रात निकासी केंद्रों में बिताई। आग की वजह से कई उड़ाने रद्द होने के बाद अन्य 2,000 यात्रियों ने काहुलुई हवाई अड्डे पर शरण ली। अधिकारी हजारों विस्थापित पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए होनोलूलू में हवाई कन्वेंशन सेंटर तैयार कर रहे थे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उन्होंने हरसंभव मदद का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि हवाई नेशनल गार्ड ने आग बुझाने और खोज एवं बचाव कार्यों के लिए चिनूक हेलीकॉप्टरों को तैनात किया हुआ है। बाइडन ने एक बयान में कहा, ₹मारी प्रार्थनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने घरों, व्यवसायों और समुदायों को नष्ट होते देखा है।

तबाही | **खत्म होती नौकरी, बंद होते कारोबार, आईसीयू में रियल एस्टेट**

कोविड के बाद बेपटरी हुई चीन की अर्थ-व्यवस्था : बाइडन

एजेंसी। वाशिंगटन
अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर भविष्यवाणी करते हुए कहा कि चाइना की इकोनॉमी एक चालू बम जैसी है, जिसमें कभी भी धमाका हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन की धीमी आर्थिक विकास दर का हवाला देकर ये बात कही। कोविड के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। चीन की अर्थव्यवस्था को हजार वोल्ट का झटका लगा है। गरीब देशों की मदद कर उसे अपने जाल में फंसाने वाले इस देश की हालत खस्ताहाल हो चुकी है। चीन की अर्थव्यवस्था अब डिफ्लेशन के दायरे में गिर गई है। देश का एक्सपोर्ट लगातार तीसरे महीने गिरा है। जुलाई में चीन की इकॉनमी डिफ्लेशन में चली गई है। चीन के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स में जुलाई में पिछले साल के मुकाबले 0.3 परसेंट की गिरावट रही। चीन की अर्थव्यवस्था में डिफ्लेशन का दौर शुरू हो गया है। ये स्थिति तब बनती है जब सामान के दाम लगातार घटने शुरू हो जाते हैं। आपके दिमाग में यही आएगा कि सामान के दाम कम होना तो अच्छी बात है, लेकिन ऐसा नहीं है, हर बात की एक सीमा है।, अर्थव्यवस्था को लेकर भी ऐसा ही है। जब सामानों की कीमत सामान्य तौर पर घटे-बढ़े तो ठीक है, इसका फायदा इकॉनमी को होता है, लेकिन अगर दाम बहुत तेजी से बढ़ने या घटने लगें तो किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को इसका नुकसान होता है। चीन में ऐसा ही कुछ हो रहा है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी चीन में जुलाई में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी उढक और प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स पीपीआइ में बड़ी गिरावट आई है। सीपीआई पिछले साल के मुकाबले 0.3 फीसदी तक गिर गया। वहीं पीपीआई यानी प्रोडक्शन प्राइस इंडेक्स एक साल पहले की तुलना में 4.4 प्रतिशत कम हो गया। आगे बढ़े इससे पहले आप सीपीआई औरपीपीआइको समझ लीजिए। सीपीआई मतलब कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स । यानी किसी सामान या सर्विस के लिए आप जो पैसे चुकाते हैं वो सीपीआई इंडेक्स बताता है। वहीं पीपीआई यानी प्रोडक्शन प्राइस इंडेक्स, जो फैक्ट्री से निकलते समय सामानों के दाम या फिर किसी सामान का फैक्ट्री रेट का डिटेल इस इंडेक्स बताता है। चीन के पीपीआई में गिरावट आई है, इसका मतलब फैक्ट्रियों के मुनाफे में कमी आई है। इसे थोड़ा और आसानी से समझते हैं। आमतौर पर फैक्ट्रियां अपना फायदा जोड़कर फैक्ट्री वाला रेट तय करती हैं। इसमें उनका मुनाफा भी जुड़ा रहता है। पीपीआई घटने का मतलब कंपनियों के फायदे में कटौती।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

डाक सेवा में ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण की जरुरत : राष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भारतीय डाक सेवा में ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि त्वरित संदेश और सोशल मीडिया के युग में डाक विभाग को प्रासंगिक बने रहने के लिए विकसित होना होगा। भारतीय डाक सेवा (2021 और 2022 बैच) के प्रोबेशनर्स ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों की भूमिका इस देश के लोगों की सेवा करने के इर्द-गिर्द घूमती है और इसलिए ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि त्वरित संदेश और सोशल मीडिया के युग में डाक विभाग को

प्रासंगिक बने रहने के लिए विकसित होना होगा। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि विभाग डिजिटल परिदृश्य के अनुकूल अपनी सेवाओं को सक्रिय रूप से आधुनिक बना रहा है। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तनकारी यात्रा में युवा परिवीक्षार्थियों के नवीन विचार अमूल्य होंगे।

उन्होंने कहा कि डाक विभाग, अपनी 160 साल की उल्लेखनीय यात्रा के साथ, हमारे राष्ट्र की सेवा के प्रतीक के रूप में खड़ा है। लगभग 1,60,000 डाकघरों का इसका व्यापक नेटवर्क इसे दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क बनाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक नेटवर्क एक एकीकृत सूत्र के रूप में कार्य करता है, जो हमारी संस्कृतियों और परंपराओं की विशाल शृंखला को एक साथ बांधता है।

राष्ट्रपति ने वित्तीय समावेशन में डाक विभाग की भूमिका की सराहना की। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि विभाग ने वित्तीय अंतर को पाटने और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने के लिए रणनीतिक पहल की है। उन्होंने कहा कि डाक विभाग ने सरकारी सब्सिडी, कल्याण भुगतान और पेंशन के वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि डाकघरों के माध्यम से धन के निर्बाध वितरण से बिचौलियों पर निर्भरता कम हुई है और रिसाव भी कम हुआ है।

NEWS इन ब्रीफ

प्रधानमंत्री आज सागर में विकास कार्यों की रखेंगे आधारशिला

सागर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मध्यप्रदेश के सागर में अपने प्रवास के दौरान संत रविदास स्मारक की आधारशिला रखने के साथ जिले को करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात देंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पीएम मोदी जिले के बड़तूमा में 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले संत शिरोमणि रविदास के भव्य मंदिर और स्मारक का भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा वे बीना स्थित भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के विस्तारीकरण योजना का भी शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी जिले में कुछ सड़क मार्ग निर्माण का भी भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रवास के पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

ऑस्ट्रेलिया के नवनियुक्त उच्चायुक्त पहुंचे भारत

नई दिल्ली। भारत में नव नियुक्त ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन यहां पहुंच गए हैं। ग्रीन बैरी ओफैरेल का स्थान लेंगे। वह हाल तक जर्मनी में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत थे। ऑस्ट्रेलिया के उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, (भारत में) नियुक्त ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन अपनी पत्नी प्रो. सुजैन मार्क्स के साथ भारत पहुंच गए हैं। मिशन ने फिलिप का भारत में स्वागत किया। ग्रीन सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका और केन्या में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त रह चुके हैं।

हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर लगाई रोक

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 12 अगस्त को निर्धारित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनावों पर शुक्रवार को रोक लगा दी। गौरतलब है कि भारतीय ओलंपिक महासंघ (आईओए) की देखरेख में चल रहे डब्ल्यूएफआई के चुनाव जून 2023 में होने थे, लेकिन पहलवानों के प्रदर्शन और कानूनी याचिकाओं के कारण चुनाव कई बार टल चुके हैं। डब्ल्यूएफआई के शासी निकाय के 15 पदों के लिये 30 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की गोल्ड मेडलिस्ट पहलवान अनिता श्योराण के बीच अध्यक्ष पद के लिये मुकाबला होना है।

बगोदरा-बावला हाइवे पर सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत, 10 अन्य घायल

एजेंसी। अहमदाबाद

अहमदाबाद के बावला-बगोदरा हाइवे पर भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 5 महिलाएं, 3 बालक और 2 पुरुष हैं। दुर्घटना में 10 अन्य लोग घायल हो गए। मालवाहक टेम्पो में सवार लोग चोटिला में माता चामुण्डा का दर्शन कर लौट रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही एम्बुलेंस, पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया है। अहमदाबाद से करीब 50 किलोमीटर की दूरी पर बावला-बगोदरा में सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे आ रहे मालवाहक टेम्पो ने जोरदार टक्कर मार दी। कपडवंज और बालासिनोर के 17 लोग मालवाहक टेम्पो में सवार होकर सुरेन्द्रनगर के चोटिला स्थित चामुण्डा माता के दर्शन के लिए गए थे। यहां दर्शन के बाद सभी लौट रहे थे। इसी दौरान बावला-बगोदरा के बीच मीठापुर पाटिया के पास सड़क किनारे पंचर ट्रक खड़ा था। इसी बीच पीछे से आ रहा मालवाहक टेम्पो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मालवाहक टेम्पो के परखच्चे उड़ गए और इसमें सवार 10 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कई एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं और घायलों को समीप के अस्पताल में ले जाया गया। फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया शुरू की है।

नदी में गिरी पुलिस जवानों की जीप, छह की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मानसून के कहर के बीच सड़क हादसे भी थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। चम्बा जिला के तीसा थाना क्षेत्र में पुलिस जवानों से भरी एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़कने के बाद सियोल नदी में जा गिरी। चम्बा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि हादसे का शिकार हुई बोलेरो शुक्रवार सुबह तीसा से बैरागढ़ की तरफ जा रही थी कि तरवाई नामक स्थान पर संतुलन खोने से नदी में जा गिरी। बोलेरो में हिमाचल की पुलिस बटालियन के नौ जवान और दो स्थानीय लोग सवार थे। हादसे का पता लगते ही तीसा पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया। बोलेरो के लुढ़कने पर कुछ लोग छिटक कर बाहर आने से बाल-बाल बच गए। हालांकि, वे गम्भीर रूप से चोटिल हुए हैं।

बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिया किया ढेर

एजेंसी। चंडीगढ़

बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर शुक्रवार को एक ऑपरेशन के तहत भारतीय सीमा में दाखिल हुए पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया। इस कार्रवाई के बाद बीएसएफ ने पाकिस्तानी रेंजरों को सूचित कर दिया है। बीएसएफ के जवान शुक्रवार की सुबह तरनतारन के सीमावर्ती गांव थेहकलां में गश्त पर थे। इसी दौरान कंटीली तार से पार से एक व्यक्ति ने भारतीय सीमा में दाखिल होने का प्रयास किया। बीएसएफ ने पाकिस्तानी नागरिक को कई बार चेताया, लेकिन वह आगे बढ़ता रहा। इसके बाद बीएसएफ ने फायरिंग करके उसे वहीं पर ढेर कर दिया। ढेर किए गए घुसपैठिए की शिनाख्त नहीं हो सकी है। बीएसएफ ने शव को अपने कब्जे में लेकर पाकिस्तानी रेंजरों को इस बारे में सूचित कर दिया है। पाकिस्तानी रेंजरों की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। एक दिन इंतजार के बाद पाकिस्तान के आला अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया जाएगा। इसके बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

संसद का मानसून सत्र समाप्त, कुल 23 विधेयक पारित

एजेंसी। नई दिल्ली

संसद का मानसूत्र सत्र आज समाप्त हो गया और दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। संसद ने इस सत्र में 23 विधेयकों को मंजूरी दी। मॉनसून सत्र की समाप्ति के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाता सम्मेलन में संसद में हुए कामकाज का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई से शुरू हुए सत्र के दौरान कुल 17 बैठकें हुई। कुल 23 विधेयकों को संसद ने मंजूरी दी। दोनों सदनों के विधायी कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मानसून सत्र में लोकसभा से 22 विधेयक पारित किए गए और 20 विधेयक सदन के विचार हेतु रखे गए। वहीं राज्य सभा से 25 विधेयक पारित किए गए और

पांच विधेयक सदन के विचार हेतु रखे गए। उन्होंने बताया कि तीन विधेयक गृह मंत्रालय से संबंधित थे जिन्हें स्थायी समिति के विचार हेतु भेजा गया। एक विधेयक राज्य सभा से वापस लिया गया। सदनों की कार्य उत्पादकता की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि लोक सभा में 45 प्रतिशत और राज्य सभा में 63 प्रतिशत कामकाज हुआ। विपक्ष की ओर से पेश अविश्वास प्रस्ताव पर रिकॉर्ड 20 घंटे चर्चा हुई। 60 से ज्यादा सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए प्रह्लाद जोशी ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे बार-बार के आग्रह और प्रयासों के बाद भी विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से विधेयकों की चर्चा में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने केवल दिल्ली सेवा विधेयक में भाग लिया। सरकार कभी नहीं चाहती थी कि कोई विधेयक बिना चर्चा के पारित हो। राज्यसभा में लगभग सभी विधेयकों पर चर्चा हुई। राहुल गांधी के लोकसभा में दिए वक्तव्य पर उन्होंने कहा कि उनके भाषण से भारत माता नहीं बल्कि असंसदीय शब्द निकाले गए। उनके बयानों से ऐसा लगता है कि उन्होंने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है। सहकारी समिति विधेयक, वन विधेयक, अनुसंधान विधेयक जैसे ऐतिहासिक विधेयक महत्वपूर्ण हैं लेकिन दुर्भाग्य से विपक्ष इन पर चर्चा से बचता रहा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने कभी नहीं सोचा था कि सरकार मणिपुर पर चर्चा के लिए सहमत होगी। प्रधानमंत्री और अमित शाह ने कहा था कि इस मुद्दे पर हम सभी को संवेदनशील होना चाहिए।

गैरकानूनी मुलाकात

अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो को शुक्रवार को जमानत दे दी, जिन्हें जेल में अपने पति के साथ कथित गैरकानूनी मुलाकात के लिए गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने निखत को यह कहते हुए राहत दी कि याचिकाकर्ता एक महिला है और एक साल के बच्चे की मां है। शीर्ष अदालत ने बानो को निचली अदालत से अनुमति लिए बिना कासगंज जेल में अपने पति अब्बास अंसारी से मिलने पर भी रोक लगा दी।

विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को अफ्रीकी देश नाइजर छोड़ने की दी सलाह

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने अफ्रीकी देश नाइजर में मौजूद भारतीय नागरिकों को यथाशीघ्र देश छोड़ने की सलाह जारी की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जिन भारतीय नागरिकों के लिए नाइजर में रहना बहुत आवश्यक न हो, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों को यह ध्यान रखना चाहिए कि नाइजर में हवाई अड्डे बंद हैं तथा उन्हें सड़क मार्ग से ही निकलना होगा। इस दौरान उन्हें सुरक्षा के प्रति पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। साथ ही नाइजर जाने की योजना बना रहे लोगों को भी स्थिति के सामान्य होने तक यात्रा पर नहीं जाना चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि नाइजर में इस समय करीब 250 भारतीय नागरिक हैं, उन्हें सलाह दी गई है कि अपना पंजीकरण भारतीय दूतावास में कराएं। उन्होंने कहा कि सरकार नाइजर के घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए है तथा भारतीय नागरिकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उल्लेखनीय है कि नाइजर में हाल में सैन्य तख्तापलट हुआ है तथा निर्वाचित राष्ट्रपति को नजरबंद रखा गया है। नाइजर के घटनाक्रम के संबंध में पश्चिम अफ्रीका के देशों के संगठन इकोवास ने अपदस्थ राष्ट्रपति और लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली के लिए सैन्य हस्तक्षेप की धमकी दी है। दूसरी ओर नाइजर के दो पड़ोसी देशों माली और बुर्किना फासो ने नाइजर की सैनिक सत्ता का समर्थन किया है तथा विदेशी सैन्य हस्तक्षेप का विरोध करने का ऐलान किया है।

वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक विकास सिन्हा का निधन

कोलकाता। पद्म पुरस्कार से सम्मानित परमाणु वैज्ञानिक विकास सिन्हा (78 वर्ष) का शुक्रवार सुबह कोलकाता के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को अस्पताल से मिंटो पार्क स्थित उनके आवास पर लाया जा रहा है, जहां अंतिम दर्शन के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। वर्ष 2010 में पद्म भूषण से सम्मानित विकास सिन्हा, विकास साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स में निदेशक के पद पर तैनात थे। उन्होंने "वेरिएबल एनर्जी साइक्लोट्रॉन सेंटर" के "होमी भाभा प्रोफेसर" का पद भी संभाला था। मुर्शिदाबाद के कांदी राजपरिवार में जन्मे सिन्हा को परमाणु अनुसंधान और विज्ञान संस्थानों के प्रशासक के रूप में देश-विदेश में सम्मान मिला।

रानी मुखर्जी ने दूसरी बार गर्भवती होने पर अपना बच्चा खोने का किया खुलासा

एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने एक इंटरव्यू में दूसरी बार गर्भवती होने पर अपना



बच्चा खोने का खुलासा किया है। उन्होंने अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से फैंस का दिल जीता है। उनकी फिल्में हिचकी, मदार्नी, मिसेज चटर्जी काफी चर्चा में रहीं। बेटी के जन्म के बाद रानी ने फिल्म इंडस्ट्री से ब्रेक ले लिया था। अब उन्होंने फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे से वापसी की। हाल ही में एक इंटरव्यू में रानी मुखर्जी ने कोरोना काल के दौरान अपने बुरे अनुभव के बारे में बताया है। उन्होंने कहा, मैं 2020 में पांच महीने की गर्भवती थी, लेकिन किसी वजह से मेरा गर्भपात हो गया। वह दौर मेरी जिंदगी का सबसे कठिन था। मैंने इस बारे में कभी किसी को नहीं बताया, क्योंकि बहुत से लोग सोचेंगे कि यह एक प्रमोशन स्टंट है। रानी ने आगे कहा, मैं बहुत मुश्किल वक्त से गुजर रही थी और मुझे मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे फिल्म ऑफर हुई थी। फिल्म की कहानी मेरे दिल के बहुत करीब थी।

रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' को मिला दर्शकों का रिस्पॉन्स

रजनीकांत की 'जेलर' गुरुवार को रिलीज हुई। फिल्म को पहले दिन सिनेमाघरों में जोरदार ओपनिंग मिली है। फिल्म की पहले दिन की कमाई सामने आ गई है। इस हिसाब से फिल्म ने भारत में पहले दिन 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, जेलर ने गुरुवार को पहले दिन 52 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसमें तमिलनाडु के 23 करोड़ रुपये, कर्नाटक के 11 करोड़ रुपये, केरल के 5 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के 10 करोड़ रुपये और अन्य राज्यों के 3 करोड़ रुपये शामिल हैं। फिल्म तमिलनाडु और केरल में 2023 की सबसे बड़ी ओपनिंग करने में कामयाब रही है।

खेसारीलाल की फिल्म 'लाडला-2' का फर्स्ट लुक आउट

भोजपुरी फिल्म लाडला-2 का फर्स्ट लुक आज रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में सुपर स्टार खेसारीलाल यादव मुख्य भूमिका में हैं, फिल्म के फर्स्ट लुक में खेसारीलाल यादव और माया यादव का एपीयरेन्स खास नजर आ रहा है। यह फिल्म लाडला का सीक्वल है, जो साल 2015 में रिलीज हुई थी। तब यह फिल्म ब्लॉक बस्टर रही थी और उससे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब इस सीक्वल फिल्म का ट्रेलर 14 अगस्त को इंटर 10 रंगीला और यशी फिल्म्स के ऑफिसियल यू-ट्यूब पर रिलीज होगा।

फिल्म के निर्माता अभय सिन्हा का कहना है कि फिल्म लाडला-2 में बेटे के प्रेम और वात्सल्य आधारित रिश्ते की अभिव्यक्ति होने वाली है। उन्होंने कहा कि यह बेजोड़ सामाजिक और पारिवारिक फिल्म है। इसका निर्माण हमने भव्यता के साथ किया है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म का पहला पार्ट सुपर डूपर हिट रहा था। इसलिए हमने फिल्म को इस तरह से बनाया है कि फिल्म लोगों को मनोरंजन करे और उन्हें फिल्म की यूनिक होने का एहसास हो। अभय सिन्हा ने कहा कि यशी फिल्म्स ने हमेशा भोजपुरी की प्रतिनिधि सिनेमा बनाने का प्रयास किया है, जिसे दर्शकों ने ना सिर्फ पसंद किया है, उन्होंने हमारी फिल्म को सर आंखों पर बिठा लिया। यह सिलसिला फिल्म लाडला-2 में भी जारी रहेगा।

मिशन रूस का लूना-25 मिशन चंद्रयान-3 से कई गुना महंगा है।

चंद्रयान-3 से कोई मुकाबला नहीं

एजेंसी। कोलकाता

एक तरफ भारत के अंतरिक्ष संस्थान इसरो की ओर से भेजे गए चंद्रयान-3 ने चांद की कक्षा में प्रवेश किया है, तब आज ही तड़के रूस ने भी चांद के लिए अपना लूना-25 मिशन लॉन्च कर दिया है। इसे बहुत ही शक्तिशाली सोयूज 2.1 रॉकेट से लॉन्च किया गया है, जो लूना 25 को धरती की कक्षा की परिक्रमा के बगैर सीधे चांद के ऑर्बिट में पहुंचाएगा। चंद्रयान-3 और रूस के लूना-25 को चांद के उसी दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करना है, जहां करोड़ों सालों से सूरज की रोशनी नहीं पहुंची है। हालांकि, दोनों के बीच लैंडिंग की दूरी करीब 120 किलोमीटर की होगी। दोनों के एक ही दिन चांद के सतह पर उतरने के दावे किए जा रहे हैं। एक तरफ

इसरो के पूर्व वैज्ञानिक ने बताया-रूस के लूना-25 के मुकाबले चांद पर पहले होगा लैंड चंद्रयान-3

भारत के चंद्रयान-3 को चांद पर पहुंचने में करीब 27 दिनों का वक्त लग रहा है, तो लूना-25 केवल 10 से 11 दिनों में चांद पर लैंड कर सकता है। ऐसे में चंद्रयान-3 और लूना-25 में से कौन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहले उतरेगा, इसे लेकर पूरी दुनिया में चर्चा छिड़ गई है। यह चांद का ऐसा हिस्सा है, जहां आज तक किसी भी देश का लेंडर नहीं पहुंच सका है। ऐसे में चंद्रयान-3 और लूना-25 की लैंडिंग निश्चित तौर पर एक दूसरे की प्रतिद्वंदिता के तौर पर भी देखी जा रही है।

इसरो के पूर्व वैज्ञानिक तपन मिश्रा कहते हैं कि रूस के चंद्रयान मिशन से हमारे चंद्रयान-3 का कोई मुकाबला ही नहीं है। इसे प्रतिद्वंदिता के तौर पर बिल्कुल नहीं देखा जाना चाहिए। एक तरफ रूस 60 के दशक से अंतरिक्ष अभियानों में अग्रणी है, तो भारत ने अभी शुरूआत ही की है। बहरहाल, भले ही लूना-25 को बहुत ही शक्तिशाली रॉकेट से लांच किया गया हो और इसे चंद्रयान-3 से पहले चांद पर पहुंचने का दावा किया जा रहा है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रयान-3 लूना-25 के मुकाबले अधिक महत्वाकांक्षी मिशन है। चंद्रयान-3 मिशन की उपलब्धियों के बारे में बिंदुवार बताते हुए तपन मिश्रा कहते हैं, भारत के इस महत्वाकांक्षी अभियान में केवल 615 करोड़ रुपये का खर्च हुए हैं, जो देश के अंदर एक छोटा सा फ्लाईओवर निर्माण के खर्च के बराबर है। इतनी कम राशि में हमारा मिशन चांद के उस हिस्से के लिए निकला है, जहां दुनिया का कोई देश आज तक नहीं पहुंचा। ऐसे में लूना-25 का चंद्रयान-3 से कोई मुकाबला ही नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि यह तेजी से दुनिया में आगे बढ़ रहे भारत के लिए गौरव का क्षण है जब चंद्रयान-3 तय समय से पहले चांद की सबसे निचली कक्षा में जा पहुंचा है। इसके वैज्ञानिक पहलू पर रुख स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि चांद की आखिरी कक्षा में जब चंद्रयान-3 को पहुंचना था, तो उसके काफी पहले उसके कक्ष की गणना कर इसरो के वैज्ञानिकों ने इंजन फायरिंग कर उसे पहुंचा दिया है।